www.navpradesh.com

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 5 | झारखंड 7 | झारखंड

रांची, शनिवार, 12 फरवरी 2022, माघ शुक्ल पक्ष एकादशी, विक्रम संवत - 2077 वर्ष-07 अंक-298 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपए रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं

आज बेबाक

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में 62 प्रतिशत से अधिक मतदान ने राजनीतिक पार्टियों में इस जनादेश को अपने अपने पक्ष में बताने की होड़ लग गई है। समाजवादी पार्टी ने तो पहले चरण की सभी 58 सीटें जीतने का दावा कर दिया है। टीपू की पार्टी ऐसा दावा तो करेगी ही क्योंकि उसने पहले ही 400 सीटें जीतने की भविष्यवाणी कर रखी है। भाजपा ने 50 सीटें जीतने का दम भरा है। अलबत्ता कांग्रेस और बसपा ने कोई दावा नहीं ठोका है। यह तो 10 मार्च को ही पता चलेगा कि ऊंट किस करवट बैठता है।

बालू माफियाओं की नजर गढ़वा और पलामू जिले की नदियों पर

यूपी से दिल्ली तक जा रहा यहां का बालू

संवाददाता

गढ़वा : बालू माफियाओं की नजर गढ़वा एवं पलामू जिले पर गड़ गई है। प्रशासन और खनन विभाग की चुप्पी के कारण बालू माफिया दिन रात नदी के बालू को चट करने में लगे हुये हैं।

बालू माफिया बालू लूटकर गढ़वा एवं पलामू को आर्थिक रूप से कमजोर करने एवं स्वयं मालामाल होने में लगे हुये हैं। बालू माफियाओं की सक्रियता बढ़ने से पर्यावरण पर संकट उत्पन्न होने के आसार हैं। बालू माफिया बालू लूटने में इतने अंधे हो गये हैं कि उन्हें नुकसान से कोई लेना देना नहीं है। बालू माफियाओं की करतूत के कारण आज गढ़वा और पलामू दोनों जिले एनजीटी के रडार पर हैं।

बालू के कारोबार में हुआ है बहुत बड़ा खेल

पलामू और गढ़वा जिले में बालू के काले कारोबार में बहुत बड़ा खेल हुआ है। यहां एनजीटी कानून के प्रावधानों की खूब धज्जियां उड़ायी गयी है। बरसात में फर्जी चालान बनाकर यहां बालू का अवैध खनन और ट्रकों पर ओवरलोडिंग कर बेरोकटोक दूसरे राज्यों में सप्लाई की जा गयी है। यहां से कमाई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बालू उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से लेकर दिल्ली तक भेजा जा रहा है। एनजीटी के प्रतिबंध को नजरअंदाज कर फर्जी चालान के माध्यम से प्रतिदिन बड़े बड़े ट्रकों द्वारा दिन रात सैकड़ों ट्रक बालू यूपी और अन्य दूसरे राज्यों में भेजा गया है। उस दौरान किसी अफसर की इतनी हिम्मत और हैसियत नहीं हुयी कि पूरी तरह कथित अवैध बालू लेकर यूपी जा रहे ट्रक को रोक सके। अलबत्ता स्थानीय लोगों के द्वारा ट्रैक्टर से अपने घर मकान निर्माण के लिये बालू ले जाने के दौरान धर पकड़ कर कागजी खानापूर्ति की गयी।

खुलेआम कानून की उड़ रही हैं धज्जियां

जानकारी के अनुसार पूरे बरसात भर बंगाल और धनबाद समेत दूसरे जिलों के नाम पर कथित फर्जी चालान निर्गत कर एनजीटी समेत तमाम खनन कानून की धज्जियां उड़ाते हुये गढ़वा जिले के विभिन्न बालू घाटों से बालू का अवैध खनन और ढुलाई हुई। फर्जी चालान के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक बालू यूपी जाने की खबरें प्रकाशित होती रहीं, लेकिन खनन अथवा प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंगा। इतनी बड़ी चोरी खनन विभाग, प्रशासन एवं बालू माफिया के कथित गठजोड़ के बिना संभव नहीं था। अवैध रोकने के लिए गठित टास्क फोर्स भी बेअसर और नख दंत विहीन साबित हुआ।

क्या था फर्जी चालान का माजरा

बालू घाट और डंपिंग प्वाइंट से बालू का उठाव व परिवहन के लिये ऑनलाईन चालान के माध्यम से किये जाने का प्रावधान है। ऑनलाईन सरकारी वेबसाईट से जो चालान निर्गत होता है और ट्रक से बालू लेकर जा रहे थे, उसमें काफी अंतर होता था। देखने से पता चलता था कि ऑरिजनल और डुप्लिकेट चालान में काफी अंतर है। डुप्लिकेट चालान पर झारखंड सरकार का लोगो, वॉटरमार्क, डेट और टाईम और सीरियल नंबर आदि में काफी भिन्नता रहती थी, जिसे एक सामान्य व्यक्ति देखकर अंतर स्पष्ट कर सकता था। एनजीटी कानून के तहत बरसात में बालू के खनन और ढुलाई पर रोक के बावजूद इतना बड़ा फर्जीवाड़ा कर राजस्व चोरी से जुड़ा मामला होने के कारण सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे एनजीटी तक पहुंचा दिया। एनजीटी ने मामले की जांच की। उसके बाद जिले में अवैध बालू उत्खनन के आरोप में कई दिनों से फरार बड़े व्यवसायी ब्रह्मदेव प्रसाद को पुलिस ने रांची से गिरफ्तार कर लिया है। ब्रह्मदेव प्रसाद पर नियमों को तोड़कर झारखंड की नदियों से बालू का उत्खनन एवं भंडारण करने का आरोप है। एनजीटी के निर्देश पर गढ़वा थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। सरकार द्वारा बालू उत्खनन पर रोक लगाने के बावजूद बिचौलिए एवं प्रशासन के कुछ लोगों की मिलीभगत से बालू का उत्खनन जारी था, जिसमें एक प्रमुख भागीदार ब्रह्मदेव प्रसाद भी बताया गया था। एनजीटी के पास इस मामले के पुख्ता सबूत हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में पत्रकार राणा अय्यूब पर कार्रवाइ

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में पत्रकार राणा अय्यूब की 1.77 करोड़ रुपए से अधिक की राशि कुर्क की है। आरोप है कि उन्होंने ऑनलाइन क्राउड फंडिंग प्लेटफॉर्म केटो के जरिए राहत कार्य के लिए जुटाए गए दान को निजी खर्चों के लिए इस्तेमाल किया गया। एजेंसी ने जांच के दौरान पाया कि अय्यूब न केवल राहत कार्य पर खर्च का दावा करने के लिए कुछ संस्थाओं के नाम पर फर्जी बिल तैयार किया है, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जुटाए गए फंड से 50 लाख रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट भी की है।

नक्सलियों ने किया इंजीनियर का अपहरण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों द्वारा एक इंजीनियर का अपहरण करने का मामला सामने आया है। घटना बेदरे थाना क्षेत्र की है। दरअसल, इंद्रावती नदी पर उच्च स्तर पुल का निर्माण चल रहा है। जिसमें निजी कंट्रक्शन कंपनी का एक इंजीनियर काम करा रहा था। तभी नदी पार से अचानक हथियारबंद नक्सली आ धमके और इंजीनियर को अगवा कर ले गए।

लोहरदगा के बुलबुल जंगल में शाम में मुठभेड़, अगले दिन सुबह आईईडी ब्लास्ट

कोबरा बटालियन के दो जवान घायल

नक्सली रवींद्र गंझू की तलाश में गयी थी टीम, घायलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया रांची

लोहरदगा/रांची। जिले में आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के कोबरा 203 बटालियन के दो जवान दिलीप कुमार और नारायण दास घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे लोहरदगा के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार के बुलबुल जंगल में घटी। पुलिस यहां सर्च अभियान चला रही थी। इस दौरान आईईडी ब्लास्ट हो गया। इसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ कोबरा 203 बटालियन के दो जवान घायल हो गये। इसकी सूचना नक्सलियों की तलाश में पहुंचे सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के अन्य जवानों के द्वारा विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दी गयी, जिसके बाद रांची मुख्यालय से दोनों जवान के बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों की विशेष टीम चॉपर के माध्यम से पेशरार पहुंची और दोनों जवानों को एअरलिफ्ट कर रांची के लिए रवाना हो गयी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर और 15 लाख का इनामी रविंद्र गंझू का हथियारबंद दस्ता उक्त जंगल में है। इसके बाद पुलिस के वरीय पदाधिकारी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन की टीम वहां पहुंची थी। टीम ने जैसे ही सर्च अभियान शुरू किया, उसके थोड़ी ही देर बाद अचानक से ब्लास्ट हो गया, जिसमें 2 जवान घायल हो गए उसके बाद अन्य जवानों ने मोर्चा संभाल लिया। ब्लास्ट जिस क्षेत्र में हुआ वो इलाका पेशरार से 20 किलोमीटर और बुलबुल गांव से दो किलोमीटर घने जंगल में है। इसी क्षेत्र में गुरुवार की शाम पुलिस और भाकपा माओवादी संगठन के बीच मुठभेड़ हुई थी। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे थे।

40-50 नक्सलियों की जमा होने की सूचना थी

पुलिस मुख्यालय के अनुसार लोहरदगा जिले के घोर नक्सल प्रभावित पेशरार थाना अंतर्गत बुलबुल जंगल में माओवादी रविंद्र गंझू, रंथु उरांव, छोटू खरवार, लाजीम अंसारी सहित 40-50 नक्सलियों के जमा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। उसके बाद सीआरपीएफ का कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस के संयुक्त बलों के द्वारा अभियान चलाया गया था। गुरुवार को नक्सलियों व पुलिस बलों में मुठभेड़ हुई थी, जिसमें कुछ नक्सलियों के गोली लगने व घायल होने की सूचना है। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की तरफ भाग निकले।घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में डेटोनेटर, दवाईंया, नक्सली पर्चा और दैनिक वस्तुएं बरामद की है।

नक्सलियों के बंकर को किया गया ध्वस्त

नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त बलों द्वारा जारी अभियान के दौरान शुक्रवार को बुलबुल इलाके में नक्सलियों के एक बंकर को ध्वस्त किया गया। बंकर से नक्सलियों को खाने-पीने का काफी मात्रा में सामान,नक्सली पर्चा और रोजमर्रा में उपयोग लाये जानेवाले अन्य काफी सामान बरामद किया गया है। पुलिस की छापामारी अभियान लगातार जारी है।

... पुलिस के दबाव में भाग-दौड़ रहा रवीन्द्र गंझू

लातेहार, लोहरदगा व गुमला पुलिस की नजर

विवेक राज

रांची। लातेहार, गुमला और लोहरदगा जिले में आतंक का पर्याय बन चुके भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर व 15 लाख का इनामी रवीन्द्र गंझू पर झारखंड पुलिस लगातार अपना दबिश बनाये हुए है। पुलिस एक तरफ जहां रवीन्द्र गंझू के सहयोगियों को दबोच रही है तो वहीं दूसरी तरफ तीनों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार सर्च अभियान चला रही है।

सूत्र बताते हैं कि एटीएस द्वारा माओवादी रवीन्द्र गंझू के लिये गोलियों की खरीद -फरोख्त करनेवाले फजेल आलम उर्फ फैजल और मंगल गोस्वामी उर्फ बचधरवा के पकड़े जाने के बाद रवीन्द्र गंझू काफी दबाव में आ चुका है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में आने के बाद वह पुलिस से बचने के लिये जंगल के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर जाता है।

झारखंड पुलिस के लिये भाकपा माओवादी रवीन्द्र गंझू एक चुनौती बना हुआ है। हाल के दिनों में कई बार पुलिस की मुठभेड़ रवीन्द्र गंझू के दस्ते के साथ हुई है लेकिन हर बार वह सकुशल भाग निकलने में सफल हो जा रहा है। गुरुवार को भी पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि बुलबुल क्षेत्र में 15 लाख का इनामी नक्सली रविंद्र गंझू, रंथु उरांव, छोटू खरवार, लाजीम अंसारी सहित 40 से 50 नक्सलियों के साथ मौजूद है, जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें जंगल के रास्ते सकुशल भाग निकला। पुलिस के आला अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि नक्सली रविंद्र गंझू आत्मसमर्पण करे, नहीं तो पुलिस की गोली खाने को रहे तैयार।

गरमा-गरम

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला: कोर्ट ने कहा

सूचना देने में देरी पर बीमा कंपनी दावे को अस्वीकार नहीं कर सकती

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा है कि बीमा कंपनी सिर्फ इस आधार पर दावे को खारिज नहीं कर सकती है कि वाहन की चोरी के बारे में उसे सूचित करने में देरी हुई थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने यह कहते राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के एक आदेश को दरकिनार कर दिया। आयोग ने ट्रक की चोरी के संबंध में जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड को बीमा राशि का भुगतान करने के राज्य उपभोक्ता फोरम के निर्देश के खिलाफ ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की याचिका को स्वीकार कर लिया था।

शीर्ष अदालत ने कहा है कि आयोग का आदेश 'गलत' था। अदालत ने कहा है 'जब शिकायतकर्ता ने चोरी के तुरंत बाद प्राथमिकी दर्ज की और जब पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया और संबंधित न्यायालय के समक्ष चालान भी दायर किया और जब बीमाधारक का दावा सही नहीं पाया गया तो बीमा कंपनी यह नहीं कह सकती थी की चोरी के बारे में सूचित करने में देरी हुई थी, इसलिए दावा नहीं बनता।

मौजूदा मामले में बीमा कंपनी ने यह कहते हुए दावा देने से पल्ला झाड़ लिया था कि इसमें पॉलिसी की शर्त नंबर-एक का उल्लंघन गया था। इस शर्त के अनुसार बीमाकर्ता को आकस्मिक नुकसान या क्षति के लिए तत्काल नोटिस देना होता है। लेकिन उसने पांच महीने के बाद चोरी के बारे में बीमा कंपनी सूचित किया था।

जिला उपभोक्ता फोरम ने शिकायतकर्ता को 10 हजार रुपए मुवावजे के साथ बीमा राशि देने का आदेश दिया था। इसके अलावा वाद खर्च के तौर पर पांच हजार रुपए भी देने के लिए भी कहा था। जिला उपभोक्ता आयोग ने आदेश को बीमा कंपनी ने राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में चुनौती दी थी।

विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के 2 बच्चों की मौत

गढ़वा। गढ़वा जिले के नगरउंटारी थाना क्षेत्र के मर्चवार गांव में फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई और दो बच्चे गंभीर हो गये हैं। ये चारों बच्चे सुबह में बासी सब्जी चावल खाये थे। इसके अलावे तिल के लाई खाने की भी बात बतायी जा रही है। खाते ही सभी बच्चे जब लगातार उल्टी करने लगे, तो सभी को नगरउंटारी अनुमंडलीय अस्पताल में सभी को भर्ती किया गया। यहां से दो बच्चे को काफी गंभीर स्थिति में देख तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां दोनों बच्चों की मौत हो गयी। शेष दो बच्चों का इलाज नगरउंटारी में ही चल रहा था, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें भी गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन: आरोग्य सेतु यूजर्स के लिए सरकार ने शुरू की सुविधा

एक जगह रख सकेंगे स्वास्थ्य रिकॉर्ड

नयी दिल्ली। आरोग्य सेतु ऐप का इस्तेमाल करने वाले लोगों को अब अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को एक जगह पर रखने की सुविधा मिलेगी। सरकार ने अब आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (अइळअ) से नागरिकों को जोड़ने के लिए यह नई सुविधा दी है। इसके तहत जो भी लोग आरोग्य सेतु पर पहले से रजिस्टर होंगे, वे ऐप से ही 14 अंकों का अनोखा आभा नंबर ले सकेंगे। वे इस अकाउंट नंबर के जरिए अपने पुराने और नए मेडिकल रिकॉर्ड्स को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट पर अपलोड कर सकेंगे।

केंद्र सरकार ने हाल ही में अपने नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन का नाम बदलकर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कर दिया था। इस कार्यक्रम को सभी नागरिकों तक डिजिटल स्वास्थ्य आईडी मुहैया कराने के मकसद से शुरू किया गया था। इस डिजिटल आईडी में स्वास्थ्य रिकॉर्ड की पूरी जानकारी मुहैया होगी।

गौरतलब है कि सरकार ने नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन योजना को 15 अगस्त 2020 को शुरू किया था। अब तक यह योजना पायलट आधार पर संचालित की जा रही थी। इस योजना के अंतर्गत एक लाख से अधिक स्वस्थ आईडी बन चुकी हैं।

इस अभियान के अंतर्गत सभी नागरिकों के हेल्थ रिकॉर्ड का एक डाटाबेस तैयार किया जाएगा। इस हेल्थ रिकॉर्ड को नागरिक जब चाहे जहां चाहे इस्तेमाल कर सकेगा। हेल्थ रिकॉर्ड में मरीज की चिकित्सा से संबंधित सभी जानकारी स्टोर की जाएगी जैसे कि परामर्श, टेस्ट की रिपोर्ट आदि।

क्या होगा मिशन का फायदा

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत नागरिकों को जो हेल्थ आईडी कार्ड मिलेगा, वमाध्यम से व्यक्तियों की पहचान करके उनको प्रमाणित करने में एवं उनके स्वास्थ्य रिपोर्ट को कई प्रणालियों एवं हित धारकों तक पहुंचाया जाएगा। यह आईडी बनाने के लिए नागरिकों के कुछ बुनियादी विवरण एकत्रित किए जाएंगे।

रेलवे पिछले महीने हुए बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस हादसे में रेलवे का बड़ा खुलासा, बड़ी लापरवाही सामने आयी

बिना जांच के 18000 किमी दौड़ चुकी थी ट्रेन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में पिछले महीने हुए ट्रेन हादसे में रेलवे अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, 13 जनवरी को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस घटना में नौ लोगों की मौत हुई थी। वहीं, कई और घायल भी हुए थे। अब लगभग एक महीने बाद उस हादसे की जांच रिपोर्ट सामने आई है। इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस हादसे का शिकार होने से पहले करीब 18 हजार किलोमीटर का सफर ठीक तरह से जांच हुए बिना ही पूरा कर चुकी थी, जबकि आमतौर पर रेलवे की जिम्मेदारी होती है कि वह हर 4500 किमी पर ट्रेन के इंजन की जांच करे।

रेलवे सुरक्षा आयोग की ओर से पूर्वोत्तर फ्रंटियर रेलवे को लिखी चिट्ठी में रेल नेटवर्क की फर्जी जांच किए जाने के मुद्दे पर भी चेतावनी दी गई है। इसमें कहा गया है कि ट्रेन के इंजन की सुरक्षा जांच आखिरी बार छह दिसंबर 2021 को हुई थी। इसके बाद हादसा होने तक ट्रेन बिना जांच के 18 हजार किमी दौड़ चुकी थी।

चिट्ठी में कहा गया है कि जैसा कि जांच के नियम हैं, डब्लूएपी4 वर्ग के ट्रेन इंजनों की हर 4500 किमी पर जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए, लेकिन बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के इंजन के साथ ऐसा नहीं किया गया। गौरतलब है कि ट्रेन की सुरक्षा के लिहाज से ट्रेन के इंजन की जांच काफी अहम है। इसमें रेलवे के ट्रेन्ड अधिकारी इंजन के अंडरगियर से लेकर सभी सुरक्षा बारीकियों को परखते हैं, ताकि ट्रेन का सही से संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

जांच रिपोर्ट में फर्जी परीक्षणों को लेकर चिंता

रेलवे सुरक्षा आयोग की तरफ से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि ऐसी उम्मीद की जाती है कि रेलवे ने एक ऐसा सिस्टम निर्धारित किया है, जिससे सुरक्षा जांच समय-समय पर होती रहे। हालांकि, हादसे की जांच के दौरान जो दस्तावेज रखे गए, उनसे सामने आया है कि इंजन की जांच के लिए समस्तीपुर संभाग की तरफ से न्यू कूचबेहार और आगरा फोर्ट के बीच इलेक्ट्रिक इंजन आवंटित किए गए। लेकिन इन दोनों ही स्थानों पर यात्रा परीक्षण की कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। तो रेलवे के सामने एक बड़ा जांच का विषय यह भी है कि आखिर इस तरह फर्जी परीक्षण कैसे हो सकते हैं।

जमशेदपुर में सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार की मौत

संवाददाता

जमशेदपुर। चांडिल थाना इलाके के जायदा में शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में एक ही परिवार चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। बताया गया है कि कार चालक को झपकी आ गयी। इस वजह से कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।

बताया गया है कि दुर्घटना में कार सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इनमें दो ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।मृतकों में सुरेश करमाली और उनकी पत्नी रेणुका देवी हैं। एमजीएम में इलाज के दौरान मरने वालों में सुरेश करमाली का एक वर्षीय पौत्र एवं बड़ी पुत्री संध्या है। घायल पुत्री पुष्पा एवं कार चालक प्रवीण का इलाज चल रहा है। सभी टेल्को में रहने वाले रिश्तेदार के गृहप्रवेश में शामिल होने जमशेदपुर आ रहे थे।

अर्टिगा कार रामगढ़ से जमशेदपुर की ओर जा रही थी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग बचाव के लिए पहुंचे। साथ ही दुर्घटना की सूचना चांडिल थाना को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जमशेदपुर के महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

राज्य के हर जिले में मनरेगा से संबंधित शिकायतों का अब त्वरित होगा निष्पादन

19 जिलों में लोकपालों ने संभाला कामकाज

रांची। 2 फरवरी को जिला स्तर पर नवनियुक्त 19 जिलों के मनरेगा लोकपालों ने शुक्रवार को अपने कामकाज को संभालते हुए अपने आवंटित जिलों में योगदान दिया। बता दें कि मनरेगा लोकपालों को प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यक्रम ग्रामीण विकास संस्थान(सर्ड) संस्थान में को प्रशिक्षण भी दिया गया था।

ज्ञातव्य है कि लोकपाल का मुख्य कार्य राज्य/ प्रखंड/ पंचायत/ ग्राम स्तर पर मनरेगा अंतर्गत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों का मनरेगा प्रावधान के अनुरूप निष्पक्ष जांच कर त्वरित समाधान करना है, ताकि मनरेगा योजनाओं का सुचारु रुप से संचालित जवाबदेही का निर्धारण सुनिश्चित किया जा सके। लोकपाल का काम मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता लाना होता है। लोकपाल न सिर्फ योजनाओं की मॉनीटरिंग करते हैं, बल्कि इससे जुड़ी शिकायतों का भी समाधान करेंगे। राज्य में मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों में अक्सर गड़बड़ी की शिकायतें आती हैं। अब इन लोकपाल की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी होगी इन गड़बड़ियों को रोकने के लिए। विभाग अभी 19 जिलों के लिए लोकपाल का चयन किया है, शेष पांच जिलों का चयन बाद में किया जायेगा। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गयी है।

इन जिलों के लिए ये लोकपाल

नाम	जिला	नाम	जिला
कल्पना झा	देवघर	तापेश्वर कुमार	हजारीबाग
भूपेंद्र श्रीवास्तव	धनबाद	रेणु वर्मा	बोकारो
राजेंद्र प्रसाद साह	दुमका	तपेश्वर कुमार	हजारीबाग
पूनम कुमारी	गोड्डा	डॉ.सुदेश्वर प्रसाद सिंह	रामगढ़
सनत कु महतो	पूर्वी सिंहभूम	शमीम अख्तर	खूंटी
अरुणाभा कर,	प. सिंहभूम	विनोद कुमार प्रमाणिक	पाकुड़
सुशील कुमार तिवारी	गढ़वा	गोपी प्रसाद गुप्ता	साहेबगंज
संतोष कुमार पंडित	लातेहार	शंकर कुमार	पलामू
तमन्ना परवीन	गिरिडीह	पुष्पलता जायसवाल	रांची
धरनीधर प्रसाद सिन्हा	कोडरमा	पुष्पा कुमारी	सिमडेगा
रेणु वर्मा	बोकारो		

संक्षिप्त

एटीएस में होगी विधि सलाहकार की नियुक्ति

रांची। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में अनुबंध पर दो विधि सलाहकारों की नियुक्ति होगी। आपराधिक वादों के सशक्त अभियोजन के लिए दो विधि सलाहकारों की योग्यता विधि स्नातक आवश्यक है। इसके अलावा तीन वर्षो तक अधिवक्ता के रूप में व्यवसायरत होने के साथ न्यायालय से निबंधन होना चाहिए। साथ में कम्प्यूटर का अतिरिक्त ज्ञान भी आवश्यक है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च है। विधि सलाहकार को हर दिन एक हजार रुपये दिया जाएगा।

रिम्स में नौ कोविड पॉजिटिव मरीज

रांची। रांची के रिम्स अस्पताल में एक बार फिर कोविड पॉजिटिव के मरीजों की संख्या घटी है। हालांकि रांची सहित पूरे राज्य में कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। लेकिन पहले की अपेक्षा कम मरीज मिल रहे हैं। गुरुवार को रिम्स में कोविड पॉजिटिव के 10 मरीज थे। शुक्रवार को यह संख्या घटकर नौ हो गई। रिम्स के प्रवक्ता डॉ डीके सिन्हा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिम्स में नौ कोविड पॉजिटिव के मरीजों का इलाज चल रहा है।

वेंडर्स हाईकोर्ट में दायर करेंगे याचिका

रांची। मोरहाबादी के फुटपाथ वेंडर्स झारखंड हाईकोर्ट की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं। दुकानदारों ने हाईकोर्ट में रिट दायर करने का मन बनाया है। इसमें रांची नगर निगम पर आरोप लगाया गया है कि निगम ने पहले तो जगह दे दी। इसके बाद जब दुकान लगाने का समय आया तो मुकर गया है। उन्होंने कहा कि 15 दिनों से उनकी दुकानें बंद हैं। उन्हें आज भी उम्मीद थी कि दुकानें खुलेंगी लेकिन नगर निगम की ओर से कोई सुनवाई नहीं होने के कारण उन्होंने हाईकोर्ट में रिट दायर करने का मन बनाया।

कोर्ट का आदेश नहीं मानने पर हाइकोर्ट नाराज

रिम्स प्रशासन को फटकार

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रिम्स प्रशासन पर कोर्ट के आदेश को नजरअंदाज करने पर जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि रिम्स कोर्ट के आदेश की बार-बार अवहेलना कर रहा है, इसे क्या समझा जाए? क्या हाईकोर्ट रिम्स प्रशासन मनमानी करना चाहता है। हाईकोर्ट ने रिम्स में नियुक्ति को लेकर प्रबंधन पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि लगता है कि रिम्स प्रशासन को कोर्ट के आदेश की कोई चिंता ही नहीं है। रिम्स प्रशासन के इस रवैये को क्यों ना कोर्ट के आदेश की अवमानना माना जाए।

दरअसल, हाईकोर्ट का कहना है कि कोर्ट पिछले दो वर्षों से रिम्स में खाली पदों को भरने का आदेश दे रहा है लेकिन रिम्स प्रशासन पर कोर्ट के आदेश का कोई असर नहीं पड़ रहा है। कोर्ट ने इस बात पर भी कड़ी नाराजगी जताई कि जब राज्य ने साल 2015 में एक आदेश जारी कर कहा था कि रिम्स में नियुक्ति के लिए रोस्टर क्लियरेंस की जरूरत नहीं है, तो फिर बार बार रिम्स संबंधित मामला स्वास्थ्य विभाग को क्यों भेज रहा है।

जेपीएससी ने हाईकोर्ट से मांगी नयी पीटी रिजल्ट जारी करने की अनुमति

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को सातवीं जेपीएससी पीटी मामले में सुनवाई हुई। जेपीएससी की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र दायर कर सातवीं जेपीएससी पीटी की रिजल्ट निकालने की अनुमति मांगी गयी है। मामले में आरक्षण को आधार बनाकर हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। इस संबंध में अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बताया कि पूर्व में पीटी में आरक्षण के अनुसार गलत तरीके से रिजल्ट निकालने को ही आधार बनाकर कोर्ट में चुनौती दी गयी थी, जिसके बाद राज्य सरकार और जेपीएससी ने पीटी में आरक्षण को गलत माना था। इसके साथ ही 28 जनवरी से शुरू होने वाले सातवीं से दसवीं जेपीएससी मेंस की परीक्षा को रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट में सातवीं से दसवीं जेपीएससी पीटी परीक्षा में आरक्षण दिये जाने के प्रावधान को चुनौती दी गयी थी। इसके पीछे दलील दी गयी थी कि पीटी परीक्षा में 2021 नियमावली के तहत आरक्षण का प्रावधान नहीं है, ऐसे में आरक्षण लागू कर गलत तरीके से पीटी परीक्षा के रिजल्ट निकालने की बात कही गयी थी। हाईकोर्ट ने अपीलकर्ता के पक्ष को सही माना था, वहीं राज्य सरकार ने भी जांच के बाद अपनी गलती स्वीकार कर ली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने 3 सप्ताह में सातवीं से दसवीं जेपीएससी पीटी परीक्षा का संशोधित रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया था।

योगेंद्र साव मामले में सुनवाई 14 को

रांची। हजारीबाग के बड़कागांव चिरूडीह हत्याकांड से जुड़े मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक और उनकी पत्नी निर्मला देवी तथा पुत्र अंकित कुमार आरोपित है। मामले में बचाव पक्ष की ओर से आंशिक बहस हुई। बहस अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में हुई। अदालत ने अगली बहस के लिए 14 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि अदालत ने बचाव पक्ष की ओर से तय समय में गवाही पूरी नहीं कराने के कारण गुरुवार को गवाही बंद कर दी थी। शुक्रवार से इस मामले में बहस शुरू हुई।

परीक्षार्थियों ने जैक सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

रांची। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के परीक्षार्थियों ने रिजल्ट निकालने की मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने कहा है कि दो वर्ष का पाठ्यक्रम था, जिसकी परीक्षा हो जाने के तीन वर्ष बाद भी रिजल्ट का प्रकाशन नहीं किया गया है। इससे छात्रों को आगे की पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। साथ ही तीन महत्वपूर्ण वर्ष बर्बाद हो गए हैं। इससे परीक्षार्थियों में रोष है। कई प्रशिक्षु छात्र सीटेट की जनवरी 2021 में हुई परीक्षा में शामिल भी हुए और पास भी हो चुके हैं। ऐसे छात्र रिजल्ट नहीं निकलने से परेशान है। रिजल्ट के अभाव में ये छात्र अन्य राज्यों में शिक्षक नियुक्ति के लिए निकाले गए वैकेंसी में आवेदन नहीं कर सक रहे है। इसके अलावा टेट के लिए फार्म भी नहीं भर पा रहे है। इससे पीटीटी और डीईएलड पास लोग काफी परेशान है एवं मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहे है। इसलिए एक माह के अंदर प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण-2020 का वार्षिक रिजल्ट प्रकाशित किया जाये।

स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा के गढ़ में लगायी सेंध

रांची/उत्तराखंड। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर इन दिनों उत्तराखंड दौरे पर हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उत्तराखंड में अपने चुनावी प्रचार के तीसरे दिन गुप्ता ने भाजपा के कोर वोटर समझे जाने वाले भील कर्मचारी यूनियन में जबरदस्त सेंधमारी की है। यूनियन के कद्दावर नेता रामयश सिंह और उनके पूरे टीम का समर्थन कांग्रेस उम्मीदवार राजबीर सिंह को मिल गया है। बताया जाता है कि इस यूनियन का रानीपुर विधानसभा क्षेत्र में जबरदस्त पकड़ हैं और हार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं।

यूनियन नेता रामयश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को होटल रेडिशन में बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से बन्ना गुप्ता उपस्थित रहे। बन्ना गुप्ता ने उपस्थित यूनियन नेताओं को यकीन दिलाया कि राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद उन लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि देवों की भूमि पर भाजपाई भ्रष्टाचारियों ने कब्जा कर लिया है। अब वोट की चोट से ह्यभाजपा और भ्रष्टाचारह्ण, दोनों को हराने का मौका आया है। गुप्ता ने कांग्रेस की घोषणा पत्र को याद दिलाते हुए कहा कि हमारी सरकार फिर से इंदिरा अम्मा कैंटीन की शुरूआत करेगी। इन्दिरा अम्मा कैन्टीन शुरू होने से जहां आम लोगों को कम पैसों में पौष्टिक खाना मिलेगा, तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिलाओं को रोजगार भी मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से अब देवभूमि वंचित नहीं रहेगी।

36,428 जनजाति बहुल गांव एकीकृत विकास के लिए चिह्नित : अर्जुन मुंडा

रांची। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित आवास में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के इस वर्ष में हमारा संकल्प है कि जनजातीय समाज मूल धारा से जुड़कर विकासात्मक लक्ष्य प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को ध्यान में रखते हुए जनजातीय कार्य मंत्रालय एक लक्ष्य निर्धारित कर रहा है ताकि जनजातीय गांवों का सीधा विकास हो। नये उत्साह और नये लक्ष्य के साथ 36,428 जनजाति बहुल गांवों को एकीकृत विकास के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पोषण और रोजगार को ध्यान में रखकर आगामी योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। प्रधानमंत्री के विकास मंत्र को अपनाकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास को मूल मानकर हम लोग जनजातीय समाज के विकास की रणनीति तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श आदी ग्राम योजना हमारी एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें हम ट्राईफेड के माध्यम से सीधे जनजातीय गांवों में विकास का लक्ष्य पूरा करेंगे।

संसद भवन में जीतराम बेदिया की प्रतिमा लगाने की मांग

रांची। रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को लोकसभा में रांची के ओरमांझी के स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा लगाने की मांग शून्यकाल के दौरान की। सेठ ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में जीतराम बेदिया का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। रांची, रामगढ़ सहित आसपास के सैकड़ों गांव के ग्रामीणों को उन्होंने एकत्र किया, प्रशिक्षण दिया और अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी।

उनकी जीवनी बताते हुए सेठ ने कहा कि जीतराम बेदिया बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्ति थे, जो जितनी सुगमता से बांसुरी बजाते थे। उतनी ही सुगमता से गुलेल और तीर धनुष भी चलाते थे। बेदिया एक वैद्य भी थे, जो पहाड़ की जड़ी बूटियों से अपने गांव के आसपास के लोगों का उपचार करते थे। सांसद ने कहा कि अंग्रेजों को इस देश से भगाने में जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी आहुति दी, उनमें जीतराम बेदिया का नाम भी प्रमुख रूप से लिया जाता है। 23 अप्रैल, 1858 को अंग्रेजों की मद्रास बटालियन के मैकडोनाल्ड से संघर्ष के दौरान बेदिया सहित कई वीरों ने अपना बलिदान दिया लेकिन अब तक इनका नाम बलिदानियों की सूची में शामिल कर उसे मान्यता नहीं दी गई है। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी का चित्र या प्रतिमा संसद भवन में लगाई जाए।

सेवा नियमावली बनाने का निर्देश

रांची। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पदाधिकारियों को पारा शिक्षकों की तरह समग्र शिक्षा अभियान के तहत ही कार्यरत प्रखंड साधन सेवियों (बीआरपी) और संकुल साधन सेवियों (सीआरपी) के लिए भी सेवा शर्त नियमावली बनाने का निर्देश दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इसके साथ ही इनके भी मानदेय में वृद्धि की जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे दूसरे राज्यों में लागू नियमावलियों को मंगाकर अध्ययन करें। उन्होंने इसे लेकर पदाधिकारियों को फाइल भी बढ़ाने को कहा है। मंत्री ने शुक्रवार को बीआरपी, सीआरपी की मांगों और उनकी समस्याओं पर विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के पदाधिकारियों तथा बीआरपी-सीआरपी महासंघ के साथ बैठक के क्रम में यह निर्देश दिया है।

बैठक में मंत्री ने राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी से बीआरपी, सीआरपी की नियुक्ति, उन्हें वर्तमान में मिल रहे मानदेय तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्हें अगली बैठक में बीआरपी, सीआरपी से संबंधित सभी विस्तृत आंकड़े, अन्य राज्यों में बीआरपी, सीआरपी को दिए जा रहे मानदेय तथा अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री ने महासंघ के नेताओं को आश्वस्त किया कि बीआरपी, सीआरपी की भी सेवाशर्त नियमावली एवं मानदेय वृद्धि पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षकों के स्थायीकरण तथा नियमावली के वादे को राज्य सरकार ने पूरा किया। इसी तरह, बीआरपी, सीआरपी के बारे में भी सरकार उचित निर्णय लेगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य में लगभग 2600 बीआरपी और सीआरपी कार्यरत हैं। इस अवसर महासंघ की ओर से अध्यक्ष पंकज शुक्ला, उपाध्यक्ष विनय हलधर, महासचिव अमर खत्री आदि उपस्थित थे।

एक नजर

राज्यपाल से मिले जनजाति सुरक्षा मंच के सदस्य

रांची। राज्यपाल रमेश बैस से शुक्रवार को संदीप उरांव के नेतृत्व में जनजाति सुरक्षा मंच का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज भवन में भेंट कर झारखंड विधान सभा द्वारा पारित झारखंड भीड़ हिंसा एवं भीड़ लिंचिंग निवारण विधेयक-2021 पर रोक लगाने के संदर्भ में ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि झारखंड भीड़ हिंसा एवं भीड़ लिंचिंग निवारण विधेयक-2021 के अधिनयम में परिणत होने के पश्चात केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्मित अधिनियमों में प्राप्त विभिन्न अधिकार व संरक्षण से जनजाति समाज वंचित हो जायेंगे। अतः जनजातीय समाज के हितों के संरक्षक होने के नाते इस विधेयक पर रोक लगायी जाये।

राज्यपाल को समस्याओं से अवगत कराया

रांची। राज्यपाल रमेश बैस से शुक्रवार को रेशमा सिंह के नेतृत्व में एसोसिएशन फॉर एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव्स का प्रतिनिधिमंडल ने राज भवन में भेंट की एवं राज्य की महिलाओं की विभिन्न समस्याओं, बाल विवाह आदि सामाजिक कुरीति की जानकारी प्रदान करते हुए संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

हिजाब मां बहन की इज्जत : भारतीय एकता कमेटी

रांची। भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि हिजाब पर्दा हम सभी की मां बहनों की सबसे बड़ी इज्जत है। इसे घटिया राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। पर्दा मां बहनों की इज्जत है मान-सम्मान है। इसे बर्बाद मत होने दीजिए। गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने संयुक्त तौर पर कहा है कि इंसान को घटिया गिरा हुआ घिनौना राजनीति से बचना चाहिए। हिजाब का मामला एक घटिया गिरी हुई राजनीति की पहचान है। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि हिजाब से ज्यादा पर्दा हमने नवगछिया भीवपर काडहागोला बिहार के तरफ देखा जब आम केला लीची का काम किया करते थे। आज भी वहां की हिंदू मां बहनों का पैर भी नहीं दिखता है। लंबी घूंघट के साथ वहां की औरतों को देखा जाता है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों की इज्जत करें, सभी के मर्यादा का ख्याल रखें। सभी को खाने-पीने कपड़े पहनने और रहने की आजादी है।

असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई हो : संजय पोद्दार

रांची। श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार और मंत्री पप्पू वर्मा ने आज कहा कि हिजाब के आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से झारखंड को अशांत करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस पर अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जिस तरह गुरुवार को रांची के एक कॉलेज में कुछ छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया गया, यह कहीं न कहीं झारखंड में आपसी मतभेद पैदा कर माहौल खराब करने का प्रयास है। स्कूल, कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए एक ड्रेस कोड होता है, जिसका पालन सभी को करना चाहिए लेकिन कुछ राजनीति और कट्टरपंथी लोग इस ड्रेस कोड एवं कानून का पालन नहीं करके आम लोगों को भड़काना चाहते हैं, जो किसी के हित में नहीं है। यह देश संविधान से चलता है ना किसी के फरमान से।

पीसीबी ने डीवीसी के तीनों प्लांट को भेजा नोटिस

रांची। दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के तीनों प्लांट बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा और कोडरमा को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसकी वजह प्लांट से मानक से ज्यादा प्रदूषण फैलना है। नोटिस में कहा गया है कि डीवीसी के तीनों प्लांट की चिमनियों से जरूरत से ज्यादा धुआं निकलता है। ऐसे में आसपास के इलाके में वायु प्रदूषण काफी ज्यादा हो रहा है। बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि 15 दिनों के अंदर डीवीसी नोटिस का जवाब दे। अगर बोर्ड डीवीसी के जवाब से सहमत नहीं होगा, तो डीवीसी को जुर्माने के तौर पर बोर्ड को 3.30 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। इस संबंध में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन एके रस्तोगी ने बताया कि डीवीसी को शो-कॉज किया गया है। उनके एमीसन स्टैंडर्ड मानक से ज्यादा पाए जा रहे थे। डीवीसी अगर शो-कॉज के जवाब से बोर्ड को संतुष्ट नहीं करता है, तो उन्हें जुर्माने के तौर पर 3.30 करोड़ रुपये की राशि भुगतान करना होगा।

12 फरवरी को होगी एशियाई जल पक्षी गणना

रांची। खूंटी जिला के कर्रा में स्थित लतरातू डैम में झारखंड जैव विविधता पर्षद वेटलैंड इंटरनेशनल के सहयोग से एशियाई जल पक्षी गणना कार्य 12 फरवरी को कराया जाएगा। वहीं स्थानीय जैव विविधता प्रबंधन समितियों का शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री एल.ख्यांग्ते, प्रधान मुख्य वन सरक्षंक-सह-वन बल प्रधान श्री ए.के.रस्तोगी, प्रधान मुख्य वन सरक्षंक-सह-मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक श्री आशीष रावत, झारखंड जैव विविधता पर्षद के अध्यक्ष और उपायुक्त खूंटी के साथ अन्य वरीय वन एवं प्रशासनिक पदाधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:00 बजे जैव विविधता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्में एवं स्लाइड्स शो से की जाएगी। पक्षियों की गणना लतरातू डैम के वेटलैंड में पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:30 बजे तक होगी। इसके लिए अलग-अलग ग्रुप बनाकर पक्षियों की गणना की जाएगी। इस कार्यक्रम में लतरातू डैम के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चे, स्थानीय जैव विविधता प्रबंधन समितियों के सदस्य, पर्यावरण-संरक्षण में रुचि रखने वाले लोग, पक्षी विशेषज्ञ, जीव विविधता शिक्षा एवं इस संबंध में रुचि रखने वाले लोग सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त खूंटी जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा, एवं वनपाल प्रशिक्षण विद्यालय,महिलौंग (रांची) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे संपूर्ण राज्य के विभिन्न प्रमंडलों से आये लगभग 40 वनरक्षी एवं वरीय वन पदाधिकारीगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

गांव तक पहुंचा योजना का लाभ. सोलर सिंचाई का महिला किसानों को मिल रहा लाभ, बंजर भूमि तक पहुंची अविरल जलधार

किसानों को मिल रहा बहुफसली खेती का लाभ

रांची। सोलर पंप माउंटेड साइकिल इकाइयों से झारखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित हो रही है। खूंटी के कर्रा स्थित सांगोर गांव की बाहलेन अब आसानी से अपने खेतों तक पानी पहुंचा पा रही हैं। यहां की 33 महिलाएं उच्च मूल्य कृषि के तहत सब्जियों की खेती कर रही हैं। झारखण्ड में छोटे एवं सीमांत किसानों के खेतों तक सिंचाई की सुविधा पहुंचाने के मुश्किल कार्य को सोलर पंप माउंटेड साइकिल के जरिए आसान बनाया गया है। जिन खेतों तक साधारण पंप से पानी पहुंचाना मुश्किल होता था, आज जोहार परियोजना के माध्यम से उत्पादक समूह की महिलाएं

साईकिल आधारित सोलर पंप से छोटेझछोटे खेतों तक आसानी से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करा रही है। साईकिल आधारित सोलर पंप सिंचाई की ऐसी आधुनिक व्यवस्था है जिसकी मदद से किसान सोलर प्लेट और पंप को साइकिल की तरह अपने खेत और नजदीकी जलाशयों तक आसानी से ले जाते हैं। बाहलेन बताती हैं, इस सोलर पंप के माध्यम से किसान अपने-अपने खेतों की सिंचाई आसानी से कर पा रहे हैं। पहले पटवन के लिए डीजल पंप का उपयोग करना पड़ता था, जिससे खेती में लागत बढ़ जाती थी। साइकिल आधारित सोलर पंप की मदद से किसान दिन के सात घंटे का पटवन बिना किसी खर्च के कर पा रहे हैं।

किसानों को मिल रहा सीधा लाभ

राज्य के 988 उत्पादक समूहों को चलंत सोलर पंप एवं 650 सोलर लिफ्ट सिंचाई उपकरण उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से लगभग 19,650 किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। सोलर चलंत पंप गाँव और खेत के दुर्गम रास्तों पर भी ले जाया जा सकता है। इससे किसानों को रबी आदि की फसलों को सिंचित करने में मदद मिल रही है। आगामी 6 महीनों में कुल लिफ्ट इकाइयों की संख्या बढ़ा कर 1310 करने की योजना है। इसके एवज में 1200 इकाइयों का पंजीकरण व स्थल निरीक्षण कर अनुमोदित किया जा चुका है। वहीं आगामी 6 महीने में कुल सिंचित भूमि बढ़ा कर 20 हजार हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

जोहार परियोजना वरदान बन कर आया

खूंटी के मुरहू प्रखंड स्थित पंचघाघ जलप्रपात से सटे कोलोम्दा गांव के उत्पादक समूह की 46 महिला किसान अग्रणी किसान हैं, लेकिन खेती योग्य जमीन होते हुए भी उपज ज्यादा नहीं हो पाती थी। उत्पादक समूह की सदस्य राधिका देवी बताती हैं कि हम वर्षों से ही खेती-बाड़ी पर निर्भर रहे हैं। हम सभी पारंपरिक ढंग से खेती करते आ रहे हैं। सिंचाई की समस्या से बहुफसलीय खेती नहीं कर पा रहे थे। लेकिन, अक्टूबर 2020 में जोहार परियोजना हमारे लिए वरदान बन कर आयी। समुदाय आधारित लिफ्ट सिंचाई इकाई की शुरूआत की गई है, इस सिंचाई इकाई के जरिए बदलाव अब दिखने लगा है। लिफ्ट सिंचाई के आने से हम आसानी से तीन फसल ले पा रही हैं। इस तरह खेती में उत्पादकता बढ़ाने एवं किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी के लिए जोहार परियोजना मील का पत्थर साबित हो रहा है।

करीब 19650 किसानों को मिल रही सुविधा

जोहार परियोजना के तहत ग्रामीण महिलाओं की आय दोगुनी करने की दिशा मे कार्य किये जा रहे है, इसी कड़ी में उत्पादक समूह से जुड़ी महिला किसानों को उच्च मूल्य कृषि से भी जोड़ा जा रहा है, ताकि अच्छी उपज और बड़े बाजार व्यवस्था के जरिए उनकी आमदनी में वृद्धि हो सके। किसान पूरे साल खेती कर सके, इसके लिए परियोजना के तहत सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उत्पादक समूह से जुड़े किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर लिफ्ट सिंचाई उपलब्ध कराया गया है। राज्य भर में अब तक 650 इकाइयों को वाटर यूजर ग्रुप के माध्यम से सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। करीब 650 इकाइयों से कुल 8745 हेक्टेयर खेत में सिंचाई के लिए सालों भर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

'जोहार परियोजना अंतर्गत उत्पादक समूहों के जरिए महिलाओं का वाटर यूजर ग्रुप बनाकर पानी की कमी वाले इलाकों में सिंचाई की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। सोलर आधारित लिफ्ट सिंचाई इकाई एवं साइकिल माउंटेड सोलर पंप ग्रामीण महिलाओं के वाटर यूजर ग्रुप को उपलब्ध कराया गया है। राज्य के करीब 20 हजार किसान परिवारों को इस पहल के जरिए सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

नैन्सी सहाय
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जेएसएलपीएस

प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगाये जाने को लेकर बैठक, उपायुक्त ने कहा

यह फरमान नहीं आग्रह है निजता का नहीं होगा उल्लंघन

रांची। रांची में सभी प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर आज दिनांक 11 फरवरी 2021 को उपायुक्त छवि रंजन की अध्यक्षता में अहम बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सिटी एसपी, रांची अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता (नक्सल), जिला नजारत उप समाहर्ता, चेंबर ऑफ कॉमर्स झारखंड के प्रतिनिधि, विभिन्न पेट्रोल पंप संचालक एवं अन्य व्यवसायी उपस्थित थे।

बैठक में प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगाए जाने और उसके एक्सेस को रांची पुलिस के कंपोजिट कंट्रोल रूम के साथ साझा किए जाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने व्यवसायियों से भी उनकी राय भी ली।

यह फरमान नहीं, निवेदन है

बैठक के दौरान उपायुक्त छवि रंजन ने व्यवसायियों से कहा कि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगाए जाने और उसका एक्सेस पुलिस कंपोजिट कंट्रोल रूम से साझा किया जाना, जिला प्रशासन का निवेदन है, फरमान नहीं। बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए यह आवश्यक है। उपायुक्त ने व्यवसायियों से कहा कि बेहतर विधि-व्यवस्था के लिए आपका सहयोग अति आवश्यक है।

निजता का नहीं होगा उल्लंघन

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए व्यवसायियों द्वारा एक से ज्यादा कैमरे लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि व्यवसायी जिस कैमरा का एक्सेस कंपोजिट कंट्रोल रूम से साझा करने को लेकर कंफर्टेबल हैं, करें। प्रतिष्ठान के अंदर के कमरों के एक्सेस की आवश्यकता नहीं है। प्रतिष्ठानों की निजता का पूरी तरह ख्याल रखा जायेगा।

सीसीटीवी का एक्सेस देने के लिए 9431706139 पर करें कॉल

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि किसी तरह की आपराधिक घटना होने के बाद सीसीटीवी की मदद से मेजर ब्रेक थ्रू मिलता है। इसे देखते हुए उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों के मुख्य द्वार पर सड़क की ओर सीसीटीवी लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जो अपने प्रतिष्ठान के कैमरे का एक्सेस पुलिस कंपोजिट कंट्रोल रूम के साथ साझा करना चाहते हैं, वो सिटी डीएसपी को 9431706139 पर कॉल कर सकते हैं।

डीआईओ को ऐप डेवलप करने का निदेश

उपायुक्त ने कहा कि कहा कि जल्द ही जिला प्रशासन की ओर से एक ऐप डिवेलप किया जाएगा। जिसके माध्यम से जिन कमरों का एक्सेस दिया गया है, उसके क्रेडेंशियल में बदलाव होने पर कंपोजिट कंट्रोल रूम अपडेट हो जाएगा। उपायुक्त ने डीआईओ रांची को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है सिटी : एसपी

बैठक के दौरान प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने और इसका एक्सेस साझा करने को लेकर चर्चा करते हुए सिटी एसपी सौरभ ने कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और इससे समाज का भला होगा। उन्होंने कहा कि व्यवसायी सीसीटीवी लगाने को लेकर जब भी बैठक करें तो वह पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों को जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन और व्यवसायियों के सामूहिक प्रयास से अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाया जा सकता है।

चेंबर पुलिस-प्रशासन के साथ है - सचिव एफजेसीसीआई

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव राहुल मारु ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जो पहल की जा रही है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि चेंबर पुलिस-प्रशासन के साथ है। उन्होंने अन्य व्यवसायियों से भी प्रतिष्ठानों में कैमरा लगाने की अपील की। चेंबर सचिव ने कहा कि जो उनके डॉउट्स थे प्रशासन के द्वारा उन्हें दूर किया गया है और अपराध मुक्त शहर के परिकल्पना को पूरा करने में वे अपना भरपूर सहयोग देंगे। पेट्रोल पंप संचालकों ने भी आश्वस्त किया कि वे जल्द ही इस संबंध में बैठक कर निर्णय से प्रशासन को अवगत कराएंगे।

प्रधानमंत्री आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर जतायी नाराजगी

पंचायत सचिवों का वेतन स्थगित करने का आदेश

रांची। उप विकास आयुक्त विशाल सागर द्वारा तमाड़ प्रखंड का क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय अवस्थित सभागार में प्रखंड में क्रियान्वित विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों विशेषकर प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, कोविड टीकाकरण इत्यादि से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

पंचायत सचिवों का वेतन स्थगित करने का आदेश

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में धीमी गति पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित पंचायत सचिवों को कड़ी फटकार लगायी। पिछले 5 महीने से आवास पूर्ण करने की संख्या जिन पंचायतों में कम थी, साथ ही पंचायत सचिवों जिनका डिले आवास 100 से अधिक संख्या में लंबित है उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का आदेश डीडीसी ने दिया। उन्होंने कहा कि डिले आवास के संबंध में सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार जीआई सीट लगाकर लंबित आवास को पूर्ण करें।

लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश

उप विकास आयुक्त ने मनरेगा में सभी लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। आधार प्रविष्टि शत-प्रतिशत करने, एसटी/एससी मजदूर तथा महिला मजदूर की भागीदारी बढ़ाने का निर्देश उन्होंने दिया। साथ ही जियो टैग तथा एरिया ऑफिसर ऐप में अपेक्षित सुधार करने को भी उप विकास आयुक्त ने कहा। 15वें वित्त आयोग में विशेषकर बीपीडीपी योजना में प्रगति का निर्देश उप विकास आयुक्त द्वारा दिया गया।

ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाएं लें

इस दौरान उप विकास आयुक्त ने मरधान पंचायत का भ्रमण किया। उन्होंने यहां 15वें वित्त आयोग से निर्मित पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण का निरीक्षण किया। मरधान पंचायत में पूर्ण आवासों का निरीक्षण करते हुए उप विकास आयुक्त ने उपस्थित लाभुकों से पूछताछ भी की। उन्होंने आवास पूर्ण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। जारगो पंचायत में मनरेगा योजना से संबंधित नागेंद्र महतो के आम बागवानी, जगदीश महतो के सुकर शेड आदि का निरीक्षण उप विकास आयुक्त ने किया एवं निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाएं लें ताकि ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके।

धुर्वा थाना में महिला ने मचाया उत्पात

वरीय संवाददाता

रांची। धुर्वा थाना में शुक्रवार को एक महिला ने आधे घंटे तक जमकर हंगामा किया। इस दौरान महिला ने परिसर में रखी प्लास्टिक की कुर्सी तोड़ डाली। महिला के उत्पात से सभी पुलिसकर्मी चुपचाप खड़े थे। थाना में महिला पुलिसकर्मी के नही होने के कारण किसी को हिम्मत नही थी कि महिला को शांत करा सके। इस दौरान महिला ने थाना परिसर में अपने पति की पिटाई भी कर दी। घटना दोपहर बारह बजे के आसपास की है।

इस संबंध में धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि महिला सेक्टर टू की रहनेवाली थी। महिला मानसिक रुप से विक्षिप्त लग रही थी। महिला पुलिसकर्मी के साथ किसी तरह महिला को उसके सेक्टर-4 स्थित घर पहुंचाया गया। घर पहुंचने के बाद वहां भी वह जमकर हंगामा कि और हाथ में डंडा पकड़कर ससूर को घर के अंदर जाने नही दे रही थी। वहीं अपनी सगी बहन व परिवार वालों के साथ भी गाली गलौज करने लगी थी।

परिसर में रखी कुर्सी तोड़ी

पति की करने लगी पिटाई

मानसिक रूप से विक्षिप्त है महिला

पांच हजार रुपये रिश्वत लेते बीपीओ रंगेहाथ गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। एसीबी की टीम ने शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय, घाघरा (गुमला) के बीपीओ विपिन कुमार को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुये रंगेहाथ धर दबोचने में सफलता हासिल की है। गौरतलब है कि आरोपी बीपीओ के खिलाफ घाघरा के रुकीजामटोली गांव के रहनेवाले संतोष साहू ने एसीबी में लिखित शिकायत की थी कि उसे आंगनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य मिला था। उक्त परियोजना कि प्राक्कलित राशि 6 लाख 72 हजार 777 रुपये के भुगतान के लिये आरोपी बीपीओ विपिन कुमार के द्वारा पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई है। एसबी द्वारा परिवादी की शिकायत की जांच की गई थी,जिसमें मामला सत्य पाया गया था।

राज्य के नीति-निर्णयों में झारखंडी भावना और जनभागीदारी की अनदेखी हो रही : सुदेश

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य की नीति-निर्णयों में झारखंडी भावना और आम अवाम की भागीदारी को कोई जगह नहीं मिल रही। मानो सत्ता और सिस्टम झारखंड का मालिक बन बैठा है। जनादेश का हर मोड़ पर अपमान हो रहा और संसाधनों की चौतरफा लूट मची हुई है।

आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में सभी 24 जिलों के प्रभारी, प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष एवं सोशल मीडिया प्रभारी के साथ बैठक के दौरान उन्होंने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की चुनौतियां बढ़ गई है और राज्य के लोगों में हताशा निराशा के स्वर साफ सुनाई पड़ रहा हैं। यह बेहद अफसोस जनक है कि झारखंडी अपनी पहचान की तलाश में सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। ऐसे में झारखंड की संयोजन मानस के प्रति समर्पित आजसू पार्टी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें मजबूती से सरकार की नीति निर्णय के खिलाफ जनमत को गोलबंद करना होगा। झारखंडी भावना से जुड़ी हर आंदोलन की आवाज आजसू बनेगी। सवा दो साल में झामुमो कांग्रेस ने राज्य को जिस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है वह हमारे लिए चुप बैठने का नहीं है।

उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा स्थिति हमें चुप बैठने की इजाजत नहीं देता। सड़क से सदन तक हम आवाज उठाएंगे और हर जरूरी मुद्दे पर सरकार को रोकेंगे और टोकेंगे।

7 मार्च को विधानसभा घेराव

केंद्रीय अध्यक्ष ने भाषा एवं स्थानीय नीति को लेकर झारखंड में उपजे असंतोष और जनभावना के मद्देनजर सरकार के निर्णय के खिलाफ 7 मार्च को पार्टी के कार्यक्रम झारखंड विधानसभा घेराव को दमदार बनाने की वकालत की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बारी-बारी से चर्चा की तथा 10 से 15 फरवरी तक सभी विधायकों एवं सांसदों से मिलकर उपर्युक्त विषय पर उनके मंतव्य को एकत्रित करने निर्देश दिया।

जनता से सीधे जुड़ें

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता की हर समस्याओं पर नजर रखें तथा उन समस्याओं के निदान के लिए शासन और प्रशासन से निवेदन करें और एक निश्चित अवधि में उन समस्याओं का निदान नहीं हो पाए तो फिर आंदोलन करें।

जनसंग्रह-धनसंग्रह अभियान को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाएं

पार्टी प्रमुख ने 7 फरवरी से पूरे राज्य में शुरू किए गए जनसंग्रह-धनसंग्रह अभियान को और व्यापक बनाने तथा जन-जन तक पहुँचाने को लेकर को विस्तृत चर्चा की। साथ ही सात दिनों के अंदर सभी पदाधिकारियों को हर प्रखण्ड एवं पंचायत में जाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ने तथा इसे गति देने को कहा। यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा।

अनुषंगी इकाई के विस्तार को लेकर दिए निर्देश

बैठक के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से अनुषंगी इकाई का गठन एवं विस्तार करने और सक्रिय सदस्यों को जोड़ने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारियों के साथ की क्राइम मीटिंग

थाना में जींस व जैकेट पहनने वाले थानेदारों को लगी फटकार

क्राइम मीटिंग के दौरान बेहतर भूमिका निभाने वाले को किया गया सम्मानित

वरीय संवाददाता

रांची। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण इलाकों के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारियों के साथ क्राईम मिटिंग की गई। जिसमें विगत माह दिये गये निर्देशों की समीक्षा सभी थानेदारों से की गई। वहीं इसके साथ ही सभी को अपने अपने क्षेत्रों में अपराध पर नियंत्रण रखने का सख्त निर्देश दिया गया। जिसमें विगत एक वर्षो में जेल से निकले अपराधियों का सत्यापन, शराब व जुआ के अड्डो पर छापामारी करने के साथ ही चोरी घटनाओं की पर लगाम लगाने की निर्देश सभी थाना प्रभारियों को मिला है।

थाना में जींस व जैकेट पहनने वाले थानेदारों को लगी फटकार

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को क्राईम मिटिंग में वैसे थानेदारों को फटकार लगाते हुये सख्त चेतावनी दी है कि अपने थाना परिसर में वही वर्दी पहनकर रहें। ग्रामीण एसपी को शिकायत मिली थी कि कुछ थानेदार बिना वर्दी के अपने डीएसपी और इंस्पेक्टर के पास खड़े हो जाते है। वहीं थाना में आनेवाले आम लोग भी जींस पैंट व जैकेट पहने अपने क्षेत्र के थानेदारों को भी नही पहचान पाते है।

प्रतिदिन थानेदार अपने-अपने थाना में करेंगे बैठक

वहीं ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने क्राईम मिटिंग के दौरान सभी थानेदारों को सख्त निर्देश दिया है कि वह हर दिन सुबह साढ़े दस से 11 बजे के बीच अपने थाना के पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर कार्य की समीक्षा कर आगे की रणनीति तैयार करेंगे।

एक नजर

दो बैट्री चोर गिरफ्तार

रांची। बीआईटी ओपी की पुलिस ने बैट्री चोरी करने वाले दो चोरों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी की बैट्री बरामद की है। इस संबंध में बीआईटी ओपी प्रभारी विपुल ओझा ने बताया कि पुलिस ने दो युवक मिन्हाज अंसारी(गढ़ा टोली, सदर थाना) और इरफान अंसारी(मौलाना आजाद कॉलोनी,सदर थाना) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त जेनरेटर से बैट्री चोरी कर रहे थे। गौरतलब है कि बीआईटी में रहनेवाले कृष्णा उपाध्याय ने इंडियन ओवरसीज बैंक,विकास में भाड़े पर जेनरेटर लगाया है। दोनों आरोपियों ने रात करीब दो बजे जेनरेटर का गेट तोड़करऔर नेवरी रिंग रोड स्थित एयरटेल टावर का ताला तोड़कर बैट्री चोरी कर भाग रहे थे।

आवास बोर्ड की खाली जमीन पर कब्जा, प्राथमिकी दर्ज

रांची। अरगोड़ा थाना अंतर्गत हरमू स्थित सहजानंद चौक के समीप झारखंड राज्य आवास बोर्ड की खाली पड़ी जमीन पर अवैध रुप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। बोर्ड की खाली पड़ी जमीन पर सरना झंडा गाड़कर बांस बल्ली से जगह को कब्जा किया गया है। इस संबंध में आवास बोर्ड के कार्यपालक अभियंता ने आर्यन कच्छप के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में कार्यपालक अभियंता ने पुलिस को बताया है कि आर्यन कच्छप के द्वारा बोर्ड की खाली पड़ी जमीन पर घेराबंदी कर जबरन कब्जा किया जा रहा है। उक्त जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिये बोर्ड के कनीय अभियंता व प्रमंडलीय चौकीदार जब गये तो अतिक्रमणकारी व असमाजिक तत्वों के द्वारा गाली गलौज करते हुये जान मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

सरना झंडा गाड़कर बांस बल्ली से जगह को किया गया है कब्जा

कनीय अभियंता व प्रमंडलीय चौकीदार को अतिक्रमणकारियों ने दी धमकी

नक्सलियों के बंकर को किया गया ध्वस्त

रांची। नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त बलों द्वारा जारी अभियान के दौरान शुक्रवार को बुलबुल इलाके में नक्सलियों के एक बंकर को ध्वस्त किया गया। बंकर से नक्सलियों को खाने-पीने का काफी मात्रा में सामान,नक्सली पर्चा और रोजमर्रा में उपयोग लाये जानेवाले अन्य काफी सामान बरामद किया गया है। पुलिस की छापामारी अभियान लगातार जारी है।

छह एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया गया नष्ट

वरीय संवाददाता

रांची। रांची पुलिस लगातार जिले के सभी इलाकों में अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चल रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पिठौरिया थाना क्षेत्र के कतरिया बेड़ा में लगभग छह एकड़ में लगे अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया है। पिठौरिया थाना प्रभारी रविशंकर ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर लगातार अफीम तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अफीम की खेती को नष्ट किया जा रहा है। कतरिया बेड़ा में अफीम की खेती की सूचना मिलने पर टीम गठित कर खेती को नष्ट कर दी गयी। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को रांची के तमाड़ पुलिस ने डुमरा, करमदिरी और बेतिया गांव में लगभग आठ एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया था।

ट्रेलर के धक्के से स्कूटी सवार युवक की मौत

रांची। रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर इंडस्ट्रियल मोड लोहा गेट के पास ट्रेलर के धक्के से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर रात की है। धक्का लगने के बाद युवक स्कूटी सहित सड़क पर गिर गया। इसी दौरान ट्रेलर के बीच का चक्का युवक के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेश बेदिया के रूप में हुई है। वह सिकिदरी थाना क्षेत्र की हुंडरू फॉल के समीप स्थित ओबरा गांव का रहने वाला था। वह को करके आदर्श नगर में किराए के घर में रह रहा था। राम लखन सिंह यादव कॉलेज में स्नातक करने के साथ ही स्वीगी में पार्ट टाइम जॉब भी करता था। घटना की सूचना पर सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सबसे पहले मृतक को वहां से हटाकर अस्पताल भेजा । स्कूटी और ट्रेलर को जब्त कर लिया। घटना के बाद आक्रोशित लोग ट्रेलर को आग लगाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को हटाया। घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया। इसके बाद सड़क पर आवागमन शुरू कराया जा सका। वहीं दूसरी ओर घटना के संबंध में मृतक की दोस्त अरुण बेदिया ने बताया कि वह और राजेश कांटा टोली में दोस्त रतन लाल का बर्थडे पार्टी में शामिल होकर वापस कोकर लौट रहे थे। इसी क्रम में दुर्घटना घटी।

डॉ राजेंद्र कुमार हाजरा को चेन्नई में मिलेगी पीएचडी इन एक्यूपेंचर सांइस की उपाधि

वरीय संवाददाता रांची। एक्यूपंचर चिकित्सा जगत में झारखंड के विशेषज्ञ डॉ राजेंद्र कुमार हाजरा को रीढ़ के मरीजों को बिना सर्जरी के सफलतम उपचार करने पर यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के द्वारा 12 फरवरी को चेन्नई में एक भव्य समारोह में पीएचडी इन एक्यूपेंचर सांइस प्रदान किया जायेगा। इसके पूर्व भी इन्हें कई पुरुस्कार व अवार्ड मिल चुका है। इस संबंध में छात्र क्लब के शिव किशोर शर्मा ने बताया कि डॉ हाजरा के द्वारा कोरोना काल में कई मरीजों को इलाज किये हैं। किसी भारतीय को एक्यूपंचर चिकित्सक में यह पहला पीएचडी होगा।

जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 19/2021–22

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरहू में मातृ शिशु कुपोषण उपचार केन्द्र अस्पताल एवं दो अदद कर्मचारी आवास का निर्मान।	55,81,500.00	1,11,700.00	10,000.00	09 माह

नोट :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 14.02.2022 के अपराह्न 06:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 15.02.2022 से 17.02.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 18.02.2022 अपराह्न 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 19.02.2022 अपराह्न 01:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीय कृत द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 263721 District(21-22)D

रिम्स में दो बड़े सर्जरी को सफल बनाकर डॉक्टरों ने नया कीर्तिमान रचा

म्यूकर माइकोसिस संक्रमित मरीज को मिला जीवनदान

रांची। झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के डॉक्टरों ने जटिल से जटिल ऑपरेशन कर कई लोगों को जीवन दान दिया है। अब एक बार फिर रिम्स से एक अच्छी खबर आ रही है, जहां एक नहीं बल्कि दो-दो बड़े सर्जरी को सफल बनाकर डॉक्टरों ने नया कीर्तिमान रचा है।

पहला ऑपरेशन म्यूकर माइकोसिस से संक्रमित एक मरीज का है, जिसकी स्थिति काफी नाजुक थी. वहीं दूसरी ओपन हार्ट सर्जरी थी। रिम्स के ईएनटी विभाग ने मंगलवार को अस्पताल में भर्ती म्यूकर माइकोसिस से संक्रमित एक मरीज का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दान दिया।डॉक्टरों ने बताया मरीज की स्थिति काफी नाजुक थी, वह से बुरी तरह पीड़ित था। पहले वह जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में भर्ती था, जहां से डॉक्टरों ने मरीज की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया था। मरीज के मुंह और जबड़े के अंदर पूरी तरह से ब्लैक फंगस का इंफेक्शन फैल गया था।

डॉक्टर ने बताया कि मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स ने मल्टी डिसिप्लिनरी मेडिकल बोर्ड का गठन कर सभी जांच प्रक्रिया को पूर्ण किया और ईएनटी विभाग के चिकित्सकों ने ऑपरेशन को सफल बनाया। मरीज के इस जटिल ऑपरेशन को ईएनटी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जाहिद खान और उनकी टीम ने सफल बनाया। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में रखा गया है, जहां सुपरस्पेशलिटी आईसीयू के इंचार्ज डॉ. शिव प्रिये ने बताया कि मरीज की स्थिति फिलहाल समान्य है। महज 2 घंटे में ओपन हार्ट सर्जरीरू रिम्स के कार्डियक सर्जन राकेश चौधरी और उनकी टीम ने महज 2 घंटे में 28 वर्षीय महेंद्र की ओपन हार्ट सर्जरी की. दरअसल, धनबाद के रहने वाले महेंद्र पिछले कई दिनों से हृदय रोग से ग्रसित था। इलाज के लिए वह रिम्स के सुपर स्पेशलिटी विभाग में आया जहां पर सीटीवीएस डिपार्टमेंट के चिकित्सक डॉ. राकेश चौधरी ने उसका ऑपरेशन किया. डॉ. राकेश चौधरी ने बताया कि मरीज की स्थिति काफी गंभीर थी, वह कुछ दिन पहले ही दो बार कोरोना से संक्रमित हो चुका था, ऐसी स्थिति में उसका ऑक्सीजन लेवल भी काफी कम था।लेकिन रिम्स में उपलब्ध संसाधन और स्वास्थ्य कर्मचारियों के सहयोग से उसका ऑपरेशन सफल रहा।

मरीज महेंद्र बताते हैं कि झारखंड का रिम्स अस्पताल और उसमें कार्यरत चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी गरीब मरीजों के लिए भगवान हैं। अगर वह सही समय पर रिम्स अस्पताल नहीं पहुंचते तो शायद आज वह जीवित नहीं होते। रिम्स का सीटीवीएस विभाग अत्याधुनिक संसाधनों से लैस है साथ ही यहां पर देश के अनुभवी चिकित्सक मौजूद है। यही वजह है कि हृदय से ग्रसित गंभीर मरीजों को इसका सीधा लाभ मिल पा रहा है।

देवकमल अस्पताल में वेल फर्निस्ड कॉस्मेटिक सौन्दर्य केद्र का उद्घाटन कल

रांची : राजधानी रांची के लब्ध प्रतिष्ठित स्वास्थ्य केन्द्र देवकमल अस्पताल एवं शोध संस्था जल्द ही कृत्रिम सौन्दर्य केन्द्र प्रारंभ करने जारहा है। कॉस्मेटिक सौन्दर्य केन्द्र का उद्घाटन 13 फरवरी को होगा। यह केन्द्र बीडीएस प्रशिक्षित डॉ. शीतल की देख-रेख में संचालित होगा, जिन्हें इस क्षेत्र में 7 साल का अनुभव प्राप्त है। कॉस्मेटिक सौन्दर्य केन्द्र में बेहद अनुभवी चिकित्सक डॉ.आनंत सिंहा, डॉ.राजकुमार पाठक, डॉ. तन्मय प्रसाद आदि भी सेवा देने वाले हैं। देवकमल अस्पताल की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि अब प्रत्येक दिन कृत्रिम सौन्दर्य केन्द्र संचालि होगा। यह सुबह दस बजे से लेकर शाम को पांच बजकर तीस मिनट तक खुला रहेगा। यहां किसी को कोई परामर्श की जरूरत होगी तो वह भी दिया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने 13 व 14 फरवरी के लिए एक ऑफर निकाला है। इसे अस्पताल जानकर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

बता दें कि इस प्रकार की चिकित्सा का दायरा बढ़ता जा रहा है। हर कोई युवा और तंदुरुस्त दिखना चाहता है। देवकमल अस्पताल ने इसी को देखकर अपना यह विस्तार प्रारंभ किया है। इस दिशा में देवकमल और आगे बढ़ेगा। फिलहाल इस क्षेत्र के लिए जितने प्रकार के आधुनिकतम मशीन चाहिए वह सभी अस्पताल में लगाया गया है।

डॉ. एम सिब्गतुल्लाह ने अंजुमन अस्पताल में ट्यूमर से पीड़ित महिला का किया सफल ऑपरेशन

रांची। एमके एडवांस डेंटल क्लीनिक के निदेशक व शहर के प्रख्यात दंत रोग विशेषज्ञ/मैक्सीलोफैसियल सर्जन डॉ. एम सिब्गतुल्लाह ने राजधानी स्थित अंजुमन अस्पताल में ट्यूमर से पीड़ित महिला का सफल ऑपरेशन किया। डॉ. सिबगतुल्लाह ने बताया कि चतरा निवासी 41 वर्षीय महिला शाहिरा परवीन विगत तकरीबन 20 वर्षों से कान की बायीं ओर की ग्रंथि में विकसित ट्यूमर से परेशान रहा करती थी। जांच के बाद पता चला कि महिला कान की बांयी ओर की ग्रंथी में प्लियोमोरफिक एडिनोमा (बेनिग्न कैंसर ट्यूमर) से ग्रसित है। अंजुमन अस्पताल में एनेस्थेटिक्स और पारा मेडिकलकर्मियों की टीम के साथ डॉ सदफ, डॉ जैश, डॉ अनामिका,सिस्टर रीना, सिस्टर

बेबी, लिवा अहमद अन्य कर्मी के साथ उक्त महिला का सफल ऑपरेशन किया गया। महिला के कान की बाई ओर में विकसित ट्यूमर को निकाल दिया गया है। अब महिला पूरी तरह स्वस्थ है।

एक नजर

दीनदयाल जी हमारे राजनीतिक प्रेरणा और चिंतन के स्रोत : राजू चौधरी

रांची : स्वर्गीय पंडित दिनदयाल उपाध्या की पुण्यतिथि पर सुखदेव नगर मंडल अन्तर्गत बूथ संख्या 28, 29 एवं 30 पर उन्हे याद किया गया। इस मौके पर दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजू चौधरी ने कहा कि दीनदयाल जी हमारे राजनीतिक प्रेरणा और चिंतन के स्त्रोत हैं। चौधरी ने कहा कि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने तत्कालिन रेलवे स्टेशन मुगलसराय के आसपास उनकी हत्या कर दी थी और उनकी लाश को रेलवे के याड में फेंक दिया था। उन दिनों वे जरूर किसी के परिचित नहीं थे लेकिन आज उन्हें पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने भारतीय चिंतन को दुनिया के पटल पर रखा। जहां उनकी लश मिली थी उस स्टेशन का नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दीनदयाल स्टेशन रख दिया है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राकेश शर्मा, राजू चौधरी, मुरारी,सतीश शर्मा, तरुण जायसवाल, राहुल कुमार, शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

आज मनायी जायेगी जया एकादशी

रांची : 12 फरवरी शनिवार को माघ मास शुक्ल पक्ष की जया एकादशी व्रत का मान है। इस उपलक्ष्य पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में वैकुण्ठाधिपति श्रीश्रीनिवास के मुखोल्लास के अभिलाषा से होंगे अनुष्ठान ।प्रातः छः से सात बजे तक होंगे दैनिक पूजा-अनुष्ठान। तदन्तर आम भक्तों के दर्शन- पूजा के लिए मन्दिर का बाहरी कपाट खोल दिया जाएगा। यह जया नाम वाली एकादशी सब पापों को हरनेवाली उत्तम तिथि है। युधिष्ठिर के पूछने पर भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं- पवित्र होने के साथ ही पापों का नाश करनेवाली है तथा मनुष्यों को भोग और मोक्ष प्रदान करती है। वह ब्रह्महत्या जैसे पाप तथा पिशाचत्व का भी विनाश करनेवाली है। इसका व्रत करने पर मनुष्यों को कभी प्रेतयोनि में नहीं जाना पड़ता। इसलिये यत्नपूर्वक यह एकादशी का व्रत करना चाहिए। आदिकाल में श्रीनारद मुनि ने एक हजार वर्ष तक एकादशी का निर्जला व्रत करके श्रीमन्नारायण भगवान की भक्ति प्राप्त की थी। वैष्णवों के लिए यह सर्वश्रेष्ठ व्रत है। नियम पूर्वक जो कोई भी इस व्रत को करे और भगवान् श्रीमन्नारायण समेत श्रीलक्ष्मी जी की पूजा - अर्चना और आराधना करे तो फिर उसे वर्षभर के सभी प्रकार के व्रतों का फल प्राप्त हो जाता है। एकादशी के पूर्व तिथि दशमी में शुक्रवार को भगवान् श्रीहरि वैकटेश्वर, श्रीश्रीदेवी, भूमिदेवी और आयुधवर चक्रराज सुदर्शन समेत सभी प्रतिष्ठापित विग्रहों का दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल और डाभपानी से महाभिषेक हुआ। सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा एवं चक्रधार उपचार पूर्वक वेदोपनिषदादि के मंत्रोच्चारण पूर्वक महाभिषेक हुआ। फिर महाआरती, भोग और स्तोत्रमालाओं से स्तुति की गई। आज के महाभिषेक के यजमान : श्री राजेश - रेखा सुल्तानिया राँची निवासी हुए।

दीनदयाल की पुण्य तिथि पर बोले बाबूलाल

अंत्योदय को समर्पित है भाजपा

रांची : प्रदेश कार्यालय में आयोजित समर्पण दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा और भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकारें अंत्योदय को समर्पित है। उन्होंने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन अंत्योदय को भाजपा सरकार लगातार आगे बढ़ा रही है। भाजपा की सरकार गांव, गरीब,किसान, दलित शोषित, वंचित को समर्पित है। कार्यक्रमों की इसकी झलक योजनाओं में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि चाहे जनधन हो उज्जवला हो,या 80 करोड़ लोगों तक मुफ्त अनाज वितरण हो, गरीबों का इलाज हो, शौचालय निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास हो सभी में गरीबो केलिये समर्पण है। उन्होंने कहा कि समर्पण से ही सर्व स्पर्शी भाजपा बनी है।

एकात्म मानववाद में विश्व का कल्याण समाहित : दीपक

रांची : पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने साम्यवाद और पूंजीवाद के बीच एक नया चिंतन दिया, उस चिंतन को दुनिया एकात्म मानव दर्शन के नाम से जानती है। जिसमे सम्पूर्ण विश्व,पूरी मानवता,जड़ चेतन सबका कल्याण समाहित है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भाजपा के प्रेरणा पुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के चिंतन में अंत्योदय से सर्वोदय समाहित है।इन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में विश्व का कल्याण जन जन की सोच में है। भारतीय परंपरा में त्याग और समर्पण की पूजा होती है।उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति केलिय तन मन धन से समर्पित होकर कार्य करना ही समर्पण दिवस की सार्थकता है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद में समर्पण का भाव :धर्मपाल

रांची : भारत की हजारों साल पुरानी चिरंतन संस्कृति और परंपरा है,जिसे विकास की मुख्यधारा में समाहित करके ही भारत को विश्वगुरू बनाया जा सकता है। इसके लिये समर्पित भाव से कार्य करना ही समर्पण दिवस पर पंडित दीनदयाल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के असंख्य कार्यकर्ता इसी भाव से मां भारती की सेवा में सदैव तत्पर हैं। इसके पूर्व शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में समर्पण दिवस कार्यक्रम पर उपस्थित नेता एवं कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यकताओं ने पार्टी की परंपरा के अनुसार स्वेच्छा से क्षमता के अनुरूप राशि भी समर्पित किया।

बरही हिंसा के खिलाफ अभाविप का विरोध प्रदर्शन

रांची : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्,डीएसपीएमयू इकाई के द्वारा हजारीबाग जिले के बरही में हुए युवक की निर्मम हत्या के खिलाफ प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर अल्वर्ट एक्का चौक तक की रैली निकाली। चौक पर पहुंचने के बाद विद्यार्थियों की विरोध रैली सभा में बदल गयी और रुपेश पांडे को श्रद्धांजलि दी गयी।

सभी विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान रुपेश पांडे के हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़कर उसे उचित सजा देने की मांग कर रहे थे। दक्षिणपंथी छात्र संगठन के सदस्य हेमंत सरकार और प्रशासन के खिलाफ भी नारे लगा रहे थे। बता दें कि हजारीबाग जिले के बरही में सरस्वती पूजा के दौरान एक युवक की भीड़ के द्वारा हत्या कर दी गयी थी। इसे मॉब लिंचिग ही कहा जाना चाहिए। प्रदेश में मॉब लिंचिग कानून पारित होने के बाद विभिन्न समुदायों के आधे दर्जन से अधिक लोगों की हत्या हो चुकी है। दक्षिणपंथी छात्र संगठन के सदस्य इस बात के लिए भी सरकार की आलोचना कर रहे थे कि सरकार ने बिना बात के हजारीबाग और आसपास के जिलों में 4 दिनों तक के लिए इंटरनेट बंद कर दिया, जो मानवाधिकार का हनन है। छात्र यह कह रहे थे कि मॉब लिंचिंग के लिए कानून होने के बाद भी प्रदेश में मॉब लिंचिंग की घटनाएं नहीं रुक रही है, जो सरकार के होने पर ही प्रश्न खड़ा कर दिया है। विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। अगर देश में छात्र सरस्वती पूजा करता है तो क्या यह अपराध है। छात्रों ने सवाल पूछते हुए कहा कि आखिरकार छात्र रुपेश पांडे का अपराध क्या था? यह छात्रों के ऊपर हमला है और इस हमले से हम डरेंगे नहीं और डटकर सामना करेंगे। रुपेश पांडे को इन्साफ दिला कर रहेंगे। छात्रों ने कहा कि राज्य में मॉब लिंचिंग के विरुद्ध कानून होने के बाद भी अभीतक छात्र को इन्साफ नहीं मिल पाया है। इस विषय पर सरकार अपनी बंद आँखे खोले और निष्पक्षता से इसकी जांच कराए। मौके पर अभाविप के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रांची नगर निगम और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन करेगा काम

मोरहाबादी मैदान के दक्षिण किनारे के क्षेत्र में होगी प्लेस मेकिंग

रांची : देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और वैसे में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय अंतर्गत स्मार्ट सिटी मिशन भी देश के सभी स्मार्ट शहरों में 75 घंटे में प्लेस मेकिंग की योजना पर काम कर रहा है। इसी क्रम में रांची के मोरहाबादी मैदान के दक्षिणी छोर पर लगे पेड़ों के बीच पर्यावरण फ्रेंडली प्लेस मेकिंग आयोजित होगा।

इस जगह को बगैर कंक्रीट वर्क के और भी सुन्दर और हरा भरा बनाया जाएगा। यहां हर उम्र वर्ग के लोगों को बैठने के लिए वैस्ट मेटेरियल से कुर्सी और बेंच बनाए जाएंगे तथा पेड़ों के बीच सेंल्फी के लिए कुछ प्वाइंट्स डिजाइन किए जाएंगे। पेड़ों के बीच की जमीन और पेड़ों का भी रंग रोगन किया जाएगा। इसके साथ हीं बच्चों को खेलने के लिए बांस,प्लास्टिक के बोतल और पुराने टायर से खेल संसाधन विकसित किए जाएंगे। इसके साथ हीं पेड़ पर बैठनेंवाली चिड़ियों के लिए पानी का पात्र भी जगह जगह पर लगाया जाएगा। पूरे क्षेत्र में रंगीन लाइटिंग की भी योजना है।

क्या है प्लेस मेकिंग

शहर के बीचोबीच वैसे क्षेत्र जो अनयूज पड़े होते हैं वहां लोगों की गतिविधि को बढ़ाने और लोगों को एक नए प्लेस के रुप में विकल्प देना प्लेस मेकिंग कहलाता है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हैं पिछले साल 28 सितंबर 2021 से 5 अक्टूबर 2021 के बीच प्लेसमेकिंग मैराथन वन में राजभवन के पास डॉ जाकिर हुसैन पार्क का चयन कर रांची नगर निगम और रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन के द्वारा विकसित किया गया था अब प्लेसमेकिंग मैराथन 2 के तहत मोरहाबादी के दक्षिणी क्षेत्र में पेड़ पौधों के बीच अस्त-व्यस्त पड़े जगह को विकसित करने की योजना बनाई गई हैं।

पदाधिकारियों नें किया निरीक्षण

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत होनेवाले इस प्लेस मेकिंग को 15 फरवरी से पहले पूरा करना है जल्द नगर निगम और रांची स्मार्ट सिटी की ओर से एक तीथी तय किया जाएगा। शुक्रवार दिनांक 11 फरवरी 2022 को रांची नगर निगम और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के पदाधिकारियों नें चिन्हित जगह का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिया गया। इस टीम में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से जीएम टेक्निकल राकेश कुमार नंदक्योलियार, जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार,प्रबंधक किशन कुमार तो रांची नगर निगम की ओर से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी,सीएमएम मोनालिसा पाणी,सिटी मैनेजर प्रमय मंदेलवार,अफताब आलम,रुपेश कुमार मौजूद रहे। डब्लू आरआई की अरुणिमा और बीवीएलएफ के विशेषज्ञों के साथ साथ जोनल और वार्ड सुपरवाइजर भी मौजूद रहे।

प्लेस मेकिंग के दौरान होंगे कई कार्यक्रम

75 घंटे तक चलनेवाले प्लेस मेकिंग कार्यक्रम के दौरान कुछ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे जिसमें बच्चों से जुड़े कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जाएगी।

डब्लूआरआई और बीवीएलएफ दे रहे हैं तक्नीकी मदद

देश की मशहूर कंसल्टिंग एजेंसी वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट एंड बीवीएलएफ इस कार्य में नॉलेज पार्टनर की तर्ज पर तक्नीकि मदद दे रहा है । भारत सरकार के साथ एकरारनामा के तहत यही एजेंसी पूर्व में भी इस प्रकार के कार्य में सभी स्मार्ट सिटी में कार्यक्रम करा चुका है।

24 घंटे में कोरोना के 261 नये केस 400 लोगों ने दी कोरोना को मात

रांची। झारखंड में कोरोना अब काबू में आने लगा है। तीसरी लहर में जितनी तेजी से संक्रमण बढ़ा उतनी ही रफ्तार से यह गिर भी रहा है। अब रोज नए मरीजों के मिलने का आंकड़ा 300 से भी नीचे आ गया है। इस बीच राहत की बात है कि स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या संक्रमित मरीजों से ज्यादा हो रही है। शुक्रवार सुबह को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बताया गया कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से 400 लोग स्वस्थ हुए हैं। इसके विपरीत राज्य में कोरोना के 261 नए मरीज मिले हैं।

राज्य में कोरोना के सक्रिय दो हजार, 88 मामलों में सबसे अधिक 738 राजधानी रांची में हैं। इस जिले में अभी तक कुल एक लाख,12 हजार, 898 पॉजिटिव मरीज आए, जबकि इनमें से एक लाख, दस हजार, 554 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। राज्य में सबसे अधिक कोरोना के 99 नए केस पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)से मिले हैं । स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रांची से 35, बोकारो 55,चतरा से पांच, देवघर से 19, धनबाद से 12, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)से 99 , गढ़वा से एक, गिरिडीह से एक, गोड्डा से दो, गुमला से दो, जामताड़ा से एक ,खूंटी से चार, कोडरमा से दो, लातेहर से एक, लोहरदगा से पांच, पलामू से12, रामगढ़ से दो, सिमडेगा से एक और पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) से दो मरीज शामिल है।

राज्य में कुल कोरोना मरीजों की संख्या अब चार लाख, 32 हजार, 748 हो चुकी है। इस बीच कोरोना की जांच का सिलसिला जारी है। राज्य में कुल दो करोड़, तीन लाख, 39 हजार, 240 सैंपल की जांच की गयी है। इनमें से दो हजार, 88 सक्रिय केस मिले। कोरोना से चार लाख, 25 हजार, 346 मरीज ठीक हुए हैं। हालांकि राज्य में पांच हजार, 314 मरीजों की मौत कोरोना से हुई है। झारखंड में कोरोना का रिकवरी रेट 98.28 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है।

रूपेश के पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

भाजपा पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का करेगी सहयोग : रघुवर

बरही : रूपेश पांडेय हत्याकांड के बाद शुक्रवार को पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास हजारीबाग जिला के बरही अंतर्गत नईटांड गांव पहुंचे। रघुवर दास के गांव पहुंचते ही पीड़ित परिवार को न्याय दो, हत्यारे को फांसी दो के नारे लगने शुरू हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री सबसे पहले रूपेश पांडेय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए मृतक बालक की मां उर्मिला देवी से उनका हाल जानने पहुंचे। जहां उसकी मां के दर्द को देखकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भावुक हो गए। उन्होंने उनके घर की आर्थिक हालत को जाना। रूपेश की मां ने बताया कि उन्होंने हाल के दिनों में ही महिला मंडल से लोन लेकर मकान बनाया था। रूपेश ही उनका आखिरी सहारा था। पूर्व मुख्यमंत्री ने तत्काल उनकी पीड़ा को देखकर आश्वस्त किया कि भाजपा जिला कमिटी उन्हें तीन दिनों के अंदर पांच लाख रुपये आर्थिक रूप से

सहयोग करेगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को विश्वास दिलाया कि दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। मामले को लेकर वह राज्य के डीजीपी से भी वार्ता करेंगे और राज्यपाल से मुलाकात कर मामले से उन्हें अवगत कराएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि किसी विशेष वर्ग द्वारा एक होनहार नाबालिग बालक की निर्मम हत्या समस्त प्रदेश को शर्मसार किया है, इसकी जितना निंदा की जाए, वह कम है। जब से प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनी है, ऐसे जिहादी मानसिकता वाले लोगों का मनोबल बढ़ गया है, यही कारण है कि प्रदेश के गठबंधन की सरकार के 26 महीने के कार्यकाल में ऐसी दसवीं घटना है, जब किसी विशेष वर्ग ने एक वर्ग पर वार किया है। बरही के एक होनहार युवक को इस मोब्लिंचिंग घटना ने माता पिता के एकलौती चिराग को बुझा दिया है। इसी तरह कुछ दिनों पूर्व सिमडेगा में राष्ट्र विरोधी शक्तियों द्वारा मोब्लिंचिंग की घटना को अंजाम दिया था, यह घटना तब हो रही है जब प्रदेश सरकार द्वारा मोब्लिंचिंग के लिए एक अलग कानून बनायी है, जो सिद्ध करता है कि इस राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुंका है। कहा कि पूरे राज्य में अराजकता फैल गयी है, कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही रही है और राज्य विनाश की ओर चल पड़ा है। गरीब परिवार का एकलौता सहारा छीन गया है इसलिए सरकार पीड़ित परिवार को तत्काल 50 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा दे एवं दोषियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट निर्धारित कर डे पर डे मामले की सुनवाई करें एवं सभी दोषियों को अविलम्ब सजा दी जाए। कहा कि मामले में शामिल सभी 27 अपराधियो को पुलिस गिरफ्तार करे, प्रशासन क्षेत्र में भय का माहौल न बनाये। सूचना मिल रही है कि पीड़ित पक्ष के लोगो एवं न्याय की लड़ाई लड़ने वाले लोगो के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

बिना जांच के पुलिस प्रशासन किसी को बेवजह परेशान न करें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हमारी भी सरकार सफलता पूर्वक पांच वर्षों तक चली लेकिन इस बीच किसी जिहादी मानसिकता एवं राष्ट्र विरोधी शक्तियों को सर उठाने की हिम्मत नही हुई। इससे पूर्व जब तबरेज अंसारी की हत्या हुई थी तो कांग्रेस पार्टी के सभी नेता हत्या को मोब्लिंचिंग बताते हुए ट्वीट करते नही थकते थे, आज जब एक बहुसंख्यक की मोब्लिंचिंग कर हत्या की गयी है तो सभी लोग चुप है। कहा कि राज्य सरकार व शासन प्रशासन हमारे समाज की प्रतीक्षा न ले, भाजपा अपने समाज के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है। जनता के आवाज को दबाया न जाये और रूपेश पांडेय के हत्यारों को जल्द से जल्द सजा मिले, इस दिशा में पुलिस प्रशासन पहल करें।

अटल भवन में मनाया गया समर्पण दिवस

हजारीबाग : हजारीबाग सुक्रवार को अटल भवन के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 54 वीं पुण्यतिथि धूप, दीप, पुष्पांजलि, तस्वीर पर माल्यर्पण कर समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुई। दामोदर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक थे ' साल 1951 में उन्होंने भारतीय जनसंघ की नींव रखी थी 'प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि 11 फरवरी 1968 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया ' आज से भाजपा ने 11 फरवरी को दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि एकात्म मानववाद महान चिन्तक, संगठनकर्ता एवं अंत्योदय के सिद्धांत पर अपना संपूर्ण जीवन, गांव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित के उत्थान के लिए न्योछावर कर देने वाले हमारे प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

एक नजर

27 प्रतिशत आरक्षण से पूर्व पंचायत चुनाव होने पर पिछड़े जनप्रतिनिधि चुनाव का बहिष्कार करें : डॉ आरसी

हजारीबाग : झारखंड में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू होने के पूर्व चुनाव होने पर ओबीसी जनप्रतिनिधि पंचायत चुनाव का बहिष्कार करें, यह बाते कुशवाहा महासभा के केंद्रीय मुख्य सलाहकार डॉ आरसी मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। डॉ मेहता ने कहा की ओबीसी का आरक्षण लागू होने के बाद झारखंड में पंचायत चुनाव होने से 14प्रतिशत से बढ़कर 27 प्रतिशत ओबीसी जनप्रतिनिधियों में इजाफा होगा। केंद्र एवं झारखंड सरकार से निवेदन है कि झारखंड में ओबीसी लागू होने के बाद पंचायत का चुनाव हो। संपूर्ण देश में ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत है दुर्भाग्य है की झारखंड राज्य का निर्माण होने के बाद प्रथम मुख्यमंत्री माननीय बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में ओबीसी की आरक्षण 14 प्रतिशत कर तुगलकी फरमान जारी कर दिए।जिसके कारण आज तक पिछड़े वर्ग बाबूलाल मरांडी साहब से असंतुष्ट है उनके तुगलकी फरमान के कारण आज विद्वान होते हुए भी मरांडी साहब को कुतुब मीनार से छलांग लगाकर बीजेपी के गोद मे बैठना पड़ा है। 27 प्रतिशत आरक्षण के वगैर यदि झारखंड मे श्री मरांडी के मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर चुनाव होता है तो तुगलककी पार्टी को पिछड़े वर्ग मुंहतोड़ जवाब देगा। जिसे वर्तमान झारखंड सरकार को भी मंथन करने की जरूरत है। मननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन है की ओबीसी का अनदेखी ना करें। (1)

स्वावलंबी गांव बनौता व फुलवरिया पहुंचे डीसी

कोडरमा : कोडरमा जिले के चार गांव को चिन्हित करते हुए गांव को स्वावलंबी बनाने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिले के वरीय अधिकारियों के द्वारा गांव का निरंतर भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त आदित्य रंजन कोडरमा प्रखंड अंतर्गत स्वावलंबी गांव बनौता फुलवरिया पहुंचे। उपायुक्त श्री रंजन द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न कार्यों के द्वारा गांव को स्वावलंबी बनाने हेतु जागरूक किया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे गांव की परिकल्पना करना है, जहां गांव में पानी की कमी ना हो और ऐसा गांव बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गांव में ही योजनाओं का कार्य सफल तरीके से करें। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग व अन्य मौजूद थे।

झारखंड में भोजपुरी-मगही नाय चलतो : किशोरी

हजारीबाग : झारखंड सरकार ने भोजपुरी और मगही भाषा को क्षेत्रीय भाषा में शामिल किये जाने पर हजारीबाग के बिष्णुगढ़ प्रखंड में इसे लेकर रोड पर उतरे लोग। किया जोरदार विरोध । सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष व युवक हाथों में मशाल लिए सड़कों पर प्रदर्शन किया। झंडा, बैनर के साथ लोग लाठी, डंडा भी लिए थे। प्रदर्शनकारी झारखंड में भोजपुरी, मगही नाय चल देबो। 1932 के खतियान के लागू करे होतो। बिनोद बिहारी महतो अमर रहे। हेमंत सोरेन मुर्दाबाद की नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। आंदोलन में शामिल नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि झारखण्ड आंदोलन के बाद यहां के मूलवासियों के लिए ये मौका है कि भाषाई कुठाराघात के खिलाफ समाज एकजुट हो और विरोध के लिए एक साथ खड़ा हो साथ ही 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नियोजन नीति बनाने की मांग की।

भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ की हुई समाप्ति

मरकच्चो (कोडरमा) : प्रखंड मुख्यालय स्थित तेलोडीह पँचायत के ग्राम बिचरिया में भव्य भंडारे के साथ नौदिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुक्रवार को हुवा समापन। वहीं इस दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष टुपलाल राणा ने बताया की इस नौ दिवसीय महायज्ञ के दौरान दो जनवरी को कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत हुई इसके बीच प्रत्येक दिन पूरे बिधि बिधान से यज्ञाचार्य भीम शास्त्री बनारस और मुख्य पुजारी बालेस्वर महतो के द्वारा मंत्रोच्चारण करवाकर और प्रत्येक शाम को प्रवचन करता संगीता सुमन के द्वारा प्रवचन और बांके बिहारी बृंदावन के टीम द्वारा राशलीला का आयोजन किया गया। और दस जनवरी को पूर्णाहुति कार्यक्रम कर आज एग्यारह जनवरी को भव्य भंडारे का आयोजन कर सर्व प्रथम ब्रह्म भोजन और 108 कुवांरी कन्याओं को भोजन करवाने के पश्चात कोडरमा जिला के हजारों श्रद्धालुओं को पूड़ी शब्जी बुंदिया मीठा वगैरा का वितरण किया गया वहीं मौकेपर यज्ञ समिति के अध्यक्ष के आलावे स्थानीय मुखिया मनिंदर राम, उपाध्यक्ष रामचन्द्र दास, सचिव नागेस्वर यादव, उप सचिव संजय राम, कोषाध्यक्ष मनोज दास, उप कोषाध्यक्ष राम सहाय यादव, संचालक नारायण कुमार, ब्यस्थापक अजय कुमार और सीताराम रजक के आलावे यज्ञ समिति के सदस्य सरयू राम, गांगो महतो, बासुदेव महतो, लालो पंडित, केदार मिस्त्री, राज कुमार यादव, तुलसी पंडित, बिजय यादव समेत सैकड़ों लोग इस भंडारे कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी बने।

झामुमो नगर अध्यक्ष ने बीमार वृद्ध को पहुंचाया अस्पताल

झूमरी तिलैया (कोडरमा) : झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा को स्थानीय कुछ लोगो द्वारा सुचना दि गई कि झुमरी तिलैया के झंण्डा चौक पर कई दिनों से एक बीमार एक वृद्ध व्यक्ति पड़ा हुआ है। लेकिन किसी ने भी इसपर ध्यान नहीं दिया। श्री विश्वकर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कदम उठाते हुए इस बात को सिविल सर्जन डीपी सक्सेना कोडरमा को मोबाइल से बात कर उस वृद्ध व्यक्ति की जानकारी दी गई। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कई दिनों से एक वृद्ध व्यक्ति झुमरी तिलैया के झंडा चौक पर बीमार पड़ा हुआ है। आप इसके उपचार हेतु तुरंत एम्बुलेंस भेजिये झामुमो सूचना के मात्र 5 मिनट पर ही एम्बुलेंस आई और उस वृद्ध व्यक्ति को इलाज हेतु सदर अस्पताल ले गई। श्री विश्वकर्मा ने फोन कर सदर अस्पताल के कर्मचारियों से बात कर उनके बेहतर इलाज करने की बात कही साथ ही श्री विश्वकर्मा ने कहा कि ये हेमन्त सरकार है यहाँ किसी भी स्थिति में गरीब गुरबों का शोषण बर्दाश्त नही किया जायेगा झुमरीतिलैया झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने कहा की वे मदद के लिए जनता के साथ है ।

आरपीएफ ने निकाली गयी बाइक रैली का कोडरमा स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

झुमरी तिलैया (कोडरमा) : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर रेलवे बोर्ड के निदेर्शानुसार धनबाद रेल मंडल के डीआरएम आशीष बंसल, आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट हेमंत कुमार के द्वारा गुरुवार को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए बाइक रैली का शुक्रवार को कोडरमा पहुंचने पर आरपीएफ कोडरमा की टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद कोडरमा स्टेशन प्रबंधक एमके महाराज ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को हजारीबाग के लिए रवाना किया। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी जवाहरलाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रेलवे बोर्ड के द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं इन्ही आयोजनों में बाइक रैली भी शामिल है। जिसमें बाइक रैली के माध्यम से देश की आजादी के लिए प्राणों को न्यौछावर करने वाले महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित की जा रही है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि हमें आजादी किस तरह से मिली है। इसके माध्यम से लोगों को यह भी संदेश दिया जा रहा है कि हमें आजादी किन संघर्षों के बाद मिली है। महापुरुषों को कभी भूलना नहीं है।

उन्होंने बताया कि धनबाद रेल मंडल के द्वारा निकाली गई बाइक रैली में 20 बाइक सवार शामिल है। बाइक रैली धनबाद से निकलने के बाद गोमो, हजारीबाग रोड, कोडरमा, हजारीबाग टाउन एवं बरकाकाना क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के बाद वापस धनबाद लौटेगी। मौके पर रेलवे सुरक्षा बल हजारीबाग रोड के निरीक्षक प्रभारी पंकज कुमार, उप निरीक्षक अंकुर कुमार समेत रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा के कई आरक्षी मौजूद थे।

विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा

केरेडारी : विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने 11फरवरी को चट्टी बरियातू स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष गोबिंद माली ने एन टीपीसी प्रबंधन केरेडारी चट्टी बरियातू और आउट सोर्सिंग एजेंसी ऋत्विक ए एमआर पर कई गंभीर आरोप लगाया है। माली ने कहा कि त्रिपक्षीय वार्ता नही करने और एनटीपीसी प्रबंधन केरेडारी चट्टी बरियातू द्वारा दोहरी चरित्र अपनाने भू रैयतों के साथ छल करने के विरोध में अगामी 21 फरवरी को एमडीओ कलोनी चट्टी बरियातू का घेराव करने किया जायगा। आगे कहा कि बिस्थापी प्रभावी संघर्ष मोर्चा चट्टी बरियातू केरेडारी लिखित अधिसूचना जारी कर प्रखंड प्रशासन केरेडारी और जिला प्रशासन हजारीबाग को लिखित रूप से सूचित करती है की उपरोक्त वर्णीत तथ्य और बिस्थापीत प्रभावी रैयत के 13 सूत्री मांग पत्र समेत अन्य मांग को केरेडारी चट्टी बरियातू एनटीपी सी प्रबंधन द्वारा अनुपालन नहीं करने के एवज में एमडीओ कलोनी घेराव और विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्पन्न संभावित विधि व्यवस्था की समस्या का जिम्मेवार एनटीपीसी केरेडारी चट्टी बरियातू और आउट सोर्सिंग एजेंसी ऋत्विक ए एम आर की होगी। साथ ही कहा कि बीते 23 दिसंबर वर्ष 2021 से एनटीपीसी प्रबंधन केरेडारी चट्टी बरियातू कोल माइंस के कर्मियों द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता की बात दोहराई जाती रही! त्रिपक्षीय वार्ता वर्तमान तारीख तक नहीं करके विस्थापित भू दाता रैयतों को टाल मटोल कर बार्गेनिंग करने का काम किया जा रहा है! विस्थापित भू रैयतों के साथ साजिस कर आपस में लड़वाने उलझाने का खेल खेल कर भू रैयतों को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। 10 फरवरी 2022 को चट्टी बरियातू कोल परियोजना के भू रैयतों के संगठनों के चंद प्रतिनिधि के साथ बंद कमरे में फूट डालो शासन करो के नीति के तर्ज पर गुप्तगु किया गया। 20 नवंबर 2019 को फर्जी त्रिपक्षीय वार्ता का हवाला एनटीपीसी प्रबंधन केरेडारी चट्टी बरियातू द्वारा दिया जा रहा है। विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के पास फर्जी त्रिपक्षीय वार्ता के मौजुद सबूतों को अनदेखी प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है।

भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी

झूमरी तिलैया (कोडरमा) : भाजपा जिला कोडरमा के झुमरीतिलैया मंडल में सांसद कार्यालय अशोका होटल के सामने जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पूण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल संयोजक राजेश सिन्हा ने किया एवं संचालन नगर मंडल के महामंत्री नवीन चौधरी एवं संजय शर्मा ने संयुक्त रुप से किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की गई एवं दीप प्रज्वलित किया गया।उसके बाद राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ शुभारंभ नगर मंडल संयोजक राजेश सिन्हा ने किया। पंडित जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के प्रवक्ता डॉ राम सागर सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अंत्योदय के तहत 139 योजनाओं के बारे में बताएं। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी अटल जी की सरकार में बी ग्राम सड़क योजना एवं चारों महानगर को जोड़ने का कार्य देश के विकास के लिए किया गया। कोडरमा जिला के महामंत्री अनूप जोशी जी ने कहा, इनका जन्म मथुरा के नंगला नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय रेलवे में कार्यरत थे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि नापो खुर्द में मनी

बड़कागांव : एकात्म मानववाद व अन्त्योदय के प्रणेता और प्रखर विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता व उपाध्यक्ष अशोक साव के संचालन में पंचायत भवन नापोखुर्द में मनाया गया कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं द्वारा बारी बारी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी गई मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे वे एक

समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। हमें उनके बताए मार्ग पर चलने से ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि आज के समय में उनके विचारों एवं संस्कारों को अपनाने की जरूरत है मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, मंत्री विनोद महतो, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय यादव, दामोदर सिंह, महावीर राम, चिंतामणि महतो, सोना साव, मुकेश साव, तिरथनाथ यादव, सोनू कुमार, विजय साव, बबलु कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही उपस्थित भाजपा कार्यकताओं द्वारा बरही के रूपेश पांडेय की हत्या की निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई एवं सीबीआई जांच कर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग राज्य सरकार से की गई।

नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग ने किया आत्मनिर्भर भारत अभियान पर कार्यशाला का आयोजन

हजारीबाग : आज दिन शुक्रवार को युवा एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार, नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के तत्वधान में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर युवाओ को अभिमुखीकरण किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रंजन सिंह ने किया ओर संचालन अमन हेम्ब्रम ने किया। कार्यक्रम में शुभारंभ मुख्यातिथि शशिकांत कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनने का तात्पर्य है कि हमारे देश को हर क्षेत्र मे खुद पर ही निर्भर होना होगा। भारत को देश मे ही हर वस्तु का निर्माण करना होगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि भारत के संसाधनों से बनी वस्तुओं को भारत मे ही उपयोग मे लाना है। इससे देश मे बेरोजगारी के साथ-साथ गरीबी से मुक्ति मे सहायता मिलेगी। अमन हेम्ब्रम ने अर्थव्यवस्था, तकनीकी, इंफ्रास्ट्रक्चर, मांग, ओर बढ़ती जनसंख्या पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वंयसेवक महेश कुमार, गोलू, प्रतीक कुमार अभिषेक कुमार शम्मा,सुमन, सुधीर आदि लोगो का अहम योगदान रहा।

हैंड इन हैंड इंडिया संस्था की ओर से इंदरवा पंचायत में ग्राम उत्थान कार्यक्रम की शुरुआत

विलेज अपलिफ्टमेंट प्रोग्राम के तहत इंदरवा पंचायत का चुना जाना सौभाग्य की बात : शालिनी गुप्ता

कोडरमा : हैंड इन हैंड इंडिया संस्था की ओर से इंदरवा पंचायत में ग्राम उत्थान कार्यक्रम का शुरूवात किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को शॉल एवं बुके देकर के किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान कार्यकारी जिला परिषद कोडरमा शालिनी गुप्ता, कार्यकारी सदस्य रेखा देवी, उप मुखिया ललिता देवी, कमल क्लब अध्यक्ष विनोद साव, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश कुमार, हैंड इन हैंड इंडिया के एजीएम रवि रंजन कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का विषय पर प्रकाश डालते हुए हैंड इन हैंड एजीएम रवि रंजन कुमार ने बताया कि हैंड इन हैंड इंडिया इंदरवा पंचायत में स्वयं सहायता समूह का निर्माण एवं सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में विलेज अपलिफ्टमेंट प्रोग्राम के

तहत अगले 2 वर्षों तक कार्य करेगी और इसके लिए यहां के विभिन्न हित धारकों, पंचायत जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा अपेक्षित सहयोग की आवश्यकता है। वहीं मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि विलेज अपलिफ्टमेंट प्रोग्राम के तहत इंदरवा पंचायत का चुना जाना सौभाग्य की बात है। हम सभी को आपकी सहयोग के साथ उत्थान की ओर आगे बढ़ने की जरूरत है। आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार समाज के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस तरह के संस्थाओं के माध्यम से इस और पहल करना प्रशंसनीय कदम है। वहीं उप मुखिया ललिता देवी ने कहा कि बड़े-बड़े कार्यों को करने के लिए स्वप्रेरणा की आवश्यकता होती है। और स्वप्रेरणा से किए गए कार्य कभी असफल नहीं होते। वहीं कार्यकारी सदस्य जिला परिषद रेखा देवी ने कहा कि हम पंचायत के विकास में अपना भरपूर सहयोग हैंड इन हैंड संस्था को देंगे। कार्यक्रम में कुपोषित 60 बच्चों को पोषण दिया गया। वही हैंड इन हैंड इंडिया की ओर से आए मास्टर ट्रेनर आदर्श दुबे ने कुपोषण से लड़ने के गुर बताए। कार्यक्रम में विज्ञान में महिलाओं में बालिकाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र जौनपुर के दो बालिकाओं किरण कुमारी एवं मनीषा कुमारी को उस क्षेत्र के बच्चों को विज्ञान में उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करने के लिए किताबों का सेट एवं अन्य पठन सामग्री देकर संस्था की ओर से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सेविका शशि देवी, ललिता देवी, माधुरी देवी, महादेव साहू, प्रेम कुमार सहित दर्जनों महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन हैंड इन हैंड इंडिया संस्था के दीपक कुमार तथा सविता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फूंका पुतला

डोमचांच (कोडरमा) : विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल व भाजपा कार्यकताओं व युवाओं ने संयुक्त रूप से प्रखंड कमेटी द्वारा डोमचांच नगर क्षेत्र के काली मंडा से निकलकर बाजार रोड होकर टैक्सी स्टैंड पहुंचकर विशाल मशाल जुलूस में परिवर्तित हो गया। कार्यकर्ता गण शहीद चौक पहुंचकर रूपेश पांडे की हत्या के विरोध में नारेबाजी की गई तथा रितेश पांडे के हत्यारों को अभिलंब फांसी देने की मांग की गई साथी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंकने के साथ राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा राज्य में गिरती हुई विधि व्यवस्था पर अपनी आक्रोश व्याप्त थी। ज्ञात हो कि पिछले दिनों सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान बरही हजारीबाग में 17 वर्षीय नाबालिक रूपेश पांडे का मॉब लांचिंग कर पीट पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मशाल जुलूस में क्षेत्र के कई युवा नौजवान शामिल थे। जुलूस के दौरान किरण प्रकाश, अनिल पंडित, रंजन कुमार, राजीव कुमार, पंकज कुमार, प्रियांशु कुमार, नवीन मेहता, सुजीत कुमार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सूरज प्रताप मेहता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कामिनी देवी, सुनील सिन्हा के साथ हजारों युवा जुलुस में सामिल थे।

संपादकीय

हिजाब को लेकर राजनीति अनुचित

कर्नाटक के एक स्कूल से शुरू हुआ हिजाब का विवाद अब राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। जिसकी वजह यह है कि हिजाब के मामले में भी राजनीतिक दल कूद पड़े है और अपनी रोटियां सेंकना चाह रहे है। उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान ही इस मामले ने तूल पकड़ा है। इसी से स्पष्ट है कि इसके पीछे राजनीति है। कर्नाटक हाईकोर्ट इस मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा। जब तक हाईकोर्ट का फैसला नहीं आ जाता तब तक हाईकोर्ट ने शिक्षण संस्थानों में हिजाब को प्रतिबंधित रखने के लिए कहा है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया जहां हिजाब समर्थकों को सुप्रीम कोर्ट ने करारा झटका दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वह अभी इस मामले में दखल नहीं दे सकता, पहले कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला आ जाए उसके बाद ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि हिजाब के मामले को राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए और न ही इसे लेकर भड़काऊ बयानबाजी की जानी चाहिए। इसके बावजूद हिजाब समर्थक लोग जगह जगह प्रदर्शन कर रहे है। असउद्दीन ओवैसी ने तो इसे उत्तर प्रदेश में चुनावी मुद्दा बना दिया है और वे यह कह रहे है कि किसे क्या पहनना है यह उसका संवैधानिक अधिकार है। इसी तरह की बातें अन्य विपक्षी पार्टियां भी कह रही है। सभी भाजपा पर दो समुदायों के बीच मतभेद बढ़ाने का आरोप लगा रही है। इस मामले में पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। वहां के एक मंत्री ने हिजाब की वकालत की है। नोबल पुरस्कार प्राप्त मलाला ने भी हिजाब की वकालत की है। यह वहीं मलाला है जिसने पहले हिजाब और बुर्का की खिलाफत की थी। अब उन्होने हिजाब का समर्थन किया है और अल्पसंख्यक लड़कियों को एजुकेशन से दूर करने की साजिश बताया है। कुल मिलाकर हिजाब का मामला अब तुल पकड़ता जा रहा है और सभी राजनीतिक पार्टियां इसे तूल देने में लगी हुई है, जो कतई उचित नहीं है। जब तक इस मामले में कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता तब तक तो सभी को सब्र से काम लेना चाहिए। वैसे भी शिक्षण संस्थानों में ड्रेसकोड लागू होता है और वहां पर धर्म के आधार पर किसी को कुछ भी पहनने की छूट नहीं दी जा सकती।

विचार

यूक्रेन की गुत्थी और भारत का रुख

यूक्रेन को लेकर रूस और पश्चिम के बीच खींचतान जारी है। यह शीत युद्ध के दौर के भू-राजनीतिक तनाव की याद दिला रहा है। हालांकि, बड़ी ताकतें जहां यूक्रेन के भविष्य को लेकर उलझी हुई हैं, वहीं यूक्रेनवासियों की आवाज बिल्कुल किनारे कर दी गई है। फिलहाल यूक्रेन जंग का एक ऐसा मैदान बन गया है, जो आने वाले दिनों में यूरोप के सुरक्षात्मक ढांचे को आकार दे सकता है। इसीलिए, पश्चिम और रूस के बीच तनाव महज यूक्रेन के भविष्य को लेकर नहीं है, बल्कि इससे निहितार्थ कहीं अधिक गहरे हैं, क्योंकि इससे शीत युद्ध के बाद की पूरी भू-राजनीतिक संरचना ढहती दिख रही है।

वाशिंगटन ने दावा किया है कि यूक्रेन पर हमला करने के लिए जरूरी सैन्य-संसाधन का 70 फीसदी साजो-सामान रूस ने सीमा पर तैनात कर दिया है। उसने यह भी चेतावनी दी है कि रूसी हमले की सूरत में 50 हजार से अधिक नागरिक और 25 हजार के करीब यूक्रेनी सैनिक मारे जा सकते हैं। रूस ने इस दावे को 'उन्माद और खौफ फैलाने वाला' बताया और इसे पूरी तरह से खारिज कर दिया है। यूक्रेन भी सीमा पर रूसी सैन्य ढांचे के निर्माण को तवज्जो नहीं दे रहा। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अपने देशवासियों से कहा है, 'वे तबाही की आशंकाओं पर विश्वास न करें। यूक्रेन किसी भी तरह के घटनाक्रम के लिए तैयार है। आज यूक्रेन के पास एक मजबूत सेना और अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय समर्थन है। यूक्रेनवासी भी अपने देश पर पूरा विश्वास करते हैं। दुश्मन को हमसे डरना चाहिए, न कि हमें उससे।'

हालांकि, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की मदद से परदे के पीछे से कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं। मैक्रों जहां मॉस्को और कीव का दौरा कर चुके हैं, वहीं शोल्ज अगले हफ्ते दोनों देशों की यात्रा करेंगे। यूरोप में यही मान्यता है कि यूक्रेन-रूस जंग से बचा जा सकता है। मैक्रों ने यूरोपीय देशों की सुरक्षा और रूस को संतुष्ट करने के लिए 'नए संतुलन' का आह्वान किया है। ऐसा करते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रूस का अपनी सुरक्षा के लिए चिंतित होना लाजिमी है। फ्रांस पिछले कुछ समय से रूस के साथ यूरोप के संबंधों को नए सिरे से गढ़ने की वकालत कर रहा है और यूरोपीय संघ से कह रहा है कि वह वाशिंगटन के चश्मे से मॉस्को को न देखे। मगर नाटो की मुख्यतः अमेरिका पर निर्भरता और आगामी रुख को लेकर यूरोपीय संघ के अंदरूनी मतभेदों के कारण ब्रसेल्स (यूरोपीय संघ का मुख्यालय) सिर्फ कूटनीतिक तरीकों से ही जमीनी हालात को प्रभावित कर सकता है।

दूसरी ओर, चीन के साथ रूस के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं, और दोनों देश पश्चिम से मुकाबला करने के लिए अपनी साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शीतकालीन ओलंपिक में भाग लेने के लिए बीजिंग भी पहुंचे, और पिछले दो वर्षों में पहली बार किसी ताकतवर देश के राष्ट्राध्यक्ष के साथ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की निजी मुलाकात हुई। अपनी यात्रा के दौरान, दोनों नेताओं ने एक साझा बयान भी जारी किया, जिसमें उनके द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार से वर्णन था।

रोजगार और नए अवसर पैदा करने वाला है बजट

प्रो.के.पी. यादव

बजट का एक प्रमुख आकर्षण क्रिप्टोकरेंसी का वैधिकरण था जो वर्तमान में सबसे लोकप्रिय निवेश माध्यम है। सरकार ने क्रिप्टोकरंसी से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगाने की भी घोषणा की है। करदाताओं को भी इस बजट से कुछ नहीं मिला क्योंकि मौजूदा कर स्लैब में बदलाव नहीं किया गया था, हालांकि करदाता कर भुगतान स्लैब में वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन मंत्री ने घोषणा की कि करदाता अपने दो साल पुराने आईटीआर को अपडेट कर सकते हैं जो करदाताओं के लिए राहत की सांस लेकर आया है। बजट में कर्मचारियों के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई थी, हालांकि 80सी के दायरे में वृद्धि की अफवाहें थीं लेकिन धारा 80सी के तहत सीमा अभी भी 1.5 लाख है। वित्त मंत्री ने जीएसटी की प्रशंसा की है और एमएसएमई और जीएसटी के लिए एक डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया है।

देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमन ने एक फरवरी, 2022 को संसद में देश का केंद्रीय बजट पेश किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के भाषण पर जोर देकर की, जिसमें उन्होंने भारतञ्च100दृष्टिकोण निर्धारित किया है। उन्होंने भारत की आजादी के 100 साल को ध्यान में रखते हुए अगले 25 वर्षों के लिए एक चौथाई सदी पहले बजट पेश किया। 2022 के बजट के साथ, भारत ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के माध्यम से आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं। इस साल का बजट अगले 25 वर्षों के लिए एक योजना निर्धारित करता है जिसे ''अमृत काल' के रूप में माना गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट को पेश करते हुए जानकारी दी कि चालू वर्ष में भारत की विकास दर 9.27 प्रतिशत रहने का अनुमान है, यह कहते हुए कि यह सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का 'आजादी का अमृत महोत्सव' बजट अर्थव्यवस्था के पूरक, डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और निजी और सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करेगा।

उन्होंने कुछ लक्ष्यों को निर्धारित करने की घोषणा की, जिसके माध्यम से भारतञ्च100विजन हासिल किया जाना है। इनमें मैक्रो-इकोनॉमिक स्तर का विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और सार्वजनिक व निजी पूंजी निवेश में सहयोग शामिल है। वित्त मंत्री ने घोषणा की, कि 14 विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादकता से जुड़े प्रोत्साहन की सरकार की पहल में अगले 5 वर्षों में 30 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित उत्पादन के साथ 60 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने की क्षमता है।

उन्होंने देश के विकास के लिए आवश्यक गति प्रदान करने के लिए निर्धारित की जा रही चार प्राथमिकताओं की घोषणा की है। बजट का समग्र प्रभाव यह था कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को बढ़ा सकता है क्योंकि इस साल अक्टूबर में डीजल और पेट्रोल की कीमतें बढ़नी हैं। जो किसान दिन-रात काम करते हैं, उन्हें बहुत कम फायदा हुआ है क्योंकि पीएम-किसान के लिए फंड पिछले साल की तुलना में केवल 4.6 प्रतिशत बढ़ा था, हालांकि खेती के उद्देश्य के लिए ड्रोन के उपयोग के लिए बजट में एक घोषणा की गई थी। मंत्री ने प्राकृतिक खेती और भूमि के डिजिटलीकरण पर भी ध्यान केंद्रित करने का लक्ष्य रखा है।

छात्रों के लिए, एक कक्षा एक टीवी चैनल की संख्या 12 से बढ़ाकर 200 करने के लिए एक बहुत ही उपयोगी घोषणा की गई है। इसके साथ ही डिजिटल विश्वविद्यालय भी स्थापित किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में पीएम आवास योजना के तहत 80 लाख से अधिक किफायती घर बनाने की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि इस साल से ई-पासपोर्ट जारी किए जाएंगे जिससे देश में और बाहर यात्रा करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। नल जल योजना के तहत 5.5 करोड़ से अधिक नए घर जोड़े जाने हैं। जहां तक स्वास्थ्य क्षेत्र की बात है तो इस साल समाज कल्याण के बजट में वृद्धि की गई है। रेलवे के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वे पिछले साल की तरह ही रहेंगे। आगामी तीन वर्षों में 400 नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू की जानी हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि मौजूदा बजट में नए कार्यक्षेत्र जोड़े गए हैं ताकि रोजगार के अवसर बढ़े और कुछ नए अवसर पैदा हों। समाज के अन्य वर्गों की तरह मानव स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया है। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी जी के अगले 25 वर्षों के विजन के अनुरूप है।

बजट का एक प्रमुख आकर्षण क्रिप्टोकरेंसी का वैधिकरण था जो वर्तमान में सबसे लोकप्रिय निवेश माध्यम है। सरकार ने क्रिप्टोकरंसी से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगाने की भी घोषणा की है। करदाताओं को भी इस बजट से कुछ नहीं मिला क्योंकि मौजूदा कर स्लैब में बदलाव नहीं किया गया था, हालांकि करदाता कर भुगतान स्लैब में वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन मंत्री ने घोषणा की कि करदाता अपने दो साल पुराने आईटीआर को अपडेट कर सकते हैं जो करदाताओं के लिए राहत की सांस लेकर आया है।

बजट में कर्मचारियों के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई थी, हालांकि 80सी के दायरे में वृद्धि की अफवाहें थीं लेकिन धारा 80सी के तहत सीमा अभी भी 1.5 लाख है। वित्त मंत्री ने जीएसटी की प्रशंसा की है और एमएसएमई और जीएसटी के लिए एक डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया है। उन्होंने ड्रोन-शक्ति कार्यक्रम के लिए स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की भी बात कही। इस सेगमेंट में महिलाओं के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की गई, हालांकि हीरे के आभूषणों की कीमतों में कमी की गई है क्योंकि कस्टम ड्यूटी को घटाकर 5: कर दिया गया है। आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत सोलह लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिलने की उम्मीद है। डाकघरों में आम आदमी की मदद के लिए एटीएम शुरू किए जाने हैं।

छात्रों के लिए, एक कक्षा एक टीवी चैनल की संख्या 12 से बढ़ाकर 200 करने के लिए एक बहुत ही उपयोगी घोषणा की गई है। इसके साथ ही डिजिटल विश्वविद्यालय भी स्थापित किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में पीएम आवास योजना के तहत 80 लाख से अधिक किफायती घर बनाने की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि इस साल से ई-पासपोर्ट जारी किए जाएंगे जिससे देश में और बाहर यात्रा करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। नल जल योजना के तहत 5.5 करोड़ से अधिक नए घर जोड़े जाने हैं। जहां तक स्वास्थ्य क्षेत्र की बात है तो इस साल समाज कल्याण के बजट में वृद्धि की गई है। रेलवे के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वे पिछले साल की तरह ही रहेंगे। आगामी तीन वर्षों में 400 नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू की जानी हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि मौजूदा बजट में नए कार्यक्षेत्र जोड़े गए हैं ताकि रोजगार के अवसर बढ़े और कुछ नए अवसर पैदा हों। समाज के अन्य वर्गों की तरह मानव स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया है। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी जी के अगले 25 वर्षों के विजन के अनुरूप है।

सभी को आय का दस प्रतिशत हिस्सा जरूर बचाना चाहिए

नरविजय यादव

इमर्जेंसी फंड जरूरी है। एक ताजा सर्वेक्षण में 32 प्रतिशत युवाओं ने पैसे बचाने में दिलचस्पी दिखायी। भारत की युवा पीढ़ी को बैंक में पैसा रखने में दिलचस्पी है। कोविड के बाद अर्थव्यवस्था भले ही पटरी पर लौटने लगी हो, लेकिन बेरोजगारी और महंगाई के भूत अभी नहीं गये हैं। शायद इसी वजह से नयी जेनेरेशन भविष्य के लिए पैसे जोड़ने में यकीन रखती है। हर किसी को एक इमर्जेंसी फंड अवश्य बनाना चाहिए। एक ऐसी धनराशि जिसका उपयोग आपातकालीन स्थितियों में किया जा सके। इनमें बीमारी, बेरोजगारी और अचानक से आ जाने वाले संकट शामिल हैं।

कोरोना महामारी ने बहुत नुकसान किये। न जाने कितने लोग बेरोजगार हो गये और न जाने कितनों की जान चली गयी। इस महासंकट ने भारत के 25 साल तक के युवाओं के मन पर गहरा असर डाला। पहले वे सपनों की दुनिया में रहते थे। उन्हें लगता था दुनिया रिमोट और मोबाइल से चलती है। परिश्रम, धैर्य और प्रतीक्षा जैसे शब्द तो उनके शब्दकोश में थे ही नहीं। गाड़ी चाहिए तो बड़ी, रफ्तार चाहिए तो तूफानी, और चीजें चाहिए तो सबसे महंगी। परंतु महामारी ने इनके सपनों को हिला कर रख दिया। युवाओं को समझ आ गया कि दुनिया में सब कुछ अस्थायी है। कभी भी, कुछ भी अनिष्ट हो सकता है। जॉब छिन सकता है, जान जा सकती है। सपने ध्वस्त हो सकते हैं। सब कुछ उल्टा-पुल्टा हो सकता है। किसी के साथ भी, कभी भी। यही कारण है कि युवाओं में अब पैसा खर्च करने की बजाय पैसा बचाने की समझ आने लगी है। यह एक अच्छा संकेत है।

इमर्जेंसी फंड जरूरी है। एक ताजा सर्वेक्षण में 32 प्रतिशत युवाओं ने पैसे बचाने में दिलचस्पी दिखायी। भारत की युवा पीढ़ी को बैंक में पैसा रखने में दिलचस्पी है। कोविड के बाद अर्थव्यवस्था भले ही पटरी पर लौटने लगी हो, लेकिन बेरोजगारी और महंगाई के भूत अभी नहीं गये हैं। शायद इसी वजह से नयी जेनेरेशन भविष्य के लिए पैसे जोड़ने में यकीन रखती है। हर किसी को एक इमर्जेंसी फंड अवश्य बनाना चाहिए। एक ऐसी धनराशि जिसका उपयोग आपातकालीन स्थितियों में किया जा सके। इनमें बीमारी, बेरोजगारी और अचानक से आ जाने वाले संकट शामिल हैं। मासिक आय का कम से कम छह गुना राशि इस फंड में अवश्य रहनी चाहिए। यानी नौकरी चली जाये या धंधा ठप हो जाये, तो भी छह महीने तक घर चलता रहे। इतने समय में व्यक्ति को संभलने का अवसर मिल सकता है। हर किसी को अपनी मासिक आय का कम से कम दस प्रतिशत हिस्सा जरूर बचाना चाहिए। जब भी कहीं से कोई कमाई हो, तो उसका दसवां हिस्सा पहले ही अलग कर लीजिए। यकीन मानिए, आपका खर्च बाकी बची 90 प्रतिशत रकम से भी चल जायेगा।

धन कमाने से भी जरूरी है, वित्त प्रबंधन की समझ। अधिकांश लोगों में नौकरी लगते ही घर, बड़ी गाड़ी, शानदार साजो-सामान जुटाने की होड़ लगी रहती है। लोन लेकर वे फटाफट सब कुछ खरीद डालते हैं और फिर कर्ज चुकाने के लिए दिन-रात एक किये रहते हैं। लोन की किस्तें कहां से भरेंगे, यह चिंता उन्हें न ठीक से सोने देती है और न सुकून से बैठने देती है। यह एक गलत प्रवृत्ति है। बड़े बुजुर्ग कहते हैं पहले कमाओ, बचाओ, निवेश करो, फिर खर्च करो। लेकिन समाज में इसका उलट दिखायी देता है। यहां तो सोच यह रही है कि पहले खरीद लाओ, फिर चुकाते रहो। ऐसे में यदि नौकरी छूट गयी या कोई अनहोनी हो गयी तो ऐसे लोग भारी परेशानी में फंस जाते हैं।

धन कमाने से भी जरूरी है, वित्त प्रबंधन की समझ। अधिकांश लोगों में नौकरी लगते ही घर, बड़ी गाड़ी, शानदार साजो-सामान जुटाने की होड़ लगी रहती है। लोन लेकर वे फटाफट सब कुछ खरीद डालते हैं और फिर कर्ज चुकाने के लिए दिन-रात एक किये रहते हैं। लोन की किस्तें कहां से भरेंगे, यह चिंता उन्हें न ठीक से सोने देती है और न सुकून से बैठने देती है। यह एक गलत प्रवृत्ति है। बड़े बुजुर्ग कहते हैं पहले कमाओ, बचाओ, निवेश करो, फिर खर्च करो। लेकिन समाज में इसका उलट दिखायी देता है। यहां तो सोच यह रही है कि पहले खरीद लाओ, फिर चुकाते रहो। ऐसे में यदि नौकरी छूट गयी या कोई अनहोनी हो गयी तो ऐसे लोग भारी परेशानी में फंस जाते हैं। इसीलिए वित्तीय साक्षरता जीवन में सफलता के लिए पहली शर्त है। हालांकि, यह एक ऐसा पहलू है जो पूरी तरह से अनदेखा किया जाता है। स्कूल, कॉलेज और घरों में धन कमाने की तो बात होती है, लेकिन धन को सही प्रकार से बचाया और बढ़ाया कैसे जाये, इस पर बात नहीं होती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुम्हारे सुख में रंग

तुम्हारे सुख में रंग जाऊँ, कभी न दुख से घबराऊँ, हो तेरा हाथ हाथों में, सकल ब्रहमाण्ड फिर आऊँ, तुम्हारी प्रीति हो मेरे, साँस औ नब्ज पर काबिज़, फिरूँ राधा और मीरा सी, प्रेम प्रतिमान बन जाऊँ। लिए इकतारा हाथों में ,गीत वंदन के गाती फिर , तुम्हारी थी,तुम्हारी हूँ,तुम्हारी युग-युग तक कहलाऊँ।

– किरण मिश्रा

लोकतंत्र में दृढ़

लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास के लिए। विकास के स्वर्णिम उजास के लिए। नव प्रतिभाओं के आकाश के लिए। वीरों के बलिदानी इतिहास के लिए। एक वोट खुद के लिए और परिवार के लिए। वंचित गरीबों के अधिकार के लिए। काम के लिए, रोजगार के लिए। निष्पक्ष न्यायी सरकार के लिए।

–कवि अंकित चहल 'विशेष'

खास पाती | महका फूलों से चमन जागा हृद



महका फूलों से चमन जागा हृद अहसास। संदेशा यह प्यार का , लाया है मधुमास ।। विचलित हृद का कोन है, आये जो पिय पास। कैसे रोकूंगी सखी , वो पल होगा खास।। नभ के तारों संग ही , देखूंगी शुभ साज। चाँद सरीखे हुस्न को, नैनों में भर लाज।। बिखरें मोती ओस के , पत्तों पर कण बूँद। अद्भुत क्षण को जी रही, बरबस आँखें मूंद।। कोरी है नहिं कल्पना , अनुपम है यह प्रीत। जब तक जीवन है यहाँ, सदा निभाऊं रीत।। खुशबू है चारों तरफ, मधुर मिलन है आज। धड़कन भी बढ़ने लगी, जैसे हो परवाज़।

– अर्चना लाल

आने और मिलने से कब

आने और मिलने से कब आता है बसंत प्रेम में पड़े दो व्यस्त लोगों के हिस्से आई सांझी तारीख है बसंत । ऐसे तुम मिले हो ऐसे तुम मिले हो गीत गुनगुना कर शाम जलाना है बसंत । किताब के उस मुड़े पन्ने से मोरपंख निकाल कर खुद पर तीन मनके उगा लेना... *विरह* लिखना है बसंत। मुस्कुराना ...हर उदासी का लिफाफा बिना खोले फाड़ देना । बस तुम्हारा नाम बचा लेना है बसंत। बिछोह का उत्सव है।

– कल्पना पाण्डेय

जो व्यक्ति अपनी मातृभूमि को

जो व्यक्ति अपनी मातृभूमि को समर्पण कर सार्वजानिक काम करता है। उसे किसी की प्रमाण पत्र लेने की जरुरत नहीं पड़ती। जिसका लक्ष्य विकास हो , विकास और सर्व हित में रूचि रखने वाले व्यक्ति को रोकना उतना ही कठिन है जितना पत्थर पर धुब उगाना।

– सुनिल शुक्ला

तुमसे मिलकर हम मुस्कुराने लगे

तुमसे मिलकर हम मुस्कुराने लगे प्रेम के गीत अब गुनगुनाने लगे। राह प्रेम की देखो कितनी सुखद दिन बासंती मेरे गुजर जाने लगे। तन्हा थे हम जिंदगी की राह में तुम जो मिले सपने सजाने लगे। प्रेम ने खूब सजाया संवारा मुझे हम अकेले अकेले मुस्करानें लगे। प्रेम सौंदर्य तन और मन का प्रिये मन वीणा के तार हम बजानें लगे। वास्ता न था खुशियों से मेरा कोई कल्पनाओं को हकीकत बनानें लगे। मेरे गीतों में तुम मेरी नींदों में तुम प्यार की दुनिया तेरे संग बसानें लगे।

– रश्मि ठाकुर

ज़िन्दगी भर की मशक्कत का सिला कुछ भी नहीं है सफर

ज़िन्दगी भर की मशक्कत का सिला कुछ भी नहीं। है सफर आखिरी मुठ्ठी में रहा कुछ भी नहीं। खूब शिद्दत से समेटी थी जहाँ की दौलत। मेरे हाथों में लकीरों के सिवा कुछ भी नहीं। सिर्फ बदले में वफ़ा के हैं मुझे अश्क़ मिले। दिल के सौदे में हुआ मुझको नफा कुछ भी नहीं। मैने हर हाल में जीने का हुनर सीख लिया। अपनी तक़दीर से अब मुझको ग़िला कुछ भी नहीं।। इस क़दर ग़म में मुझे जलना पड़ा है कमल। जिस्म मेरी बची बाकी जिया कुछ भी नही।

- कमलकांत डोंगरे

पेश आया किये जिनसे हम सादगी

पेश आया किये जिनसे हम सादगी के साथ। वही मिलते रहे हैं हमसे,बड़ी बेरुखी के साथ। बना लेते हैं जिनको , अपनी ज़िंदगी का नूर। वही खेल जाता है अक्सर , ज़िंदगी के साथ।

– शोभा किरण

QUIZ TIME

1) 14 फरवरी 2021 को कौन-सा देश 100 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 जीतने वाला विश्व का पहला देश बन गया?

2) जनवरी 2021 में किस संस्थान ने 'मल गाद और सेप्टेज प्रबंधनः सेवा एवं व्यवसाय मॉडल' पर रिपोर्ट जारी की?

3) पश्चिम बंगाल के पहले गहरे समुद्री बंदरगाह का निर्माण किस स्थान पर किया जाएगा?

4) जून 2021 में केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने 'इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क' का उद्घाटन किस राज्य में किया?

5) चर्चित 'बाई मेनी ए हैप्पी एक्सीडेंटः रिकॉलेक्शंस ऑफए लाइफ' नामक पुस्तक के लेखक कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पाकिस्तान (2) नीति आयोग (3) ताजपुर (4) छत्तीसगढ़ (5) मोहम्मद हामिद अंसारी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1742 - मराठा राजनीतिज्ञ बालाजी जनार्दन भानु उर्फ नाना फड़णवीस का जन्म। 1762 - ब्रिटिश नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्जा किया। 1771 - गुस्टाव तृतीय स्वीडन के राजा बने। 1809 - अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म। 1818 - दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली। 1824 - प्रसिद्ध दार्शनिक दयानंद सरस्वती का जन्म। 1855 - अमेरिका में मिशीगन विश्वविद्यालय की स्थापना। 1871 - ईसाई मिशनरी, शिक्षाविद एवं भारत में समाज सुधार का काम करने चार्ल्स एफ एंड्रयूज का इंग्लैंड में जन्म। 1912 - चीन ने ग्रेगोरियन कैलेंडर को अपनाया। 1920 - हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्राण का जन्म। 1922 - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी समिति को असहयोग आन्दोलन समाप्त करने के लिए मनाया। 1925 - उत्तरी यूरोप में बाल्टिक सागर के तट पर बसे देश एस्टोनिया ने कम्युनिस्ट पार्टी पर प्रतिबंध लगाया। 1928 - गांधी जी ने बारदोली में सत्याग्रह करने की घोषणा की। 1938 - जर्मनी की सेना ऑस्ट्रिया में घुसी। 1953 - सोवियत संघ (अब रूस) ने इजरायल से कूटनीतिक संबंध तोड़े। 1975 - भारत ने खुद को चेचक मुक्त देश घोषित किया। 1979 - ईरान के प्रधानमंत्री बख्तियार ने सेना का समर्थन खोने के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया। 1994 - नेशनल गैलरी ऑफनॉर्वे से एडवर्ड मुंक की विख्यात पेटिंग 'द स्क्रीम' चोरी हुई। 1998 - हिंदी फिल्मों के हास्य अभिनेता ओम प्रकाश का निधन।

समतामूलक समाज के हिमायती थे राजा मेदिनीराय : डॉ. रामेश्वर

सरकारी मेला एवं पर्यटन स्थल घोषित होगा दुबियाखाड़ का मेला: मिथिलेश ठाकुर

मेदिनीनगर पलामू : सरकार दुबियाखाड़ के प्रमंडलीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला को पहचान देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह मेला पलामू के लिए बहुत महत्वपूर्ण चीज है। सरकार इसे पहचान दिलाएगी और पर्यटन विभाग से भी इस मेले के आयोजन में सहायता मिलेगी। पलामू के राजा मेदिनीराय समतामूलक समाज के हिमायती थे। धनी-धनी राजा मेदनिया, घर-घर बाजे मथनिया का उनका संदेश काफी चर्चित है। वे गरीबों को धन देने का काम किया करते थे। यह बातें वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के माननीय मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कही। वे आज स्थानीय दुबियाखाड़ में आयोजित दो दिवसीय प्रमंडलीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने युवा वर्ग तथा स्कूल-कॉलेज में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से पलामू एवं झारखंड के इतिहास को पढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पलामू में एक से बढ़कर-एक वीर शहीद और महापुरुष हुए हैं। पलामू के लाल ने अंग्रेजों को भगाने के लिए झारखंड में विद्रोह किया। उन्होंने युवा वर्ग को प्रेरित करते हुए कहा कि अतीत को जानने से भविष्य की समझ होती है। पलामू के इतिहास, यहां की सुंदरता से लोगों को जागृत होना चाहिए। पलामू का सौंदर्य यहां के लिए ही गौरव है। इसपर हमसबों को गर्व करना चाहिए। यहां की खनिज, संपदाओं पर वैज्ञानिक तरीके से काम होना चाहिए। इससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने पलामू के अतीत एवं वर्तमान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पलामू में पहले से बेहतर सुधार एवं विकास हुआ है। सरकार की योजनाएं आमजनों तक पहुंच रही है। इसके लिए आमजनों को सरकारी कार्यालय में आने की जरूरत भी नहीं है,बल्कि 'आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से सरकार एवं उनके प्रशासनिक पदाधिकारी आमलोगों के घर तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ देने का काम किया है। कार्यक्रम के तहत आए आवेदनों की नियमित समीक्षा करते हुए उसका निष्पादन किया जा रहा है और उससे संबंधित लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य भी नियमित रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चापाकल अधिष्ठापन कर पेयजल की समस्या को दूर करने का काम किया है।

वर्तमान में नल से जल देने को लेकर भी व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को हरा राशन कार्ड बनवाकर राशन देने का काम हो रहा है। वहीं सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी, लूंगी बांटा जा रहा है। वहीं सर्वजन पेंशन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा की दुबियाखाड़ का प्रमंडलीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला सरकारी मेला घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में नई पर्यटन नीति बनी है। इसके तहत पलामू प्रमंडल को पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। दुबियाखाड़ भी पर्यटन स्थल घोषित होगा। उन्होंने कहा कि पलामू के प्रतापी राजा मेदिनीराय की कहावत धनी-धनी राजा मेदनिया, घर-घर बाजे मथनिया की कहावत को झारखंड सरकार चरितार्थ कर रही है। 2024 तक बदला हुआ झारखंड दिखेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को लक्ष्य कर तैयार की जा रही है। सरकार जीवन के साथ जीविका देने का काम किया है। सरकार ने कोरोना संकटकाल में भी लोगों का न केवल स्वास्थ्य की चिंता की, बल्कि उन्हें रोजगार देने का भी अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता के लिए समर्पित है। यहां के आदिवासी मूलवासी को अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत है।

उपायुक्त ने भण्डरा प्रखण्ड और अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

लोहरदगा : उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो ने शुक्रवार को भण्डरा प्रखण्ड और अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखण्ड में स्वीकृत पद व उसके विरूद्ध कार्यबल का अवलोकन किया। इसमें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि रिक्त पदों से संबंधित प्रतिवेदन/विवरणी जिला स्थापना उपसमाहर्ता को भेजी जाय। जिला स्थापना उपसमाहर्ता लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्ड व अंचल कार्यालयों में स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्त पदों की विवरणी तैयार कर राज्य सरकार को भेजें ताकि समय-समय पर निकलनेवाली रिक्तियों के पदों को भरे जाने के लिए आंकड़े उपलब्ध रहें। वहीं उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि 15वां वित्त आयोग में कनीय अभियंता व लेखा लिपिक-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों को भरने में अगर कोई अड़चन है तो उसके दूर कर पदों को भरे जाने की कार्रवाई करें। उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड कार्यालय और अंचल कार्यालय के निरीक्षण में आगत पंजी, निर्गत पंजी, लॉग बुक, भण्डार पंजी, रोकड़ पंजी, वाहन लॉगबुक, अवकाश लेखा पंजी, सहायक रोकड़ पंजी, सेवा पुस्तिका, उपस्थिति पंजी, कार्यतालिका पंजी, लोकसभा/विधानसभा में उठाये गये प्रश्नों से संबंधित संचिका, आदि का निरीक्षण किया गया और पंजियों को समुचित व सुव्यवस्थित तरीके से संधारण किये जाने का निदेश पदाधिकारियों व संबंधित कर्मियों को दिया गया। पंजी में सभी कॉलम में प्रविष्टियां सही-सही किये जाने का निदेश भी कर्मियों को दिया गया।

वहीं उपायुक्त द्वारा स्थापना उपसमाहर्ता को निदेश दिया गया कि जब भी उपायुक्त द्वारा किसी प्रखण्ड और अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया जाय उससे पूर्व कार्यालय अधीक्षक द्वारा उक्त कार्यालय का निरीक्षण आवश्यक रूप से कर लिया जाय। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और 15वां वित्त आयोग की योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया और संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को उपलब्धि में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने और द्वितीय किश्त के भुगतान के लिए योग्य लाभुकों को भुगतान किये जाने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को योजनाओं का निरीक्षण किये जाने और हरसंभव प्रयास कर योजनाओं में प्रगति लाने का निदेश दिया गया।

विषाक्त तिल का लड्डू व चूड़ा खाने से दो बच्चों की मौत, दो गंभीर

गढ़वा : नगर उंटारी अनुमंडल के मर्चवार गांव में शुक्रवार को भी दो मासूम बच्चियों की मौत तिल का लड्डू और चूड़ा खाने से हो गयी। जबकि दो बच्चियों की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज सदर अस्पताल गढ़वा में किया जा रहा है। बच्चों को उनके रिश्तेदार ने ही उसे खाने के लिए दिया था। पुलिस इस मामले में कार्रवाई करते हुए तिल का लड्डू और चूड़ा को जप्त कर लिया है। एक दिन पूर्व नगर उंटारी अनुमंडल के कुशदंड गांव में एक बच्चे की मौत सड़क पर फेंके गए तिलकुट के खाने से हो गयी थी। गढ़वा में विषाक्त तिल का लड्डू और चूड़ा खाने से दो बच्चों की मौत हो गयी। इस मामले में जानकारी के अनुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर उंटारी की रसोईया सरिता कुंवर ने तिल का लड्डू और चूड़ा बच्चों को खाने के लिए दिया था। सरिता देवी बच्चों की रिश्तेदार भी लगती है। इसे खाने के बाद बच्चों की हालत गंभीर हो गई और वो उल्टी करने लगे। मर्चवार गांव निवासी धनंजय प्रसाद की पुत्री चार वर्षीया आशिका कुमारी, आठ वर्षीया अनुष्का कुमारी, 14 वर्षीया रिया कुमारी और कृष्णा प्रसाद की पुत्री 13 वर्षीया रीमा कुमारी की हालत गंभीर हो गयी। परिजनों ने उन्हें अनुमंडल अस्पताल नगर उंटारी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान आशिका कुमारी और अनुष्का कुमारी की मौत हो गयी। जबकि उनकी तीसरी पुत्री रीमा कुमारी और कृष्णा प्रसाद की पुत्री रिया कुमारी की हालत नाजुक बनी हुई है। सदर अस्पताल गढ़वा के चिकित्सक डॉ. टी पीयूष ने कहा कि खाने की वस्तु में विषाक्त पदार्थ मिलाकर देने के कारण दो बच्चियों की मौत हो गयी है। जबकि अन्य दो बच्चियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चियां नगर उंटारी से रेफर की गयी थीं, जिसमें दो की मौत सदर अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही हो गयी थी।

गढ़वा में सीआरपीएफ कैंप का निरीक्षण, वरीय अधिकारियों ने बढ़ाया जवानों का हौसला

गढ़वा : जिले में स्थापित सीआरपीएफ कैंप की वरीय पदाधिकारियों ने जांच की है। नक्सल इलाके में बनाए गए इस कैंप में तैनात जवानों का अधिकारियों ने हौसला बढ़ाया। वरीय पदाधिकारियों के द्वारा कैंपों के निरीक्षण के बाद नक्सलियों के खिलाफ किसी बड़े अभियान की संभावना जताई जा रही है। पलामू के डीआईजी राजकुमार लकड़ा, सीआरपीएफ के डीआईजी, गढ़वा के एसपी अंजनी कुमार झा, गढ़वा में प्रतिनयुक्त किये गए सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार झा ने भंडरिया एवं बरगढ़ प्रखंड में स्थापित सीआरपीएफ एवं पुलिस के सभी कैंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान कैंप की स्थिति एवं वहां आवश्यक सामग्रियों की जानकारी ली गयी। पदाधिकारियों ने वहां तैनात जवानों से खुलकर बातें की। उनकी समस्याएं जानी एवं नक्सलियों के खिलाफ अभियान में आने वाली परेशानियों एवं बेहतर तैयारी की जानकारी ली। पुलिस पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर स्थित बहेराखंड कैंप का विशेष रूप से निरीक्षण किया।

यह कैंप बूढ़ा पहाड़ से नजदीक है जहां कभी कभार नक्सलियों को देखा जाता है। सीआरपीएफ कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने वहां के स्थानीय नागरिकों से भी मुलाकात की है। अधिकारियों ने कहा कि उनकी समस्याओं के निदान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से बात की जाएगी। इसके बाद जंगल के एक कैंप में ही पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जंगली इलाके में स्थापित कैंप का उद्देश्य नक्सलियों के खिलाफ किए जा रहे कार्रवाई में जवानों की भूमिका, उनकी सूझबूझ एवं भौगोलिक ज्ञान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। साथ ही अधिकारियों के द्वारा नक्सल उन्मूलन के लिए सभी तरह के सहयोग देने की बात कही गई।

उत्क्रमित उवि अरंगी में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

गढ़वा : मेराल प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंगी में राज्य परियोजना निदेशक झारखंड के निदेर्शानुसार अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कोरोना काल में बच्चों के पठन-पाठन में हुए अंतराल के बारे में चर्चा की गई। इसके अलावे शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को स्वअध्ययन करने के लिए प्रेरित करने, सुविधा देने व सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही स्वच्छता पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में आगामी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा को लेकर शिक्षकों द्वारा तैयारी पर चर्चा की गई। जिसमें अभिभावकों ने बच्चों पर मेहनत करने पर आष्वासन दिया। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वेश प्रभाकर, शिक्षक अनुप कुमार ठाकुर, त्रिलोकीनाथ राम, निखिल कुमार सेठ, ज्योति सिंह ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से अभिभावक नारद मेहता, सुजीता देवी, अंजू कुमारी, उर्मिला देवी, संध्या देवी, बबिता देवी, प्रमिला देवी, मानमती देवी, सुनैना देवी, रीता देवी आदि उपस्थित थे।

फुटबॉल के फाइनल मैच में खरगाड़ा की टीम बनी विजेता

हैदरनगर पलामू : हैदरनगर प्रखंड के काजीनगर गांव के खेल मैदान में अंबेडकर युवा चेतना मंच की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। बुधवार की देर शाम तक जारी फाइनल मुकाबला में अमही व खरगाड़ा की टीम के बीच खेला गया। खेल के अंत तक कड़ी मुकाबला में खरगाड़ा के टीम ने अमही को एक गोल से हराकर विजेता बना। मैच का शुभारंभ भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने मैदान में गेंद फेंककर किया। वहीं फाइनल मैच के मौके पर आये मुख्य अतिथियों में पूर्व प्रमुख संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुखिया जितेन्द्र पासवान, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल, भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार मेहता ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए उत्साववर्द्धक परिणाम दर्शकों के बीच उभारने को प्रेरित किया।

मारपीट करने वाले दबंग बीडीओ नपे, सगमा बीडीओ को मिला प्रभार

श्री बंशीधर नगर : जिले के डीसी राजेश कुमार पाठक ने धुरकी प्रखंड में युवक की पिटाई किये जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने धुरकी के बीडीओ रौशन कुमार को प्रशासनिक दृष्टिकोण से तत्काल प्रभाव से विरमित कर दिया है। उन्होंने सगमा के बीडीओ सत्यम कुमार को धुरकी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का प्रभार लेने का निर्देश दिया है। यहां बताते चलें कि गत 8 फरवरी को धुरकी के बीडीओ रौशन कुमार ने धुरकी के ही बिस्कुट भुईयां की सरेआम पिटाई की थी। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। पिटाई के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बीडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये प्रखंड कार्यालय में ताला जड़ दिया था। तथा बीडीओ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी। उधर मामला गंभीर होता देख जिले के डीसी राजेश कुमार पाठक ने धुरकी के बीडीओ रौशन कुमार को प्रशासनिक दृष्टिकोण से तत्काल प्रभाव से विरमित कर दिया है। साथ ही उन्हें ग्रामीण विकास विभाग रांची में योगदान देने का निर्देश दिया है।

नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखण्ड में होगा आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

लोहरदगा : उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो की अध्यक्षता मे विकास समन्वय की बैठक हुई। बैठक में 12 फरवरी को पेशरार प्रखण्ड मे आयोजित होनेवाले आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को लर्निंग लाइसेंस के लिए शिविर आयोजित करने, सदर अस्पताल उपाधीक्षक को उक्त शिविर में टीकाकरण कैंप की टीम प्रतिनियुक्त करने का निदेश दिया गया। साथ ही फसल केसीसी के संबंध में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि बैंकों द्वारा लौटाये गये आवेदनों में त्रुटि सुधार कर वैसे आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृत करायें। जिला पशुपालन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में लाभुकों चयन सही ढंग से करें। 50 प्रतिशत अनुदान वाली योजना में जो लाभुक योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नहीं है, उनकी जगह पर दूसरे लाभुकों की सूची ग्राम सभा से पारित करा कर चयन करें। साथ ही, लक्ष्य के अनुरूप पशु शेड का निर्माण कराने की प्रक्रिया अगले 10 दिनों के भीतर प्रारंभ करा दें। श्रम अधीक्षक को ई-श्रम कार्ड का बेहतर रूप से प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया गया। वहीं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को जिला में कोविड-19 से मृत 88 व्यक्तियों के आश्रितों को जल्द से जल्द मुआवजा राशि भुगतान किये जाने हेतु अभिलेख प्राप्त करने का निदेश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द हैण्डओवर किये जाने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में सभी प्राप्त आवेदनों को जिला स्तर पर अग्रसारित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना की स्थिति में भी सुधार किये जाने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा को पेयजलापूर्ति के लिए प्राप्त 27 आवेदनों के लिए प्राक्कलन बनाने का निदेश दिया गया। जिला में कोविड टीकाकरण का सेकेंड डोज की स्थिति में सुधार लाने का निदेश दिया गया। साथ ही फर्स्ट डोज की भी समीक्षा की गई। आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त पेंशन के ऑफलाईन आवेदनों को अपलोड किये जाने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। सभी प्रखण्डों में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया।

एक नजर में

उपायुक्त के कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू : समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दिया निर्देश उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया. इसमें जिले के विभिन्न जगहों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।प्राप्त मामलों का निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार में ग्राम ओबरा से आये राम खेलावन राम ने उपायुक्त को बताया कि प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत आवास आवंटन 2020-2021 में किया गया,आवास आवंटन के लिये मुखिया एवं ग्राम सेवक के द्वारा पैसा मांगा गया लेकिन पैसा नहीं देने पर उनके कच्चा मकान को पक्का बता कर आवास आवंटन रद्द कर दिया गया।उन्होंने उपायुक्त को बताया कि वे आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति हैं।उन्होंने उपायुक्त से मामले की जांच करवा कर पुन:आवास देने हेतु अनुरोध किया।इसी क्रम में चैनपुर से आये मुरारी प्रसाद ने अपने पड़ोसी पर जबरदस्ती जमीन हड़पने की शिकायत की चैनपुर के ही पंकज चंद्रवंशी ने रास्ता पर अतिक्रमण करने को लेकर शिकायत की। लेसलीगंज के डबरा से आये सुजीत कुमार सिंह ने सभी कागजात सही रहने के बावजूद केसीसी लोन नहीं स्वीकृत किए जाने की शिकायत की।

समर्पण दिवस के रूप मे मनायी गयी पं. दीनदयाल की जयंती

भवनाथपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल भवनाथपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रुप मे मनाई गई। कार्यक्रम में भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि पं. दीनदयाल का जीवन और उनका मिशन सभी लोगों को प्रेरणा देता है। एक राष्ट्र के रूप में, एक समाज के रूप में भारत को बेहतर बनाने के लिए पं. दीनदयाल के चितन और विचार पीढ़ियों को प्रेरित करने वाला है। मौके पर भगत दयानंद यादव, जिला कार्यकारणी सदस्य मनोज पहाड़िया, संजय प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, विपिन चैबे, निरंजन कुमार पाठक, धर्मेंद्र चैबे, सच्चिदानंद सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रदीप यादव, अजीत चैबे, रवि पाल, शकील अहमद, संजीव बैठा, मुन्ना भुइयां, राजेश सिंह, अनुज कुमार, सुधीर सोनी, संतोष यादव, प्रदीप यादव आदि लोग उपस्थित थे।

दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर का वितरण

कांडी। प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, प्रखंड प्रमुख नीतू पांडेय व प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष विकास उपाध्याय ने प्रखंड क्षेत्र के एक दर्जन दिव्यांगों के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। जबकि एक दिव्यांग को ह्वीलचेयर प्रदान किया गया। कोरगाई गांव के धर्मेंद्र मेहता, मोखापी गांव के सत्येंद्र पासवान व राजकुमार राम, मझिगावां गांव के अखिलेश चैधरी व राकेश शर्मा तथा जयनगरा गांव के शत्रुघन कुमार सहित एक दर्जन दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल तथा बनकट गांव के अभिजीत कुमार को ह्वीलचेयर प्रदान किया गया। मौके पर बाल विकास परियोजना केंद्र कांडी की सुपरवाइजर संध्या देवी, झामुमो नेता पिंकू पांडेय, युवा समाजसेवी सोनू चैबे, नीरज कुमार सिंह, अंजनी कुमार सिंह, रमेश ठाकुर, रमेश चंचल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

फाइनल में रपुरा ने बोदरा को 13 रनों से हराया

मझिआंव। प्रखंड क्षेत्र के इमलिया टीकर में बोदरा क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मैच बोदरा वनाम रपुरा के बीच खेला गया। जिसका शुभारम्भ बोदरा पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर सिंह उर्फ मुना सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पंकज सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फाइनल मैच में रपुरा की टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर मे 170 रन बनाकर बड़ा स्कोर खडा किया। वहीं लक्ष्य को पीछा करते हुए बोदरा की टीम 157 रन ही बना पायी। इस तरह से रपुरा की टीम ने 13 रन से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 3100 और 1151 के साथ अपनी ओर से 2000 रुपए देकर दोनों टीमों का हौसला अफजाई किया। मौके पर चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि खेल में हार-जीत लगा रहता है लेकिन दोनों गांव पर खिलाड़ियों ने बहुत ही शांति तरीके से अपने अपने प्रदर्शन को दर्शकों को दिखाया। मेरा निरंतर यही प्रयास रहता है कि हमारे पंचायत क्षेत्र के खिलाड़ी सभी खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, हम खिलाड़ियों के साथ हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनायी पुण्य तिथि

गढ़वा। भाजपा नगर मंडल गढ़वा की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाई गई। जिला कार्यालय में शुक्रवार को उनके चित्र पर पुष्प चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, जवाहर पासवान, राजकुमार मद्धेशिया, यसवंत मिश्रा, मुन्ना तिवारी, अनवर शाह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय केषरी, बृजेंद्र पाठक, विवेकानंद तिवारी, मंगल मूर्ति तिवारी, रविंदर यादव आदि लोग उपस्थित थे।

गढ़वा ने टाउनशिप को हरा कर कप पर किया कब्जा

भवनाथपुर। अरसली उतरी पंचायत के समुदायक भवन के प्रांगण में चल रहे तीन दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच टाउनशिप और गढ़वा के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वा की टीम ने 3-0 से टाउनशिप की टीम को हरा कर कप पर कब्जा जमाए। फाइनल मैच के विजेता टीम गढ़वा को भवनाथपुर प्रमुख रीता देवी ने ट्राफी एवं खिलाड़ियों को मेडल पहनाई व उपविजेता टाउनशिप को समाज सेवी वरुण विहारी यादव ने ट्राफी दिया। इस टूनार्मेंट में 6 टीमों ने भाग लिया। जिस का दर्शकों ने पूरा खेल का आनंद उठाया। इस मैच के निर्णायक की भूमिका संजय कुमार, शिव विश्वकर्मा, महफूज आलम ने निभाई। मौके पर प्रमुख रीता देवी ने कहा कि खेल हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल खेलने से मानसिक और शारीरिक विकास होता है । वही शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी खेल जीत और हार की भावना से नहीं। आपसी भाईचारा के साथ खेलें। खेल मनोरंजन का अच्छा साधन है। वही खेल में खेलाड़ियो को बस उन्हें निखारने की जरूरत है। मौके पर हाजी शेख सिराजुद्दीन अंसारी, सत्यनरायन भइया, ब्रजेन्द्र सिंह नेभी अपनी बात रखी। वॉलीबाल टूनार्मेंट खेल का एन्क्री जियाउल कादरी ने किया। इस मौके पर सिराजुद्दीन खा, इलताफ हुसैन, उमेश विभवकर्म, शुशिला चैबे, रविन्द्र शर्मा, मंटु, उदय सह सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

घर के कमरे में मां तो बरामदे पर बेटी फंदे से लटकती मिली

संवाददाता

गोमिया (बोकारो) : गोमिया प्रखंड स्थित गरवाडीह बस्ती में लक्ष्मी देवी (51) और उनकी बेटी पम्मी कुमारी (17) का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। सुबह जब मां-बेटी गाय को चारा खिलाने नहीं निकली और काफी देर तक उनकी सुगबुगाहट नहीं मिली, तो पड़ोसियों ने आवाज दी। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर छत से देखा तो अंदर घर बंद था। इसके बाद पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर देखा, तो दोनों मां-बेटी अंदर फंदे से लटकती मिलीं। घर के अंदर मां फंदे से झूल रही थी और बरामदे में

बेटी का शव फांसी से लटका हुआ था। लोगों को इस मामले में किसी साजिश का शक है। लोगों ने बताया कि वर्ष 2013 में लक्ष्मी देवी के पति खेमन गोप का शव भी बगल के तालाब में संदेहास्पद स्थिति में मिला था। उसकी हत्या कर दी गई थी। आसपास के लोगों का दावा है कि दोनों मां-बेटी ऐसा कर ही नहीं सकती।

घटना के संदर्भ में गोमिया थाना प्रभारी आशीष खाखा ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतका की तीन बेटियां व एक बेटा है। इनमें दो बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि पुत्र राजू यादव नौकरी की तलाश में एक दिन पहले ही चेन्नई पहुंचा था। परिजनों ने बताया कि महिला के घर से जमीन का पट्टा व जेवर भी गायब है। लोगों का कहना है कि कुछ साल पहले घर के बगल में जमीन खरीदी थी। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। मृतका की तीन पुत्रियां थीं। एक पुत्री का विवाह गोमिया, तो दूसरी का खेतको में हो चुका है। जबकि, एक पुत्र राजू कुमार तीन दिन पहले ही काम करने के लिए चेन्नई गया। महिला दूध बेचकर अपना जीवन-यापन करती थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ खुलासा हो पाएगा।

हिजाब के माध्यम से विद्यालयों का इस्लामीकरण करने का षड्यंत्र निष्फल करें : प्रमोद मुतालिक

धनबाद : वर्तमान में हिजाब का प्रकरण चर्चा में है । इसमें आतंकवाद की पृष्ठभूमिवाले विविध देशद्रोही मुसलमान संगठन, दल और साम्यवादी हैं । पहले हिजाब-फिर किताबह्ण ऐसे भीतपत्रक महाराष्ट्र में मुसलमान दल और संगठनों ने लगाए हैं । इससे स्पष्ट होता है कि उन्हें पहले इस्लाम तत्पश्चात शिक्षा चाहिए । हिजाब का निमित्त कर सर्वत्र इस्लामीकरण करने का प्रयत्न रोकने के लिए हिन्दुओं को आगे आना चाहिए । आज विद्यालय की मुसलमान लडकियों को आगे कर मुसलमान संगठन लडकियों को पहले हिजाब तत्पश?चात बुरखाह्ण पहनकर आने के लिए कहेंगे । उसके उपरांत ये विद्यालयों में नमाजपठन और उसके लिए मस्जिदों की भी मांग करेंगे । विद्यालयों का यह संकटदायी षड्यंत्र निष्फल करना चाहिए और सर्व विद्यालयों में गणवेश का पालन अनिवार्य करना चाहिए, ऐसा आवाहन श्रीराम सेना के संस्थापक-अध्यक्ष श्री. प्रमोद मुतालिक ने किया। वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित विद्यालयों में हिजाब का आग्रह क्यो इस ऑनलाइन विशेष संवाद में बोल रहे थे। कर्नाटक के प्रसिद्ध चलचित्र निमार्ता और उद्योगपति श्री. प्रशांत संबरगी ने कहा कि, हिजाब का विषय केवल कर्नाटक तक मर्यादित नहीं है, अपितु यह पूर्वनियोजित अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र है । किसानों का कथित आंदोलन, पुरस्कार वापसी के समान ही वर्तमान हिजाब के संबंध में ट्वीटर पर लाखों ट्वीटस कर उसमें पाक के प्रधानमंत्री इमरान खान, नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला, पर्यावरणवादी ग्रेटा थनबर्ग सहित गणवेश और समानता का अर्थ न समझनेवाली कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी का सम्मिलित होना स्पष्ट करता है कि यह ह्यअंतरराष्ट्रीय ऐजेंडाह्ण है । संपूर्ण संसार में अनेक इस्लामी देशों में विद्यालय, महाविद्यालय, सरकारी संस्था आदि में हिजाब, बुरखा प्रतिबंधित है; परंतु भारत में हिजाब की मांग क्यों हो रही है। दिल्ली उच्च न्यायालय की अधिवक्ता विनीता राघव ने कहा कि, हिजाब का विषय अब न्यायालय में पहुंच गया है। तब भी न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा न करते हुए मुसलमान लोग आंदोलन कर रहे हैं। यह न्यायालय सहित सभी पर दबाव बनाने का प्रयत्न है। हिन्दू जनजागृति समिति के कर्नाटक राज्य प्रवक्ता श्री. मोहन गौडा ने कहा कि, कर्नाटक में विद्यालय का गणवेश परिधान न कर मुसलमान लडकियों ने हिजाब में आना प्रारंभ किया, तब हिन्दू लडकियों ने उसका वैधानिक मार्ग से विरोध किया। उसके उपरांत हिन्दू लडकियों पर पथराव की घटनाएं घटीं ।

एक नजर

भाजपाइयों ने मनायी पंडित दीनदयाल जी की जयंती

बोकारो : एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि शुक्रवार को बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-9 बी में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता योगेन्द्र कुमार चौधरी ने की व संचालन शिवानंद ने किया। इस अवसर पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए श्री चौधरी ने कहा कि आजादी से पहले और आजादी के बाद कई ऐसे नेता व महापुरुष हुए, जिन्होंने अपने बूते समाज को बदलने की पूरी कोशिश की। भारत के कुछ महान नेताओं में एक नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भी आता है, जिन्होंने अपने कार्यों से जनता की सेवा की। दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। इस महान व्यक्तित्व में कुशल अर्थचिन्तक, संगठनशास्त्री, शिक्षाविद्, राजनीतिज्ञ, वक्ता, लेखक व पत्रकार आदि जैसी प्रतिभाएं छुपी थीं। प. दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक और संगठक थे। एकात्म मानववाद और अंत्योदय प्रमुख दर्शन थे। आरएसएस के एक अहम नेता और भारतीय समाज के एक बड़े समाज सेवक होने के साथ वह साहित्यकार भी थे। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान अनेक नेताओं ने पत्रकारिता के प्रभावों का उपयोग अपने देश को स्वतंत्रता दिलाकर राष्ट्र के पुनर्निमाण के लिए किया, जिनमें प. दीनदयाल उपाध्याय भी थे। आज उनके बताए रास्ते पर हम सभी कार्यकताओं को चलने की आवश्यकता है। इस समर्पण दिवस कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में श्री चौधरी के अलावा कुलदीप कुमार कुशवाहा, शिवानंद बेदिया, मोनू शाह, आशीष कुमार, नंद कुमार, नागेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, राजकुमार सिंह, मनोज कुमार, सुमित कुमार, अशोक कुमार, गगन दास, लक्ष्मण कुमार, रोहित कुमार, शुभम कुमार, सुमित कुमार, बलराम कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

विधायक ने सड़क-निर्माण का किया शिलान्यास

तालगड़िया (बोकारो) : चंदनकियारी प्रखंड के योगीडीह में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अमर कुमार बाउरी ने किया। राज्य संपोषित योजना अंतर्गत बनने वाली यह पथ योगीडीह से तेतुलिया होते हुए भोक्ताडीह तक बनेगी। इस दौरान विधायक ने कहा कि सड़कें विकास का पैमाना होती हैं। इससे आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो पाती हैं। क्षेत्र में अभी कई चौड़ी सड़कें बन रही हैं हाल ही में संसद में जो बजट पेश किए गए हैं, इससे देश का सवार्गीण विकास होगा। भारत माला के तहत बोकारो को भी जोड़ा गया है । इसके तहत चंदनकियारी होते हुए सिक्स लेन की सड़क गुजरने वाली मुख्य पथ होगी। मौके पर नेमचंद महतो, वीणा देवी, रसराज महतो, निमाई माहथा, पंकज शेखर, प्रवीर मुखर्जी, अजय रजवार, राधेश्याम सिंह, अशोक शर्मा, विक्रांत सिंह, प्रेम गोप, शीतल सिंह, धनेश्वर रवानी, गणेश प्रमाणिक, बबलू धीवर, राकेश मुखर्जी आदि मौजूद रहे।

बरटांड़ में जावेद हबीब सैलून व एकेडमी का उद्घाटन

धनबाद : गुरुवार को धनबाद के बरटांड में पुलकरीतूदो के साझेदारी में जावेद हबीब सैलून और एकेडमी का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में उपस्थित हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने केक काटकर प्रतिष्ठान को शुभकामनाएं दी। कोयलांचल में इस अनोखे तरह की विशेष तकनीकी युक्त सैलून का उद्घाटन सारे प्रमोटर्स की माताजी ने किया। इस संस्था के संचालक धर्मेंद्र कुमार,नागेंद्र सिंह ,नवनीत ठाकुर और किशोर अवस्थी है। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह एकेडमी झारखंड में रोजगार का सृजन एवं अवसर प्रदान करेगा। एकेडमी में देश के बेहतरीन प्रशिक्षक नियुक्त किए गए हैं। प्रथम बैच 22 फरवरी से शुभारंभ होगा जिसमें अभी तक 17 लोगों ने नामांकन कराया है। एकेडमी में हेयर कटिंग ब्यूटी एंड मेकअप का कोर्स कराया जाएगा। यह सैलून झारखंड और बिहार में सबसे अधिक क्षेत्रफल 1760 स्क्वायर फीट में बना है। इसका शानदार इंटीरियर डिजाइन मुंबई की टीम ने किया है। ओपनिंग ऑफर में आकर्षक बीस प्रतिशत की छूट है जो आज से 1 महीने तक लागू रहेगी।

रूपेश पांडेय के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग

बोकारो : संपूर्ण विप्र समाज की ओर से गांधी चौक, सेक्टर- 4 में जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में एक शोक सभा सह आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम 2 मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । स्व. रूपेश पाण्डेय की निर्मम हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया गया एवं उनके हत्यारे को फांसी देने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संपूर्ण विप्र समाज का एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे एवं संपूर्ण विप्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल ओझा के नेतृत्व में हजारीबाग के बरही में उनके परिजनों से मिलेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मुकुल ओझा, प्रदेश महासचिव (संगठन) मृणाल चौबे, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर दुबे, महासचिव श्रवण झा, अक्षय कुमार दुबे, बबलू पांडेय, राजेश्वर द्विवेदी, राकेश तिवारी, अमित गिरि, वीरेंद्र चौबे, संजय तिवारी, उमेश मिश्रा, द्वारिका तिवारी, कामाख्या पांडेय,सुनील तिवारी, नीरज पांडे, संतोष मिश्रा, ऋषिकेश चौधरी, एसके झा, गजेन्द्र तिवारी, मदन पाठक, राजकुमार, चीकू आदि मौजूद रहे।

महामारी पर जीत के लिए टीकाकरण जरूरी : भोलू

बोकारो : सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन चास के पूर्व महापौर भोलू पासवान और विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्र ने कहा कि स्वस्थ राष्ट्र की कल्पना सर्वोपरि है। सर्वे संतु निरामया के ध्येय वाक्य का पालन करना आवश्यक है। विद्यार्थी स्वस्थ रहे, समाज के लोग निरोग रहें, इस दिशा में टीकाकरण अहम है। पूर्व मेयर भोलू पासवान ने भी कोरोना महामारी पर जीत के लिए टीकाकरण आवश्यक बताया। जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कैंप में 600 से अधिक छात्र.छात्राओं और 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने भी टीका लगवाया।

ईस्ट बसुरिया में बीसीकेयू एवं मायुमो की बैठक सम्पन्न

ईस्ट बसुरिया की धरती लाल थी और लाल रहेगी : जगदीश रवानी

धनबाद : शुक्रवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में ईस्ट बसुरिया कोलियरी फुटबॉल मैदान में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दुलाल चंद्र बाउरी ने की एवं संचालन भोला चौहान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी एवं मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जगदीश रवानी ने कहा कि बीसीसीएल क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनी रैयत विस्थापितों को आपस में लड़ा कर बीच में लाभ उठाने का कार्य करते आए हैं। ईस्ट बसूरिया की धरती लाल झंडे की धरती है। इस धरती में हमारे तीन वीरों ने अपनी शहादत दी है। आने वाले कंपनी में मायुमो एवं बीसीकेयु को यदि दरकिनार कर चला तो उस कंपनी को यहां चलने नहीं दिया जाएगा। मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि ईस्ट बसुरिया कोलियरी में पूर्व में आउटसोर्सिंग कंपनी ने लोगों को बरगला कर गलत तरीके से मजदूरों को छटनी किया था, जो बाद में मजदूर किसान को समझ में आया कि एकता में बल है। क्षेत्र में कंपनी ने अपना धमक दिया है। इस बार लाल झंडा पूरी शक्ति के साथ एकजुट होकर बेरोजगारों के लिए लड़ेगा। इसके लिए प्रबंधन के साथ आर पार की लड़ाई लड़ना पड़े तो पीछे नहीं हटेगा।

बैठक में मुख्य रूप से अशोक यादव, भागीरथ यादव, मिथिलेश यादव, दिलीप बाउरी, उमा राम, मनोज रवानी, मुख्तार अंसारी, कमल बाउरी, मानिक बाउरी, भवानी दास, अनिल महतो, याकूब मियां, राजेश महतो, मनोज दत्ता, भक्तू गोप, चिंटू मंडल, युसुफ अंसारी, मंजूर मियां, रवि पाठक, हीरालाल भुईया, विनोद भुईया, कृष्णा भुईया, सरोज तिवारी, बनवारी रवानी, रामजी नोनिया, दिनेश चौहान, जून मांझी, उमर हाड़ी आदि शामिल थे।

जनगणना के लिए मकान सूचीकरण को लेकर डीसी ने बैठक आयोजित की

धनबाद : जनगणना 2011 में किए गए मकान सूचीकरण को सत्यापित कर त्रुटियों को दूर करने, प्रखंड एवं गांव की लोकेशन के सत्यापन व विवाह निबंधन की प्रगति की समीक्षा के लिए आज डीपीओ सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री महेश भगत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि कोविड-19 के कारण जनगणना का कार्य स्थगित है। वहीं उप निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में जनगणना 2011 में किए गए मकान सूचीकरण व अन्य जानकारियों को सत्यापित करना है। इसके लिए आज बैठक कर सभी प्रखंड के कनीय सांख्यिकी पर्यवेक्षकों को निर्वाचन कार्य की भांति जनगणना 2021 का कार्य 'जीरो एरर एवं जीरो टॉलरेंस' के सिद्धांत के अनुरूप करने का निर्देश दिया है। सभी को फील्ड में जाकर प्रखंड के मानचित्रो के सत्यापन तथा त्रुटियों के निराकरण के लिए कहा गया है। बैठक के दौरान सभी को विवाह निबंधन करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड देकर प्रशिक्षण दिया गया। साथ-साथ 31 जनवरी 2022 तक प्रखंडों में किए गए विवाह निबंधन का डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीपीओ सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री महेश भगत, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी श्री परशुराम सिंह तथा सभी प्रखंड के कनीय सांख्यिकी पर्यवेक्षक मौजूद थे।

नयी शिक्षा नीति को लेकर बीएसएल स्कूल के शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

बोकारो : बी आइ एस एस-8बी में बीएसएल संचालित विद्यालयों के शिक्षकों और प्राचार्यों के लिए 8 फरवरी से 11 फरवरी तक सीबीएससी के मानदंडों के अनुसार आयोजित किये गए इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह बी आइ एस एस-8बी के सभागार में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक(शिक्षा) मीनम मिश्रा, सीबीएसई के जिला ट्रेनिंग समन्वयक (डीटीसी) तथा प्रिंसिपल एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल एफआर सी वर्गीस, सहायक प्रबंधक (शिक्षा) पीएम नायर सहित बी आई एस एस एस-8बी, बी आई एस एस एस-9ई और बीआईवी-11डी के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य (बी आई एसएस एस-8 बी) एसएस यादव ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में श्रीमती मिश्रा ने कहा कि नई शिक्षा नीति का प्रशिक्षण शिक्षकों और छात्रों के लिए लाभदायक साबित होगा।

बाल विवाह, मजदूरी व बाल तस्करी के खिलाफ कार्यशाला हुई संपन्न

धनबाद/महुदा : झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी के खिलाफ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कोविड 19 के नियमावली का पालन करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र कुमारडीह में किया गया।कार्यशाला में कुमारडीह के बुलंद आवाज किशोरी मंडल के 35 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में बाल विवाह, बाल तस्करी ,बाल मजदूरी एवं लैंगिक अपराध अधिनियम की जानकारी, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के सचिव हलिमा एजाज, अमान जहाँ एवं पुजा कुमारी ने बिस्तार से दिया, प्रतिभागियों ने सरकार द्वारा विवाह के 21 वर्ष करने के प्रस्ताव का स्वागत किया गया ।सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार, बाल विवाह के ये तीन उपहार है, समाज के सभी तबकों को बाल विवाह का बहिष्कार करना होगा, उन्होंने आगे कहा कि हमे एक साथ इस कुप्रथा के खिलाफ खुलकर विरोध करना होगा, हमे अपने समाज के बच्चों को उनके अधिकारों से वंचित न होने दे ।उन्होंने आगे कहा कि बाल विवाह कानूनन एवं सामाजिक अपराध है। इससे सभी को बचना होगा। कार्यशाला में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में अमान जहाँ, कौशल्या देवी, पुजा कुमारी, कलावती देवी आदि ने उपस्थित किशोरी को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में किरण कुमारी, रूपा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, शान्ति देवी, गुड़िया कुमारी आदि ने संबोधित किया।

बोकारो संगीत कला अकादमी में लता जी की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

बोकारो : स्वर कोकिला व भारतरत्न लता मंगेशकर की याद में बोकारो संगीत कला अकादमी में गुरुवार की शाम श्रद्धांजलि संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पं. राणा झा ने लता जी के गाए कुछ नगमे पेश कर श्रोताओं को आनंदित किया। कार्यक्रम की शुरूआत लता जी की तस्वीर पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन से हुई। अकादमी की ओर से प्रशासक अरुण कुमार सिन्हा ने पं. राणा झा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पं. राणा झा ने लता जी की गायकी पर प्रकाश डाला और कहा कि

जब तक धरती है तब तक लता जी का स्वर गूंजता रहेगा। लता जी के गाए गीत गुनगुनाए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगीत में क्लासिकल का अर्थ होता है अनुशासन। संगीत में जहां अनुशासन है वही क्लासिकल है। संगीत कार्यक्रम की शुरूआत उदीयमान गायिका गौरी झा ने लता जी के गाए गीत अल्ला तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम... की सुमधुर प्रस्तुति से की। तत्पश्चात पं. राणा झा लता जी के गाए ह्यमैं तो तुम संग नैना मिलाके..., ह्यहै इसी में प्यार की आबरू..., ह्ययूं हसरतों के दाग मुहब्बत में धो लिए..., ह्यबेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है..., ह्यपायो जी मैंने राम रतन धन पायो... आदि गीतों को सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर बोकारो संगीत कला अकादमी के शिक्षक अमित कुमार सरकार व हारमोनियम पर नरेश कुमार सिन्हा ने संगति की। मंच संचालन प्रसेनजीत शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन अकादमी के कोषाध्यक्ष आर एन सिंह व सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार ने किया। इस मौके पर बीएसएल के डीजीएम समीर स्वरुप गर्ग, संगीतज्ञ लिपि बोस, संजीव मजुमदार, अरुण पाठक, अरुप रक्षित, गुनगुन मजुमदार, राकेश सिंह, मनोज, हीरा देवी, महाकांत झा, शारदा झा, दुर्गेश झा आदि उपस्थित थे।

विधायक व कार्यकर्ताओ ने दीनदयाल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

धनबाद : धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय में जनसंघ संस्थापक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर विधायक तथा कार्यकर्ताओ ने श्रधांजलि दिया। कार्यक्रम में भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प दे सभी ने श्रधांजलि दिया। वही विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय का आज पुण्यतिथि है। आज सभी लोगो ने पार्टी कार्यालय में श्रधांजलि दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नीति सिद्धात सोच के साथ भाजपा चल रही।उनकी नीति सिद्धांतो के साथ काम कर रही है। गरीबो के लिये कई कल्याणकारी योजनाओं को चलाया जा रहा है।

डीपीएस बोकारो के 5 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय जर्मन क्विज प्रतियोगिता में मारी बाजी

बोकारो : गोएथे-इंस्टीट्यूट, मैक्स मूलर भवन, नई दिल्ली के सहयोग से दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल जर्मन क्विज वंडरकीव्ड में दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो के पांच विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ विजेताओं में स्थान प्राप्त हुआ है। क्विज में इतिहास, भूगोल, समसामयिक मामलों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और जर्मनी के स्मारकों के प्रश्न पूछे गए थे। इस राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में भारत के लगभग 100 स्कूलों के हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से शीर्ष 10 प्रदर्शन करनेवालों को किंडल से सम्मानित किया गया। डीपीएस बोकारो के आठवीं कक्षा की छात्रा प्राप्ति शीर्ष दस विजेताओं में शामिल हुई और उन्हें एक किंडल मिला।

नशामुक्त राष्ट्र-निर्माण पर सिटी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

नशामुक्ति समग्र व्यक्तित्व के विकास की आधारशिला : डॉ. दीपक

संवाददाता

बोकारो : बोकारो स्टील सिटी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को नशामुक्त राष्ट्र-निर्माण विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. दीपक कुंवर ने कहा नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण सभ्य समाज की पहली शर्त है। विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला नशामुक्त रहने के संकल्प में निहित है। कॉलेज परिसर निकोटिन मुक्त जोन के रूप में स्थापित है। विशिष्ट अतिथि सदर अस्पताल बोकारो के मनोचिकित्सक डॉ, प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को नशे के

दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उपायों पर चर्चा की। नशे के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं व परिस्थितियों पर सविस्तार चर्चा की। अतिथि वक्ता के रूप में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण इकाई बोकारो के जिला परामर्शी मो. असलम ने कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी दी। शिक्षण संस्थाओं में 100 मीटर की परिधि में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है या पूर्णतः वर्जित है। सार्वजनिक स्थलों पर नो स्मोकिंग जोन का साइन बोर्ड डिस्प्ले अनिवार्य है। इसके उल्लंघन पर जुमार्ना का प्रावधान है शिक्षण संस्थाओं मे नशामुक्त परिवेश की अहम भूमिका है। आयोजनकर्ता सह मनोवैज्ञानिक डॉ. प्रभाकर कुमार ने नशामुक्त राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महती भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि युवाओं को जागरूकता अभियान में आगे आकर समाज में नशे की आदतों को जड़ से मिटाने का संकल्प लेने की जरूरत है।

पोस्टर प्रतियोगिता का विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

नशामुक्त समाज निर्माण पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम स्थान श्वेता कुमारी (सेमेस्टर-5), द्वितीय स्थान पर जया कुमारी (सेमेस्टर-2) व तृतीय स्थान पर अंजली कुमारी सेमेस्टर एक को विशेष मुख्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत की गई। वक्ताओं के वक्तव्य के बाद विद्यार्थियों ने भी नशामुक्त राष्ट्रनिर्माण पर अपने वक्तव्य रखे। मौके पर डॉ. केपी सिन्हा, डॉ. वीणा शर्मा, शीला कुमारी, दिव्या सिंह, रोशन कुमार, श्रेया, वर्तिका, सुजाता, अपूर्वा सिंह, अदिति सिंह, श्वेता रानी, ज्योति सिंह, सिमरन सिंह, मानसी सिंह, ईशा ठाकुर, प्रीति रानी, क्रांति कुमारी, जीतू कुमार, रोनित कुमार मिश्रा, रौनक कुमार, गौरव सुमन, अनुराग कुमार, आनंद कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

साधना और तप की भूमि मधुबन में लगेगी कांग्रेस की चिंतन शिविर

संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल करेंगे सरकार व संगठन को लेकर चर्चा

संवाददाता

गिरिडीह : नई दिल्ली में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ कांग्रेस विधायकों की मुलाकात के बाद राजस्थान सरकार की तर्ज पर झारखंड में भी कांग्रेस तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन करेगी. यह आयोजन विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन के सिद्धयर्थ में 20 से 22 फरवरी तक चिंतन शिविर का आयोजन किया जायेगा. चिंतन शिविर में संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, सह प्रभारी उमंग सिंघार समेत झारखंड कांग्रेस के नेता, विधायक व पदाधिकारी सरकार व संगठन को लेकर चर्चा करेंगे. आपको बता दें कि दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से विधायकों की मुलाकात के बाद

तीन दिवसीय चिंतन शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है.झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से 20 से 22 फरवरी तक गिरिडीह जिले के मधुबन में चिंतन शिविर का आयोजन किया जायेगा. शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक बंधु तिर्की, मानस सिन्हा, संजय लाल पासवान एवं गजेंद्र सिंह मधुबन पहुंचकर स्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला संगठन के पदाधिकारियों ने आगंतुक अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया. बताया जाता है कि बीते दिनों राहुल गांधी के साथ बैठक में पार्टी विधायकों ने सरकार व संगठन को लेकर खुलकर अपनी बातें रखी थी. कहा गया था कि सरकार के दो वर्ष बीतने के बावजूद घोषणा पत्र में किये गये वादे पूरे नहीं हुए हैं. इसमें 27 प्रतिशत आरक्षण, स्थानीय नीति, विस्थापन आयोग समेत कई मामले शामिल हैं. इसके अलावा गठबंधन सरकार में मंत्री के रिक्त पड़े एक पद को लेकर भी पार्टी की ओर से दावा किया गया था, जिस पर राहुल गांधी ने संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री से बात करने का निर्देश दिया है. शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रसाद ठाकुर के साथ मांडर विधायक बंधु तिर्की, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा मधुबन पहुंचे. और स्थल निरीक्षण किया। मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा, सतीश केडिया, अजय सिन्हा मंटू, बलराम यादव समेत कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

हरी झण्डी दिखा कर शिक्षा जागरूकता रथ को रवाना किया

कोडरमा : झारखंड शिक्षा परियोजना, कोडरमा के सौजन्य से 100 दिवसीय रीडिंग कैंपेन के तहत शिक्षा जागरुकता रथ को समाहरणालय परिसर रवाना किया गया। उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखा कर जागरूकता रथ को रवाना किया। उपायुक्त श्री आदित्य रंजन ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 100 दिवसीय रिडिंग कैंपेन योजना प्रारंभ किया गया है। यह योजना 10 जनवरी से प्रारंभ है जो कि आगामी 10 अप्रैल 2022 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि इस रथ जिले के वैसे सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जायेगा जहां विद्यार्थी कोविड-19 के इस दौरान में पठन अभियान से वंचित हैं। साथ ही जागरुकता रथ पर विद्यालयों में उपलब्ध पुस्तकें, पंख पत्रिका सहिता अन्य पठनीय सामग्री रखी जायेगी। यह रथ कोविड 19 के सभी प्रोटोकॉल यथा मास्क, सेनिटाइजर, सामाजिक दूरी का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के मद्देनजर कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, बहाल व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक किया जायेगा।

एक नजर

तमन्ना परवीन लोकपाल नियुक्ति, डीसी ने किया स्वागत

गिरिडीह : गिरिडीह जिले में पहली बार केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार राज्य सरकार ने लोकपाल की नियुक्ति की है। इस पद पर भंडारीडीह निवासी तमन्ना प्रवीण का सिलेक्शन हुआ है। उनका सिलेक्शन लिखित एग्जाम और इंटरव्यू के आधार पर किया गया है। लोकपाल की नियुक्ति के बाद जिले में यह उम्मीद लगाई जा रही है कि विभागीय लापरवाही व भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा। खासकर के ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से मनरेगा योजनाओं में अधिकारियों व दलालों की मिलीभगत से लूट मची हुई है। मनरेगा योजना सिर्फ जिले भर में अधिकारियों का पॉकेट गर्म करने का जरिया बनकर रह गया है और हकीकत में ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर लगाम लगाने हेतु लोकपाल से अब उम्मीद की जा रही है कि इस तरह के क्रियाकलाप पर लगाम लगने वाली है। तमन्ना प्रवीण जिले के शहर की रहने वाली है वह पेशे से वकील हैं लोकपाल नियुक्ति के बाद तमन्ना परवीन ने गिरिडीह उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की. उपायुक्त ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया।

जर्जर अवस्था में वार्ड नंबर 3 पचंबा हटिया रोड

गिरिडीह : सड़क में गड्ढे या गड्ढे में सड़क, जी हाँ कुछ इसी तरह का नजारा इन दिनों नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 स्थित पचंबा हटिया रोड पर देखने को मिल रहा है. कई वर्षों से जर्जर स्थिति में रहने से यहां के स्थानीय लोग का कहना है कि इस रास्ते पर गड्ढे हो जाने से व बारिश होने के बाद पूरे रास्ते में पानी का जमाव हो जाता है,जिससे यहां आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है,यहां पर रोजाना रास्ते में गड्ढे रहने के कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है,स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की स्थिति की जानकारी कई बार वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सदानंद वर्मा को दी गई, लेकिन इसपर कोई ध्यान नही देते है, स्थानीय लोगो ने जिला प्रशासन और नगर निगम से जल्द-जल्द सड़क बनाने का अनुरोध करते हुए सड़क दुरुस्त कराने की मांग की, मौके पर संजय साव, बबलू साव, अशोक केडिया, संतोष चौरसिया, राकेश बंसल, सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

मछली पकड़ने गए व्यक्ति की नदी में डूबने से मौत

सरिया/गिरिडीह : सरिया के विजयपुर निवासी फागु सिंह की मछली पकड़ने के दौरान नदी में गिर जाने से मौत हो गई । बताया गया कि सरिया प्रखंड क्षेत्र के विजयपुर गाँव निवासी 55 वर्षीय फागु सिंह मछली पकड़ने का काम किया करता था।हर दिन की तरह आज भी माखमरगो के नदी में मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ने के बाद मृतक पैर-हाथ धोने गया जिस दौरान पैर फिसल गया और नदी मे डूब गया। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने काफी खोज-बीन किया,करने के बाद परिजनों को पता चला तो परिवार वाले गए तो देखा कि पानी मे फागु सिंह डूबा है जिसके बाद कुछ लोगो की मदद से बाहर निकाला गया।

शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया

गिरिडीह : नगर थाना और आईआरबी के जवान के संयुक्त तत्वाधान में शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस सम्बन्ध में नगर थाना प्रभारी आर ऐन चौधरी ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बड़ा चौक से कालीबाड़ी होते हुए अंबेडकर चौक तक फ्लैग मार्च निकाला गया. नगर थाना प्रभारी ने जनता से अफवाह फैलाने अफवाहों पर ना जाने की अपील किया। वही लोगों से भी अपील किया कि जनता को जब भी पुलिस की जरूरत पड़ेगी या सहायता की जरूरत पड़ेगी तो पुलिस हमेशा जनता के साथ खड़े रहेगी जनता शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर सहयोग करें।

बिजली की चपेट में आने से मिस्त्री की मौत

देवरी/गिरिडीह : देवरी प्रखंड के रानीडीह स्थित बिजली पावर सब स्टेशन में काम कर रहे इलेक्ट्रिशियन बिजली की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। मृतक का पहचान इलेक्ट्रिशियन भुवनेश्वर रविदास के रूप में की गई है जिसकी उम्र 35 वर्ष बताई जा रही है और वह प्रखंड के ही बंगारो निवासी थे। वह कई वर्षों से बिजली विभाग से जुड़कर इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्य कर रहा था। हालांकि आज सब स्टेशन में विभाग की लापरवाही की वजह से एक बिजली मिस्त्री की बिजली से झुलस कर मौत हो गई है। देवरी प्रखंड में यह पहली घटना नहीं है पिछले 1 वर्षों में आधा दर्जन बिजली मिस्त्री बिजली की चपेट में आकर अपनी जान गंवाई है और प्रत्येक बार इसी तरह हंगामा परिजनों व आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा किया जाता है. बिजली मिस्त्री की मौत की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने पावर सबस्टेशन को घंटों तक घेराव कर दिया। सब स्टेशन के गेट को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि घटना स्थल से स्टेशन मास्टर और संबंधित विभाग के पदाधिकारी भाग चुके हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी और लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। घटना को लेकर लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजन विभाग पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं।

एसआईटी नहीं कर सकती निष्पक्ष जांच

गिरिडीह : हजारीबाग के बरही निवासी रूपेश पांडेय हत्याकांड की जांच में न सरकार गंभीर है और न ही प्रशासन। स्थानीय लोगों के अनुसार सरकार से गठित एसआईटी ही संदेहास्पद है, क्योंकि एसआइटी में जिला के ही अधिकारी और प्रशासन के लोग हैं, जिनकी निष्क्रियता शुरूआत से ही देखी जा रही है। आश्चर्य इस बात का है कि इस घटना में दो दर्जन से अधिक लोग नामजद हैं और गिरफ्तारी केवल चार की हुई है। यह आरोप भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने गुरुवार को लगया। उन्होंने कहा कि दो दिन इंटरनेट सेवा बाधित कर आरोपितों को बचाने और भगाने का प्रयास किया गया। हिंसा के शिकार रूपेश के मामा सुरेंद्र तिवारी का कहना है कि पीड़ित परिवार हजारीबाग एसपी की ओर से गठित एसआइटी से खुश नहीं हैं। स्वजन निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं। साव ने कहा कि बीते दिनों धनबाद में विशेष समुदाय के एक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के साथ हुई हिंसा पर त्वरित ट्वीट कर कार्रवाई करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना को मॉब लिंचिंग की संज्ञा दी थी। आश्चर्य इस बात का है कि रूपेश पांडेय हत्याकांड में मुख्यमंत्री की तत्परता निराशाजनक है।

बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा पूजा का आयोजन

डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड अंतर्गत परहो ग्राम पंचायत में बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय पूजा का आयोजन किया गया। क्लश यात्रा का उद्घाटन जिप प्रधान शालिनी गुप्ता, जिप सदस्य शांतिप्रिया, पूर्णानगर पंचायत के उप मुखिया महेंद्र प्रसाद यादव द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष बालेश्वर राणा, कोषाध्यक्ष केदार राणा, सचिव बिरेंद्र राणा, लक्ष्मण राणा, कैलाश यादव, राजू यादव, विजय राणा, जितेंद्र राणा, डब्लू कुमार, संजय पासवान, सिकंदर राणा, करण राणा, तिलक सिंह, सुभाष राणा, कालू राणा, पंकज साहू आदि अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

पिता ने अपनी दूसरी पत्नी संग मिल ले ली बेटी की जान

नौडीहा पलामू : पलामू जिले के नौडीहा थाना क्षेत्र के करकट्टा पंचायत क्षेत्र से पुलिस ने अपनी ही बेटी फिजा खातून के हत्या के आरोप में अजमुल्लाह अंसारी व उसकी दूसरी पत्नी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया । थाना प्रभारी रंजीत यादव ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त अजमुला अंसारी व उसकी दूसरी पत्नी ने पुलिस के समक्ष यह कबूल किया है की वह पहली पत्नी से खुश नहीं था बताया कि झगड़ा होता था, इसलिए उसने दुसरी शादी की। लेकिन पहली पत्नी की बेटी फीजा खातून वैवाहिक जीवन में बाधा उत्पन्न कर रही थी इसलिए उसने हत्या कर दी। मालूम हो की बीते इक्कीस दिसंबर के रात्रि में करकट्टा ग्राम से फिजा खातून की शव बरामद की गई थी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी।

उड़ीसा साइबर सेल पुलिस की गिरिडीह में दबिश

दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार

गिरिडीह : साइबर क्राइम के आरोप में उड़ीसा के साइबर क्राइम पुलिस शुक्रवार को गिरिडीह के व्हीट्टी बाजार से दो युवकों को गिरफ्तार कर भुनेशवर ले गई। गिरफ्तार युवकों में कमल जायसवाल और आनंद भगत है। दोनों युवक नगर थाना क्षेत्र के समीप व्हीट्टी बाजार के रहने वाले है।

उड़ीसा के साइबर क्राइम की पुलिस ने दोनों युवको को गिरिडीह के साइबर थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया। और गिरफ्तार करने के बाद दोनों को पहले मेडिकल जांच कराया। इसके बाद दोनों को उड़ीसा साथ ले गई। जानकारी के अनुसार उड़ीसा के भुवनेश्वर के साइबर सेल के एसआई जेआर परिदा और मोहलिका गिरिडीह पहुंची थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गुरुवार की देर रात ही उनके घरों से गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही थी। भुवनेश्वर साइबर सेल पुलिस की महिला एसआई मोहलिका की मानें तो उड़ीसा के पाराद्वीप के इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के एक कर्मी के बैंक खाते से दोनों ने करीब 30 हजार रुपए उड़ाए थे। इंडियन ऑयल के कर्मी को दोनों आरोपियों ने एसबीआई का योनो एसबीआई का फर्जी लिंक भेजकर पहले बताया कि उनका बैंक खाता एक्सपायरी होने वाला है। लिहाजा, वो अपने बैंक खाते की पूरी डिटेल दे। जिसे खाते को सुरक्षित किया जा सके। दोनों आरोपियों के झांसे में आने के साथ कॉरपोरेशन के कर्मी ने पूरा डिटेल दिया। इसके बाद कमल जायसवाल और आनंद भगत ने कर्मी के खाते से 30 हजार की ठगी कर लिया।

खाते से ठगी होने के बाद भुक्तभोगी कर्मी ने मामले की जानकारी भुवनेश्वर के साइबर सेल को दिया। तो साइबर सेल की पुलिस जांच शुरू की। जिसमें जानकारी मिला कि कमल जायसवाल अपने दोस्त आनंद भगत के साथ पिछले कई महीनों से साइबर ठगी कर रहा था। और हर बार नए खाताधारकों को ठगने के बाद कमल जायसवाल ठगी के सारे पैसे अपने घर की एक महिला सदस्य के खाते में मंगाता था। इसी क्रम में दोनों ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के कर्मी को ठगने के आरोप में दोनों को गिरफ्तार किया गया।

बडकीटॉड मोड में मनाया बाबा पुरखा तिलका मांझी का जयंती

गिरिडीह : गाण्डेय प्रखण्ड के पंडरी पंचायत के बडकीटॉड मोड में बाबा पुरखा तिलका मांझी का जयंती मनाया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद साहब उपस्थित हुए । उन्होंने शहीदो को सम्मान देने के उद्देश्य से विधायक मद से शेड व चबूतरे का शिलान्यास किए तत्पश्चात बाबा पुरखा तिलका मांझी के सम्मान में उनके स्टैच्यू पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किए। उन्होंने संथाल समाज के लोगो को आश्वस्त किया कि समाज में विकास का जो भी कार्य होगा हर संभव करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगो को बताया आदिवासी समाज के लिए 50 पचास मांझी थान (बूढा बूढी थान) के समीप गाण्डेय विधान सभा में निर्माण कराया जा रहा है । इससे पहले आगंतुक अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। अतिथियों ने बाबा पुरखा तिलका मांझी के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर विधायक प्रतिनिधि व जिला सचिव सह बीस सूत्री सदस्य महालाल सोरेन, पूर्व विधायक ज्योतीन्द्र प्रसाद, जिला परिषद सदस्य गोपीन मुर्मू, जिला परिषद सदस्य बबली मरांडी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप मंडल, प्रखण्ड बीस सूत्री व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बेंगाबाद नुनुराम किस्कू उर्फ टाइगर, बीस सूत्री अध्यक्ष गाण्डेय ध्रुव देव पंडित, प्रखंड सचिव भैरव वर्मा, अध्यक्ष चांदमल मरांडी, शिव शंकर मंडल, राकेश टुडू , आनंद मिश्रा एवं काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे । कार्यक्रम सिद्धो कान्हु हुल महासभा द्वारा अन्योजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिडीह सदर के प्रखण्ड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष प्रधान मुर्मू व संचालन छोटेलाल मरांडी ने किया ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई पुण्यतिथि

कार्यकताओं ने समर्पण दिवस के अवसर पार्टी के नाम सहयोग राशि किया समर्पित

गिरिडीह : सदर प्रखंड के मटरूखा पंचायत में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा परिवार ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का आयोजन गिरिडीह मध्य मंडल कमिटी के अध्यक्ष अनिल वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव व कोडरमा लोकसभा सांसद के प्रतिनिधि दिनेश यादव समेत कई भाजपा नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद थे. इस दौरान पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया और आज के युवा कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों व विचारों को आत्मसात करने का आग्रह किया गया। समर्पण दिवस की परंपरा के अनुसार सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं व नेताओं ने संगठन को सुदृढ और सशक्त बनाने के लिए पार्टी फण्ड में इच्छा अनुसार सहयोग राशि समर्पित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और उन्होंने एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय जैसे जनकल्याणकारी शब्दों को सही मायने में चरितार्थ किये। देश के विभिन्न राज्यों व प्रांतों में प्रवास कर जनसंघ के सांगठनिक विस्तार पर बल दिया। अत्यंत गरीबी में जीवन व्यतीत करते हुए भी समाज के निचले पायदान व अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को मुख्यधारा में लाने का अथक प्रयास किया जो प्रेरणा स्त्रोत है। 11 फरवरी को इस महापुरुष की पुण्यतिथि को भाजपा परिवार समर्पण दिवस के रूप में मनाती है। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रविन्द्र मंडल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मौर्या, जिला कार्यसमिति सदस्य भागवत साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, लवण मंडल, मंडल महामंत्री गंगाधर दास, इनोद साव, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामचंद्र साव, नकुल तुरी, टिंकू दास, सरयू मंडल, धनंजय मंडल, गोपाल मंडल, कुमुद मंडल समेत दर्जनों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर सीएस ने कर्मचारियों के साथ की बैठक

नकल करने पर पूरी तरह लगाए प्रतिबंध : अमित

छत्तरपुर पलामू : जिले के छत्तरपुर अनुमंडल अंतर्गत सड़मा में गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय के सभा कक्ष में शुक्रवार को विश्वविद्यालय द्वारा नव नियुक्त सीएस अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी सेमेस्टर 6 व ओल्ड कोर्स पार्ट 3 परीक्षा को लेकर सभी शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने, परीक्षा में कदाचारमुक्त परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विदित हो कि सेमेस्टर 6 और ओल्ड कोर्स पार्ट 3 की परीक्षा 14 फरवरी 2022 से 2 मार्च 2022 तक होगा। सीएस अमित कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों से नकल पर लगाम लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यह भी कहा की नकल पर लगाम लगाना अतिआवश्यक है। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मास्क एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। वहीं नव नियुक्त परीक्षा नियंत्रक राजकिशोर लाल ने कहा कि यदि कोई चिट पुर्जे के साथ नकल करते हुए पाया गया तो उसे तत्काल गाइडलाइंस के अनुसार कार्यवाई किया जाएगा। साथ ही साथ यदि कोई किसी के बदले में परीक्षार्थी बन कर परीक्षा में बैठता है तो वैसे विद्यार्थियों पर कानूनी करवाई की जाएगी। श्री लाल ने यह भी कहा कि किसी भी हाल में परीक्षार्थी परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे एवं कोविड गाइडलाइंस का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ सभी वीक्षकों को आईडी कार्ड व मास्क पहनकर रहने की बात कही। सभी शिक्षकों ने नव नियुक्त सीएस एवं परीक्षा नियंत्रक को बधाई दिया। व बेहतर परीक्षा संचालन करने की शुभकामनाएं दीं। बैठक में प्रो अखिलेश कुमार सिंह, राजमोहन, राजकिशोर लाल, अशोक कुमार अग्रवाल, जैलेश गुप्ता, सुनीता कुजूर, रोहित कुमार, अपराजिता प्रकाश, मुन्नी देवी, रानी कुमारी, सूर्योदय कुमार, प्रधान सहायक योगेंद्र विश्वकर्मा, सत्येंद्र कुमार, शिव शंकर कुमार मंजय कुमार थे।

नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ

गढ़वा : गढ़वा प्रखंड के बनपुरवा गांव में नवनिर्मित षिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत जल यात्रा से की गई। इसका उद्घाटन कार्यक्रम के संरक्षक गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर एवं जल यात्रा में शामिल होकर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने भगवान भोलेनाथ से गढ़वा सहित पूरे राज्य की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन से स्वतः ही क्षेत्र में सुख, शांति एवं खुशहाली आती है। बाबा भोलेनाथ की कृपा से उन्होंने भारतवर्ष सहित पूरी दुनियां को कोरोना से मुक्ति दिलाने की कामना किया। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के किसी भी आयोजन के लिए क्षेत्र के लोग उन्हें याद करें वे हमेषा तन, मन, धन के साथ शामिल रहेंगे। शिव मंदिर कमिटी बनपुरवा की ओर से आयोजित छह दिवसीय कार्यक्रम की गुरूवार को जल यात्रा, प्रसाद वितरण एवं पूजन के साथ शुभारंभ की गई। यहां 14 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या सात बजे से रात्रि 10 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।

जी डी बगड़िया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विदाई समारोह

गिरिडीह : सदर प्रखंड के बनखंजो स्थित जी डी बगड़िया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सत्र 2021_23 का उद्घाटन तथा सत्र 2019_2021 के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉक्टर एसपी सिंहा के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष अजय बगड़िया सचिव संगीता बगड़िया के अलावा चुन्नू कांत, शिव कुमार चौधरी, मुकेश नंदन, अशोक उपाध्याय, केशव प्रसाद, डॉ शशि भूषण समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर एसपी सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को शिक्षक के साथ-साथ सामाजिक

मूल्यों से प्रेरित करने वाले शिक्षकों की आवश्यकता है आज शिक्षा को व्यवसाय के रूप में देखा जाता है असल में शिक्षा व्यवसाय नहीं बल्कि संपूर्ण विकास का एक ऐसा संसाधन है जो मनुष्य को मानव कल्याण तथा निर्माण करी बनाता है। अध्यक्ष अजय बगड़िया ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसी व्यवस्था है जो मनुष्य को मनुष्य से महापुरुष अथवा किसी महान आत्मा के रूप में बनाती है शिक्षा के द्वारा ही समस्त प्राणी जगत में मनुष्य विशिष्ट बनता है अतः शिक्षक को अपने कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। जिससे हमारा संस्थान सदैव तत्पर रहता है। सचिव संगीता बगड़िया ने योग की शिक्षा का महत्व बताया और कार्यक्रम में सबसे उपयुक्त योग करने पर छात्रों का एक सेमेस्टर का शुल्क माफ कर पुरस्कृत करने का आश्वासन दिया। अन्य अतिथियों ने भी शिक्षा के प्रति अपने विचारों को रखा।

इस कार्यक्रम में नए सत्र 2021_23 के छात्र छात्राओं को पाठ्य क्रम पुस्तक,स्वामी विवेकानंद की उपदेशात्मक पुस्तक का वितरण कर, परिचय एवं इ,ए से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई साथ ही साथ सत्र 201921 के सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय परीक्षा में अव्वल प्रथम 3 छात्रों(दीपाली प्रथम,इंद्रदेव वर्मा द्वितीय,सिकंदर राना तृतीय) को विशेष पुरस्कार से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। महाविद्यालय के उपप्राचार्य अनिल प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि या महाविद्यालय झारखंड में शिक्षण संस्था के रूप में उपस्थित सबसे अग्रणी महाविद्यालयों में से एक है इसे नेक द्वारा इ॑१ी प्राप्त है हमारे संस्थान का संकल्प है कि यह छात्र छात्राओं को श्रेष्ठतम शिक्षा प्रदान करते रहेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राध्यापक अर्घो चटर्जी के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका वंदना चौरसिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापिका वंदना चौरसिया, रजनी कुमारी बिना झा, माधुरी कुमारी , प्राध्यापक आनंद पांडे आशीष कुमार अशोक पटेल, अमित कुमार, पंकज गुच्छित अरनब सामंता, सोनी कुमारी, इत्यादि की आम भूमिका रही वर्तमान सत्र 202022 के दीपक पांडे, गोपाल कुमार हसन, कौशल कुमार, विकास यादव, रीना हेंब्रम अनमोल, मौशाली, नेहा,प्रीति, इत्यादि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

वॉलीबॉल : अहमदाबाद डिफेंडर्स की विजयी हैट्रिक

हैदराबाद, 11 फरवरी : अहमदाबाद डिफेंडर्स ने लगातार चार सेट जीतते हुए गुरुवार रात यहां जीएमसी गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए पावर्ड बाय ए 23 रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के छठे मैच में हैदराबाद ब्लैक हॉक्स को 4-1 (15-13, 15-10, 15-12, 9-15) से हरा दिया। अहमदाबाद के मुथुस्वामी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया।

अहमदाबाद की इस सीजन में यह लगातार तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में मजबूती से टॉप पर है। वहीं, हैदराबाद की दो मैचों में यह पहली हार है और वे दूसरे नंबर पर है। हैदराबाद ब्लैक हॉक्स ने टॉस जीतकर रिसीव करने का फैसला किया।

टेक्निकल टाइम आउट तक एक प्वाइंट से पीछे रहने वाली अहमदाबाद डिफेंडर्स ने लगातार क्रेड सुपर प्वाइंट लेते हुए बढ़त बना ली और फिर 15-13 से पहला सेट अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद डिफेंडर्स की टीम दूसरे सेट में भी चार सेट प्वाइंट जीतकर 15-10 से इस सेट को भी अपने पक्ष में करते हुए जल्द ही मुकाबले में 2-0 से आगे हो गई। तीसरे सेट में डिफेंडर्स फिर टेक्निकल टाइम आउट तक एक प्वाइंट से आगे थी। टीम ने इसके बाद लीग के सबसे महंगे सेटर अंगामुथु के दम पर स्कोर को सेट प्वाइंट तक पहुंचा दिया।

अहमदाबाद ने फिर 15-12 से लगातार तीसरा सेट भी जीतकर मैच को 3-0 से जीत लिया और मैच से दो प्वाइंट हासिल कर लिए। चौथे सेट में भी अहमदाबाद डिफेंडर्स ने बैक टू बैक अंक लेते हुए 15-8 से इसे अपने पक्ष में कर लिया। पांचवें और अंतिम सेट में अहमदाबाद के पास बोनस प्वाइंट लेने का मौका था। लेकिन हैदराबाद ब्लैक हॉक्स ने 15-9 से मैच का पहला सेट जीत लिया और बोनस प्वाइंट लेने के अहमदाबाद के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

कोविड-19 के वजह से इंडियन ओपन 2022 गोल्फ टूर्नामेंट रद्द

सरे, 11 फरवरी : द डीपी वर्ल्ड टूर जिसे पहले यूरोपियन टूर के नाम से जाना जाता था, ने आज इंडियन ओपन 2022 को रद्द करने और इस सीजन के चाइना ओपन को कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण स्थगित करने की पुष्टि की। 17 -20 फरवरी की अपनी मूल निर्धारित तिथि से स्थगित होने के बाद, इंडियन ओपन के पुनर्निर्धारण की उम्मीद की गई थी, लेकिन अब इस प्रतियोगिता का आयोजन 2022 में नहीं होगा। इंडियन गोल्फ यूनियन, टूर्नामेंट के आयोजन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, और डीपी वर्ल्ड टूर के साथ, 2023 में टूर के शेड्यूल पर लौटने की योजना बना रहा है। इस बीच, चाइना ओपन, जो 28 अप्रैल से 1 मई तक होने वाला था, चीन में चल रहे प्रतिबंधों के कारण स्थगित कर दिया गया है। डीपी वर्ल्ड टूर और चाइना गोल्फ एसोसिएशन बाद में 2022 सीजन या 2023 सीजन की शुरूआत में एक उपयुक्त वैकल्पिक तारीख खोजने की कोशिश करेगा।

डब्ल्यूएनसीएल के शुरुआत 22 फरवरी से, फाइनल 25 मार्च को

मेलबर्न, 11 फरवरी : क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को 2021-22 महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (डब्ल्यूएनसीएल) के शेष बचे सीजन के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। पूरे 29 मैचों का सीजन संशोधित कार्यक्रम के तहत पूरा किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम फाइनल से पहले आठ मैच खेलेंगी। सीजन की शुरूआत 22 फरवरी को न्यू साउथ वेल्स और ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटोरी के बीच मैच से होगी।

फाइनल 25 मार्च शुक्रवार को खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट संचालन और समय-निर्धारण के प्रमुख पीटर रोच ने एक बयान में कहा, सीए डब्ल्यूएनसीएल सीजन के शेष और पूरे 29 मैचों के कार्यक्रम की पुष्टि करने के लिए खुश है।

समेकित कार्यक्रम प्रत्येक टीम के घर से दूर बिताए जाने वाले समय को कम करने का प्रयास करता है, लेकिन हम स्वीकार करते हैं कि खिलाड़ियों, कर्मचारियों और मैच अधिकारियों ने काफी महत्वपूर्ण समझौते किये हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट एनएसडब्ल्यू और क्रिकेट एसीटी पर्याप्त संख्या में तटस्थ मैचों की मेजबानी करेगा और हम विशेष रूप से उनके कर्मचारियों और अन्य सभी मेजबानों को सीजन को पूरा करने की अनुमति देने के प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हैं। शेष सभी मैच ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटोरी, न्यू साउथ वेल्स, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया के स्थानों पर खेले जाने हैं।

अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे डिफेंडिंग चैंपियन डिएगो

ब्यूनस आयर्स, 11 फरवरी : डिफेंडिंग चैंपियन डिएगो श्वाट्र्जमैन ने अर्जेंटीना ओपन 2022 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। अंतिम 16 में अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी श्वाट्र्जमैन ने स्पने के जाउमे मुनार को शिकस्त दी। श्वाट्र्जमैन ने मुनार को 2 घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (2), 7-6 (4) से हराया। अंतिम आठ में श्वाट्र्जमैन का सामना हमवतन फ्रांसिस्को सेरुंडोलो (107वें) से होगा, जिन्होंने अंतिम 16 में सर्बियाई खिलाड़ी मिओमी केकमानोविक (64वें) को 6-3, 3-6, 6-2 से हराया। सेरुंडोलो ने लगातार दूसरे साल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दिन में, इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी फैबियो फोगनिनी ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-4, 7-6(5) से हराकर अप्रैल के बाद पहली बार टूर-लेवल इवेंट में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के मुख्य कोच नियुक्त हुए जेम्स फोस्टर

लंदन, 11 फरवरी : इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर जेम्स फोस्टर को हंड्रेड के दूसरे सत्र से पहले नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया है। फोस्टर डैरेन लेहमैन की जगह लेंगे। यॉर्कशायर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डैरेन लेहमैन ने पिछले महीने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया था। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने फोस्टर के हवाले से कहा,मैं नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के साथ जुड़कर और इस सीजन में टीम के साथ काम करने को लेकर खुश हूं। उन्होंने कहा, मुझे पिछले साल हंड्रेड देखना और इतने सारे बच्चों और परिवारों को इसका आनंद लेते देखना पसंद था, और मैं वास्तव में समूह के साथ मिलने और शुरूआत करने के लिए उत्सुक हूं। फोस्टर को उम्मीद है कि वह नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के क्रिकेट खेलने की शैली से प्रशंसकों को उत्साहित कर सकते हैं। फोस्टर ने कहा, यह एक बहुत बड़ा विशेषाधिकार है और मैं खिलाड़ियों के एक रोमांचक समूह के साथ काम करने के लिए रोमांचित हूं और उम्मीद है कि हम जिस तरह की क्रिकेट खेलते हैं, उससे हम समर्थकों को उत्साहित कर सकते हैं।

वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट गिरा भारत ने रखा 266 रन का लक्ष्य

नई दिल्ली : भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर खेल रही है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने रिषभ पंत और श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 265 रन बनाए। अब वेस्टइंडीज को जीत के लिए 266 रन बनाने हैं। खबर लिखे जाने तक वेस्टइंडीज ने 5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 25 रन बनाए थे। भारत के मिले 266 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम को पहला झटका 19 रन के स्कोर पर लगा। मोहम्मद सिराज ने शाई होप को 5 रन के स्कोर पर छहृ कर वापस भेजा। दीपक चाहर ने ब्रैंडन किंग को 14 रन के स्कोर पर सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच करवा भारत को दूसरी कामयाबी दिलाई। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रुक्स को शून्य पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करवाया। भारत जब बल्लेबाजी करने उतरी तो रोहित शर्मा ने पहले ही गेंद पर अपन इरादा जाहिर कर दिया, लेकिन वह चौथे ओवर में ही 13 रन बनाकर आउट हो गए। इसके दो गेंद बाद ही विराट कोहली भी डक पर आउट हो गए। दोनों को अल्जारी जोसेफ ने आउट किया। शिखर धवन को ओडियन स्मिथ ने 10 रन पर आउट करके टीम इंडिया को तीसरा झटका दिया। रिषभ पंत ने 56 रन की पारी खेली और वो हेडेन वाल्श की गेंद पर कैच आउट हुए। पंत और अय्यर के बीच चौथे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी हुई। सूर्यकुमार यादव सिर्फ 6 रन बनाकर फेबियन एलन की गेंद पर कैच आउट हो गए। श्रेयस अय्यर ने 80 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन हेडेन वाल्श ने उनकी पारी का अंत कर दिया। दीपक चाहर 38 रन जबकि कुलदीप यादव 5 रन बनाकर आउट हुए।

झारखंड के हॉकी खिलाड़ी बेंगलुरु रवाना

रांची। 14 फरवरी से 31 मार्च तक बेंगलुरु में आयोजित जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए हॉकी इंडिया ने पूरे देश से 65 खिलाड़ियों की को चयनित किया है इस चयन सूची में हॉकी झारखंड सहित विभिन्न टीमों से खेलते हुए झारखंड के 07 खिलाडी भी चयनित हुए हैं इन0 7 खिलाड़ियों में सिमडेगा जिला के असीम तिर्की =कोरोमीया महतो टोली,डेनिश केरकेट्टा= नोंगड़ा ,अल्बर्ट डुंगडुंग= बासेन, सचिन डुंगडुंग =करगागुड़ी , प्रीतम टोप्पो =कुरडेग खरवा टोली तथा खूंटी जिला के तोरपा प्रखंड से बिरसा ओड़िया और आतिश दोदराय हैं। इनमें से चार खिलाड़ी असीम तिर्की, डेनिस केरकेट्टा,अल्बर्ट डुंगडुंग और बिरसा ओड़िया आज सिमडेगा से बंगलौर के लिए रवाना हुए । हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष हॉकी झारखंड मनोज कोनबेगी एवं अन्य पदाधिकारियों ने सिमडेगा से शुभकामनाएं देकर बेंगलुरु के लिए रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप लोग वहां बेहतर करें और जिस तरह हमारे महिला खिलाड़ी आगे आ रहे हैं आप लोग भी और कड़ी मेहनत करे और टीम में जगह बनाएं और अपने माता पिता जिला एवं राज्य का नाम रोशन करें ।वर्षों बाद झारखंड बिहार में यह पहला अवसर है कि एक साथ हमारे झारखंड से 07 पुरुष हॉकी खिलाड़ी कैंप में शामिल हुए हैं इस मिले अवसर का लाभ लें।खिलाड़ियों को विदा करने में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष सहित कोषाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी ,उपाध्यक्ष सह कैंप में सामिल असीम तिर्की की बड़ी बहन प्रतिमा तिर्की इत्यादि उपस्थित थे।

वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के सहायक कोच बने जोनाथन

वार्विकशायर, 11 फरवरी : वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट को 2022 सीजन के लिए टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। ट्रॉट ने शुरू में कुछ दिनों के लिए वार्विकशायर के साथ 2021 में सलाहकार के रूप में काम किया था। ट्रॉट ने वार्विकशायर के साथ पांच ट्राफियां जीती हैं और इंग्लैंड के लिए 52 टेस्ट मैच खेले हैं। वहीं, उन्होने 62 लिस्ट ए मैच खेले हैं। ट्रॉट ने वर्ष 2018 में क्रिकेट से संन्यास लिया। ट्रॉट ने एक बयान में कहा, अपने घरेलू काउंटी के लिए एक कोच के रूप में काम करना सौभाग्य की बात है। हमारे पास यहां खिलाड़ियों का एक उत्कृष्ट सेट है और उन्हें एजबेस्टन में चैंपियनशिप जीतते हुए देखना एक अविश्वसनीय रूप से गर्व का दिन था। उन्होंने कहा, हालांकि, हम इस सफलता को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वार्विकशायर में ट्राफियां जीतने का हमारा गौरवपूर्ण इतिहास है और मैं खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहता हूं और उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता हासिल करने का सबसे अच्छा मौका देना चाहता हूं।

जमशेदपुर ने केरला ब्लास्टर्स को 3-0 से हराया

गोवा, 11 फरवरी : जमशेदपुर एफसी हीरो दबदबे भरी जीत के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पहुंच गई है। जमशेदपुर ने गुरुवार रात बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी को 3-0 से हरा दिया। अपनी सातवीं जीत से जमशेदपुर 25 अंक लेकर तालिका में तीन स्थान की छलांग दूसरे स्थान पर आ गई है। कोच ओवेन कोयले की टीम ने 14 मैचों में छह जीते हैं और चार ड्रा खेले हैं। वहीं, अपनी तीसरी हार के कारण केरला अंक तालिका में तीन स्थान लुढ़क करके पांचवें स्थान पहुंच गई है। कोच इवान वुकोमेनोविक की टीम के पास 14 मैचों में छह जीत और पांच ड्रा से 23 अंक हैं। मैच का पहला गोल 45वें मिनट में आया, जब ग्रेग स्टीवर्ट ने पेनल्टी किक को भुनाकर जमशेदपुर एफसी को 1-0 से आगे कर दिया। जमशेदपुर को यह सुनहरा अवसर उस समय मिला, जब एक लम्बे थ्रू-पास पर गेंद को नियंत्रित करते ग्रेग को केरला ब्लास्टर्स के डिफेंडर डेनेचंद्रम मीतेई ने बॉक्स के अंदर पीछे से खींचकर गिराकर फाउल कर दिया और रेफरी अश्विन ने पेनल्टी किक देने में कोई देरी नहीं की। स्कॉटिश फॉरवर्ड ग्रेग ने लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को पोस्ट के एकदम दाहिने किनारे की तरफ डाल दिया, जबकि गोलकीपर प्रभसुखन गिल विपरीत दिशा में डाइव लगा बैठे।

अभ्युदय ने बनाये अर्धशतक

लखनऊ, 11 फरवरी : डाक्टर यशपाल सिंह क्रिकेट टूनामेंट में सीएसडी सहारा व अशर्फी के बीच मैच खेला गया, जिसमें सीएसडी सहारा ने 100 रन से मैच को जीत लिया। टास जीतकर सीएसडी सहारा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाते हुए 35वें ओवर में ही आउट हो गयी। इसमें सर्वाधिक 50 रन अभ्युदय ने बनाये। वहीं अंशु तिवारी ने 37 रन, देव चौधरी ने 27 रन का योगदान दिया। वहीं अशर्फी के गेंदबाज आकाश ने छह ओवर गेंद डालकर 36 रन देते हुए चार विकेट लिये। अशर्फी की पूरी टीम 20वें ओवर में ही कुल 48 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और सीएसडी की टीम 100 रन से मैच को जीत लिया। इसमें सर्वाधिक 12 रन मोहम्मद जावेद ने बनाये। वहीं सीएसडी की टीम के गेंदबाज अंशु ने छह ओवर गेंद डालकर मात्र दो रन देते हुए तीन विकेट झटके।

द रांची प्रेस क्लब मीडिया कप क्रिकेट 2022

रांची। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी द रांची प्रेस क्लब मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन करने जा रहा है। खुशी की बात है की इस वर्ष के आयोजन में आयोजन में रांची प्रेस क्लब को टाटा स्टील का साथ मिला है। आगामी 16 फरवरी से 27 फरवरी तक होनेवाली द रांची प्रेस क्लब मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2022 के लिए टीम का गठन लॉटरी के माध्यम से किया गया। कुल 268 पत्रकारों ने निबंधन कराया था। इसके अलावा मैनेजिंग कमिटि के 15 पदाधिकारी भी टीम अजय के रूप में शामिल होंगे। 12 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। टीम चयन की पूरी प्रक्रिया वरिष्ठ खेल पत्रकार चंचल भट्टाचार्य, अजय कुकरेती व सुशील सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रेस क्लब मैनेजिंग कमिटि के पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। सभी टीम की सूची इस प्रकार है :

ग्रुप अ
सकरी, अमानत व मयूराक्षी

ग्रुप उ
कांची, दामोदर, स्वर्णरेखा

ग्रुप इ
भैरवी, गंगा, खरकई

ग्रुप ऊ
अजय, कोयल, शंख

टीम अजय

संजय मिश्रा, पिंटू दुबे, जावेद अख्तर, अभिषेक सिन्हा, सुशील कुमार सिंह मंटू, मानिक बोस, रूपम, संजय रंजन, दीपक जायसवाल, किसलय शानू, सुनील कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र गिरी, राकेश कुमार, परवेज कुरैशी व राज वर्मा।

टीम दामोदर

विवेक चंद्रा, प्रेम शंकर, पंकज कुमार सिन्हा, आशुतोष मिश्रा, एसएम खुर्शीद, उत्तम कुमार महतो, मोहम्मद नकी इमाम रिजवी, विजय कुमार (846) अभिषेक जैन, अमित कुमार (449) सुनील कुमार (927) शशि भूषण, मोहम्मद फिरोज जिलानी, आसिफ नईम, आकाश कुमार (719) राजेश कुमार सिंह, विनय कुमार, कुमार विकास सिंह, अजीत कुमार, अनुराग ठाकुर, कुमार कौशलेंद्र, जितेंद्र राम, संजीव रंजन सिन्हा. मैनेजर : सफीक अंसारी

टीम कांची

प्रवीण कुमार, चंदन वर्मा, किशोर कुमार, सुधीर कुमार जयसवाल, राजीव कुमार, पंकज कुमार सिंह, रंगनाथ चौबे, अक्षय तिवारी, जगदीश सिंह, पंकज कुमार, संदीप कुमार, दीपक ओझा, भुनेश्वर महतो, विमल देव, संदीप कुमार(456) राजेश कुमार(449) राकेश कुमार (153) मुजफ्फर हुस्सैन, संजीव रंजन, कुणाल कुमार कश्यप, संदीप नाग, दीपक कुमार(605) कुंदन सिंह, मैनेजर : राजदा हुसैन

टीम भैरवी

सोमनाथ सेन, सोहन सिंह, रूपेश नारायण, नवीन कुमार, मोहम्मद असगर खान, विकी कुमार पासवान,अमिता सिन्हा, सुनील कुमार पांडे, संजीव कुमार तिवारी, नदीम अख्तर, अमलेश नंदन सिन्हा, संजीत कुमार दीपक, राकेश कुमार तिवारी, कृष्ण कुमार शर्मा, संजीव कुमार सिंह, मनोज कुमार लाल, हसन रजा मंसूरी, अमित कुमार सिंह(498) सरफराज कुरेशी, कौशल आनंद, काली किंकर मिश्रा, अभिषेक कुमार राय, अभिषेक कुमार चौबे, सुनील चौधरी, मैनेजर : सुषमा सिन्हा

टीम कोयल

ओमप्रकाश सिंह (941) मोहम्मद मुजम्मिल आलम, संजय मुखर्जी, मोहम्मद वसीम हुसैन, अभिषेक कुमार(951), चौधरी रेहान अहमद, अनुज कुमार तिवारी, विपिन कुमार पांडे, दिनेश शुक्ला, श्रवण कुमार सिंह, जयशंकर कुमार, राकेश सिंह, दिलीप सिंह, परवेज अख्तर, संतोष कुमार सिन्हा, संजय कुमार सुमन, मोहम्मद रियाज आलम, राजेश तिवारी, विवेक शर्मा, विश्वजीत कुमार जितेंद्र कुमार पोद्दार, सुनील कुमार मेहता (545) , पूजा बोस, मुकेश कुमार सिन्हा, मैनेजर : भरत भूषण प्रसाद

टीम अमानत

सतीश कुमार, अमित कुमार सिंह, मुर्शीद आलम, राजा मेहदी, अरविंद कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह(668) आकाश कुमार (421) राहुल कुमार दीक्षित, धर्मेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार (978) कुंदन कुमार, मोहम्मद वसीम अकरम, दुष्यंत कुमार तिवारी, नीलमणि चौधरी, मिथीलेश झा, मिथलेश चंद्र दिक्षित, रवि शंकर सिंह, सुरेंद्र लाल सोरेन, बिनय कुमार(100) विकास कुमार पांडे, आलोक कुमार सिन्हा, राजकुमार (585), अखिलेश कुमार सिंह. मैनेजर : विनय वर्मा

टीम स्वर्णरेखा

नीतीश कुमार, राजेश कुमार झा, प्रशांत कुमार, मनीष झा, अविनाश कुमार (570), अमित कुमार(688) मुन्ना शर्मा, मनीष जायसवाल, मोहम्मद हसन हुसैन, रामदीन कुमार, एसके समीर, अमेरिका कुमार, मोहम्मद फिरोज आलम, जितेंद्र कुमार सिंह, अरविंद कुमार (1028) अभय प्रसाद, संतोष पाठक, प्रदीप कुमार जयसवाल, समीर कुमार, मनोज कुमार सिंह, दीपक मिश्रा, विकास कुमार नाथ और मुकेश कुमार, मैनेजर : विनय चतुर्वेदी

टीम खरकई

धर्मेंद्र कुमार पाल, पंकज जैन, संतोष कुमार सिंह (838), संदीप कुमार मिश्रा (288) एएसआरपी मुकेश, राज कुमार सिंह, शक्ति सिंह, मनोज कुमार सिंह (517), मनोज कुमार शर्मा, ज्ञान रंजन कुमार, मनोज कुमार पाठक, विनय कुमार मुरमू, प्रभात कुमार सिंह, सुमित कुमार वर्मा, सुरेन प्रसाद, ओमप्रकाश (681) विनोद कुमार, जय गोविंद प्रसाद, दीपक सिंह (21) सत्यजीत कुमार, ओमप्रकाश सिंह (944) रिजवान आरिफ, प्रभाष चंद्र झा, मयंक कुमार सिंह, मैनेजर : दिव्यांशु कुमार

टीम गंगा

बृजेश कुमार दुबे, सुनील पोद्दार, बीपी गोस्वामी, रिकी राज, संजय कुमार सिन्हा, राणा अरुण सिंह, अजय दयाल, विकास कुमार (0740), शशि कुमार, राधेश्याम खान, समीर रंजन, आलोक कुमार सिंह, अनूप सोनू, दीपक कुमार (655), रवि चंद्र कपूर, उमेश कुमार, सौरभ चौबे, मनोरंजन कुमार सिंह, आमोद कुमार साहू, उदयम प्रभात, ओम प्रकाश (855) अमित कुमार (989), मोहम्मद असफर नवाज। मैनेजर : मोनिका गुप्ता

टीम मयूराक्षी

शाहीन अहमद, हेमंत सूत्रधार, अनिल कुमार (811) एहसान उल हसन, चंद्रशेखर सिंह, राजेश कुमार (685) चंदन सिन्हा, एसएम आशीफ, लोकेश कुमार वैद्य, चंदन चौधरी, संजीव कुमार (207) सुनील कुमार (919) राजेश कुमार, अमित कुमार (766), अनुज कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, अशोक कुमार गोप, अरविंद कुमार मिश्रा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, लाल दिवाकर नाथ शाहदेव, राजीव रंजन सिंह, शशि पांडे, मोहम्मद दानिश अयाज. मैनेजर : शिवकुमार अग्रवाल

टीम शंख

अजय कुकरेती, कुमार सौरभ, मनोज कुमार सिंह (808) राजीव रंजन, चंद्रशेखर राम उपाध्याय, विशाल कुमार, मोहम्मद मोहिउद्दीन, नसीम अख्तर, दीपक कुमार, संजीव कुमार बॉबी, गौतम चौधरी, शंकर कुमार ठाकुर, सुशील तिर्की, राजीव रंजन कुमार, सुनील कुमार (568) राजीव कुमार पांडे, प्रतीक कुमार सिंह, संजीव सिन्हा(1036), मनीष कुमार, राजेश कुमार (129) प्रवीण कुमार मिश्रा, मोनू कुमार, कृष्ण कुमार पांडे, उदय शंकर, मैनेजर : आनंद मोहन

टीम सकरी

उपेंद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार भट्ट, आशुतोष कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, सत्य प्रकाश पाठक, शकील अख्तर, फहीम अख्तर, संजय सिंह, कुंदन कुमार ठाकुर, सौरभ शुक्ला, सनी शारद, राजू कुमार सिंह, विकास कुमार राजगढ़िया, नदीम जफर जिलानी, कुणाल कुमार, विनोद कुमार सिंह, कामरान जलीली, मोहम्मद आसिफ, महादेव सेन, दिवाकर सिंह, अमन कुमार, अखिलेश कुमार, तारकेश्वर प्रसाद। मैनेजर : एस मृदुला

संक्षिप्त

बिना कागजात के 9 हाइवा जब्त

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त सूरज कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जमशेदपुर के सुंदर नगर थाना क्षेत्र में कल देर रात माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार के नेतृत्व में चलाये गये छापामारी अभियान में बिना कागजात के नौ हाईवा पकड़े गये।

डिजिटल एक्स-रे का उद्घाटन

साहिबगंज : साहिबगंज सदर अस्पताल में शुक्रवार को उपायुक्त रामनिवास यादव ने टीबी मरीजों के लिए विशेष रूप से डिजिटल एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया। इसके अलावा एक अन्य इलेक्ट्रॉनिक मशीन का उद्घाटन उपायुक्त रामनिवास यादव ने किया। इसके द्वारा टीबी मरीजों की मॉनिटरिंग की जाएगी। टीबी मरीज समय पर दवा ले रहे हैं या नहीं। उद्घाटन के बाद उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि वर्तमान में जिले में टीबी मरीज खोज अभियान चलाया जा रहा है।

सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

गोड्डा : जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में शुक्रवार को तीन लोगों की जान चली गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के तालझारी गांव के पास हुई। मजदूरों के ले जा रही एक ऑटो पलट गई, जिसमें सवार सवार सोनेलाल मोहली एवं उमेश कुमार मंडल सहित दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सोनेलाल मोहली एवं उमेश कुमार मंडल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गोड्डा रेफर कर दिया गया, जहां सोनेलाल मोहली ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

मधुबन पहुंचे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर

स्थानीय नीति में ही अबतक उलझे हैं युवाओं की चिंता जरूरी : राजेश

संवाददाता

गिरिडीह : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि अलग राज्य गठन के 21 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक कोई स्थानीय नीति तय नहीं होने से युवाओं को बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ रहा है। राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को मधुवन दौरे के क्रम में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अभी तक झारखंड के लोग इसी बात में उलझे है कि स्थानीय नीति क्या होगा। लेकिन इसका सबसे अधिक दंश युवा पीढ़ी को झेलना पड़ रहा है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, इसलिए सरकार को अविलंब यह तय करना चाहिए कि जल्द से जल्द एक स्थानीय नीति का निर्धारण हो।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार भाषा और स्थानीय नीति के मसले पर गंभीरता पूर्वक विचार कर रही है, कैबिनेट की बैठक में भी इस मसले पर चर्चा होने की बात सामने आयी है, वहीं प्रदेश में संगठन का प्रमुख होने पर उन्होंने भी इस संबंध में पार्टी कोटे से सरकार में शामिल मंत्रियों से इस बात पर चर्चा की और युवाओं की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने का काम किया है। राजेश ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से नियुक्तियें के मसले पर विवादों का नाता रहा है, सरकार जो भी हो, युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए एक ठोस फैसला लेने की जरूरत है।

भाषा को लेकर उपजे विवाद और पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव के पार्टी छोड़े जाने के संबंध में पूछे गये एक सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनके पति डॉ अरूण उरांव को भी कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी थी, लेकिन अपने राजनीतिक फायदों के कारण पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी और अब गीताश्री उरांव ने संगठन छोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि गीताश्री उरांव को भाषा की इतनी ही चिंता थी, तो पहले ही संगठन स्तर पर उन्हें इस मुद्दे को उठाना चाहिए था।

साइबर ठगों ने उड़ाये 1.17 लाख रुपये

रामगढ़ : रामगढ़ की एक युवती को साइबर ठग ने आईसीआईसीआई बैंक के कस्टमर केयर अधिकारी के नाम पर उसके अकाउंट से 1.17 लाख रुपए ठग लिए। घटना के बाद शुक्रवार को युवती सृष्टि शुक्ला रामगढ़ थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया। सृष्टि शुक्ला रामगढ़ शहर के आनंद नगर, पतरातू बस्ती की रहने वाली है। उसने बताया कि 10 फरवरी को उसने ऑनलाइन शॉपिंग करने के लिए अपने गूगल पे अकाउंट से 1875 रुपए ट्रांसफर करने की कोशिश की थी। सर्वर डाउन होने की वजह से उसका ट्रांसफर तो फेल हो गया। इसके बाद उसने आईसीआईसीआई बैंक के कस्टमर केयर को कॉल लगाया। उसका कॉल तो रिसीव नहीं हुआ, लेकिन कुछ देर बाद आईसीआईसीआई बैंक के कस्टमर केयर के नाम पर ही उसे कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। ऐप डाउनलोड करने के बाद उसमें अकाउंट नंबर और ओटीपी शेयर करने को कहा गया। उसने जैसा ही ऐसा किया उसके बैंक खाते से 48551 और 48551 दो बार ट्रांजैक्शन हुआ और उसका अकाउंट खाली हो गया। इसके अलावा उसका एक और अकाउंट यस बैंक के बेंगलुरु शाखा में था, जिसमें से भी 20000 कट गए।

बार-बार बयान बदल रहा हत्यारोपित

संवाददाता

जमशेदपुर : कदमा में शव के साथ गिरफ्तार विश्वजीत बार-बार पुलिस के सामने बयान बदल रहा है। उसने मृतक धर्मेंद्र सिंह के परिवार से रंगदारी में 50 लाख रुपये की मांग की थी। वह मृतक धर्मेंद्र सिंह को 10 वर्ष पुराना मित्र बता रहा है। साथ ही उनके चरित्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाया है।

जमशेदपुर के सीनियर एसपी डॉ तमिलवानन ने बताया कि कदमा से गिरफ्तार विश्वजीत सिदगोड़ा वर्कर्स फ्लैट नंबर 169 में रहता है। वह टाटा स्टील में कर्मचारी है और पुलिस पूछताछ में बार-बार बयान बदल रहा है। उसने पुलिस को बताया है कि धर्मेंद्र सिंह से 10 वर्ष पुरानी मित्रता है। अक्सर धर्मेंद्र सिंह अनेक लड़कियों को लेकर उनके फ्लैट पर आता था और मौज मस्ती करने के बाद चला जाता था। गुरुवार की दोपहर धर्मेंद्र सिंह एक युवती को लेकर फ्लैट में आया और मौज मस्ती करने लगा। इस बीच बाइक से दो लोग आए और धर्मेंद्र सिंह से बहस करने लगे। उनमें लड़की का पति भी था। उसने ही बैट से धर्मेंद्र सिंह की सिर पर वार किया, जिससे धर्मेंद्र सिंह की मौत हो गई। तब वे लोग शव को ठिकाने लगाने में लग गए। इसके लिए मृतक धर्मेंद्र सिंह की स्कूटी को सिदगोड़ा में लावारिस हालत में छोड़ दिया गया। आरोपित ने पुलिस को बताया कि साकची से क्रिकेट का बैग खरीद कर लाया गया, जिसमें धर्मेंद्र सिंह के शव को भर दिया गया और तय हुआ कि से दूर ले जाकर फेंक दिया जाए। धर्मेंद्र सिंह को मारने वाले दोनों युवक कार नहीं चलाना जानते थे। इसलिए दोनों ने धर्मेंद्र के शव को कार की डिक्की में डाल दिया और पूरी रात हर शहर में घूमते रहे। इस बीच उसे कदमा में पकड़ लिया गया। सीनियर एसपी ने बताया कि शव को ठिकाने लगाने के दौरान आरोपितों को लालच आ गया और वे रंगदारी में रुपये की मांग कर बैठे। उघर, मृतक धर्मेंद्र सिंह के पुत्र गोलू ने पुलिस को बताया कि उसके पिता कल घर से निकले थे और कुछ देर के बाद फोन आया कि वे रहरगोडा जा रहे हैं। दोपहर को भोजन करने आ जाएंगे। इसके बाद उनका फोन बंद मिला।

हत्या कर कार की डिक्की में ले जा रहा था शव, गिरफ्तार

संवाददाता

जमशेदपुर : कदमा पुलिस को शुक्रवार की सुबह डीबीएमएस स्कूल के पास एक कार के अंदर से क्रिकेट के बैग में रखा शव मिला। मृतक की पहचान काशीडीह निवासी धर्मेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव ले जा रहे विश्वजीत प्रधान को गिरफ्तार किया है। मृतक सूद-ब्याज का काम करता था, जबकि आरोपित टाटा स्टील का कर्मचारी है। बताया जाता है कि कारोबारी धर्मेंद्र सिंह गुरुवार सुबह 11:00 बजे स्कूटी से गोविंदपुर जाने की बात कह कर पर से निकला था। सूद ब्याज कारोबारी की साकची बाजार में बेल्ट और चश्मे की दुकान भी है। उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच कदमा डीबीएमएस स्कूल के पास से पुलिस ने सेंट्रो कार की तलाशी ली।

एक बैग में कारोबारी के शव को तार से बांधकर कार की डिक्की में छुपा कर रखा गया था। विश्वजीत प्रधान ने बताया है कि मृतक धर्मेंद्र सिंह उसका परिचित है। वह उससे ब्याज पर रुपये लिए हुए था।

एक नजर

सड़क हादसे में दंपती की मौत, 3 घायल

सरायकेला : सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के टाटा-रांची एनएच 33 स्थित नारगाडीह गांव के निकट एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी, इस सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गयी, जबकि इस घटना में एक बच्ची समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगढ़ जिले के बड़काकाना के रहने वाले सुरेश करमाली और उनकी पत्नी रेणुका देवी अपने बच्चों के साथ कार में सवार होकर जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। वे जमशेदपुर में किसी रिश्तेदार के यहां गृह प्रवेश में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान नारगाडीह के समीप हाइवे पर खड़ी कंटेनर वाहन को पीछे से टक्कर मार दिया। इस हादसे में कार में सवार दंपती सुरेश और रेणुका की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं कार में सवार बच्ची एक महिला और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

अवैध बालू और गिट्टी से लदे नौ वाहन जब्त

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला के खनन विभाग ने गुरूवार की रात अवैध रूप से बालू, गिट्टी का तस्करी करने वाले वाहन चालक और मालिकों पर कार्रवाई की है । इसके तहत नौ वाहन को पकड़ा गया है। उस पर लगे बालू गिट्टी ब्त किए गए हैं। उक्त बालू और गिट्टी पड़ोसी प्रदेश उड़ीसा से अवैध रूप से तस्करी कर जमशेदपुर लाया गया थ, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में बेचा जाना था। इस संबंध में झारखंड मिनरल एक्ट एवं एमडी डीआर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है

हिजाब विवाद पर मुस्लिम समुदाय का प्रदर्शन

जमशेदपुर : कर्नाटक से उठा हिजाब विवाद का बवंडर जमशेदपुर में भी सिर चढ़कर बोलने लगा है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ऑल इंडिया माइनॉरिटी सोशल वेलफेयर फंड के बैनर तले साकची स्थित आम बागान में मुस्लिम समुदाय ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान कर्नाटक सरकार का पुतला दहन भी किया गया।

भोक्ता समाज ने मनायी खुशी, उड़ाये गुलाल

चतरा : राज्य सभा के शीतकालीन सत्र में अनुसूचित जाति जनजाति आदेश संशोधन विधेयक 2022 को पारित किए जाने के समर्थन में भोक्ता समाज के लोगों ने खुशी प्रकट किया है। इस अवसर पर भोक्ता समाज के लोगों ने चतरा प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप शाहिद नीलांबर पीताम्बर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जमकर अबीर गुलाल लगाया और मिठाईयां खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। भोक्ता समाज के जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह भोक्ता ने बताया कि भारत सरकार ने इस विधेयक को पास कर खैरवार भोक्ता को तोहफा दिया है। गौरतलब है कि उक्त कार्यक्रम के पूर्व खरवार भोक्ता समाज विकास संघ जिला चतरा की बैठक सदर प्रखंड कार्यालय स्थित नीलांबर पीताम्बर स्मारक भवन में समाज के जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह भोक्ता व सचिव विजय गंझू के नेतृत्व में आयोजित की गई थी।

लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचायें : डीसी

पाकुड़ : समाहरणालय सभागार कक्ष में डीसी वरुण रंजन ने जिला में संचालित मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, पीएम आवास, इंदिरा आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास, पीडी जेनरेशन, जॉब कार्ड, आवास प्लस, बिरसा हरित ग्राम आदि योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में डीसी ने मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का सभी प्रखंडों को ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर प्रारंभ करने व गति देकर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बिहार

लूट कांडों का उद्भेदन, चार गिरफ्तार

एजेंसियां

बेतिया : पश्चिम चंपारण के मझौलिया के नानोसती में नवलपुर के दुधियवा निवासी आरपीएफ जवान राजीव यादव तथा गोपालपुर के बकुलहर व घोघा चौक के बीच मैनाटांड़ निवासी चंदन पटेल से बाइक लूट के मामले का पदाफांश पुलिस ने कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि गोपालपुर में 9 फरवरी की रात तथा मझौलिया में दो फरवरी की रात अलग-अलग लूट की दो घटनाएं हुई थी। दोनों घटनाओं में लूटी गयी बाइक को बरामद कर चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चार देशी पिस्तौल, एक गोली, तीन बाइक व दो मोबाइल बरामद हुए है। गिरफ्तार अपराधियों में मनुआपुल थाना के जोकहां निवासी अमित कुमार मिश्रा उर्फ बादल कुमार मिश्रा (20), शेख धुरवा का फैजान आलम (18) तथा दो नाबालिग बच्चे शामिल है। हथियार बरामदगी के मामले में कुमारबाग ओपी में एफआईआर दर्ज की गयी है। चारों को न्यायायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मामला यह है कि दो फरवरी की रात्रि 9:30 बजे संध्या नवलपुर के दुधियवा निवासी आरपीएफ जवान राजीव यादव बेतिया के एक बाइक एजेंसी से बाइक खरीद कर मोतिहारी जा रहे थे। नानोसती चौक के समीप तीन अपराधियों ने उन्हें रोक कर मारापीटा और उनकी बाइक लूट ली। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में जांच के लिए एसडीपीओ मुकुल परिमल पांडेय के नेतृत्व में इंस्पेक्टर मुनीर आलम, अशोक कुमार, गोपालपुर थानाध्यक्ष राजरूप राय, कुमारबाग ओपी प्रभारी अनुज कुमार पांडेय, मनुआपुल ओपी प्रभारी मो. अलाउद्दीन, बानुछापर ओपी प्रभारी संजीव कुमार, तकनीकी शाखा प्रभारी राजीव कुमार रजक, अरविंद कुमार, प्रशिक्षु दारोगा अरविंद कुमार, राहुल सिंह व सर्वेश यादव की टीम का गठन किया। टीम मामले की जांच में जुटी थी। तभी 9 फरवरी की रात गोपालपुर के बकुलहर व घोघा चौक के समीप मैनाटांड़ के रमपुरवा निवासी चंदन पटेल को रोक कर उनकी बाइक अपराधियों ने लूट ली।

चंदन बेतिया से शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस गिरोह का उद्भेदन कर लिया।

कैदी वाहन दुर्घटनाग्रस्त,9 जवान घायल

निर्मली : ।एनएच 57 पर भपटियाही बाजार के पास शुक्रवार को पूर्णिया केंद्रीय कारा से कैदी लेकर निर्मली जा रहा पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 9 जवान घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पूर्णिया केंद्रीय कारा में बंद निर्मली थाना क्षेत्र के वार्ड 6 निवासी कैदी श्याम दास के पिता सत्तो दास का निधन हो गया है। पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए श्यामदास को 3 दिन का पैरोल मिला है। शुक्रवार को पूर्णिया जेल से जवान एक वाहन में श्याम दास को लेकर निर्मली जा रहे थे।

एनएच 57 पर भपटियाही बाजार के पास पुलिस वहां सुमो गोल्ड का अचानक ब्रेक फेल हो गया और गाड़ी बांस लदा ट्रैक्टर में पीछे से टकरा गई। हादसे में सब इंस्पेक्टर गोपालगंज जिला निवासी मनोज कुमार मिश्र, हवालदार दरभंगा जिला निवासी कामिल हुसैन, सिपाही आरा निवासी चितरंजन कुमार, बेगूसराय निवासी अशोक कुमार, औरंगाबाद निवासी शशि भूषण कुमार और अरवल निवासी रणधीर कुमार, कैदी श्याम दास और गाड़ी चालक अनमोल कुमार घायल हो गए।

पशुओं का चरागाह बना विक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर

नवप्रदेश प्रतिनिधि

बिक्रमगंज : एसडीओ एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिक्रमगंज के उदासीनता एवं लापरवाही एवं अर्थलुपता के कारण अनुमंडल कार्यालय परिसर जहां आवारा पशुओं का चारागाह बना हुआ हैं वहीं चहुओर सड़ांध मारती कुडा करकट का अंबार लगा हुआ हैं जबकि नगर के साफ सफाई के नाम पर नगर परिषद एक एनजीओ को करीब 25 लाख रुपए व्यय करती रही हैं फिर भी परिसर का सुरत नहीं बदल सका। संडास मारती इन गंदगियों के बीच सैकड़ों के तदाद में आम नागरिक न्याय पाने के लिए एवं विभिन्न कार्यों को सम्पादित कराने यहां पहुंचते रहे हैं। वहीं विद्वान अधिवक्ता पसरा सम्राज्य कायम गंदगियों के बीच अपना कार्य सम्पादित करते रहे हैं। दुर्गन्धित एवं बदबू दार से रुबरु होते रहे हैं, लेकिन इन अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंगता और नाही साफ सफाई पर कोई ध्यान दी जाती रही हैं सूत्रों पर विश्वास करे तो नगर परिषद एनजीओ को दी जाने वाली राशि बंदरबांट एवं कमिशन खोरी की भेंट चढ़ जाता हैं। जिसमें ईओ से लेकर जन प्रतिनिधि एवं कर्मचारियों की सह भागीता सुनिश्चित रहती हैं।

बताया जाता है कि ईओ रात दिन दलालों से घिरे रहते हैं जिसके कारण शहर में जगह-जगह लगे कुडे करकट के प्रति उदासीन बने रहते हैं। वही शहर के नालियों में मल मूत्र त्यागने से सकर्मक फैलने की आशंका जताई जा रही है जिसकी नियमित सफाई नहीं कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद के सभापति के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिरने के उपरांत नगर के नई सरकार का गठन नहीं होने से नगर में एकछत्र राज ईओ का कायम हो गया है तथा लूट खसोट एवं रिश्वतखोरी वो कमिशनखोरी का धंधा बदस्तूर जारी है वहीं नगर के सभापति का पद माननीय उच्च न्यायालय एवं राज्य निर्वाचन आयोग के चक्रव्यूह में फंसता दिख रहा है जिसका अब-तक कोई निदान नहीं हो पाया हैं।

ग्राम सभा में विभिन्न योजनाओं का चयन

नवप्रदेश प्रतिनिधि

सूर्यपुरा : प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत के पंचायत भवन पर गुरुवार को मुखिया प्रमोद कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन कर ग्राम विकास के लिए 15 वी वित्त योजना को लेकर पंचायत क्षेत्र के सभी 15 वार्डों से वार्ड सभा में पारित विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया।

पंचायत सचिव अवध नरेश सिंह ने बताया कि जीपीडीपी के तहत सात निश्चय योजना से होने वाले जीपीडीपी के तहत पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों से वार्ड सभा के द्वारा चयनित गली और नाली को बनाने के लिए बनाई गई योजनाओं को उक्त ग्राम सभा में लिया गया। वही ग्राम सभा में उपस्थित बीडीओ वीणा पाणि ने बताया कि विभिन्न मदों के द्वारा मिलने वाले सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों की केवाईसी प्रखंड कार्यालय में आकर सभी लाभुक दे इसकी सूचना सभी वार्ड सदस्यों के द्वारा अपने-अपने वार्डों में बताने के लिए ग्राम सभा में उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों को बताया गया ,मौके पर उप मुखिया जय नाथ सिंह, लेखा सहायक ज्योति कुमारी ,पीआरएस लोकेश कुमार, आवास सहायक मनोज कुमार ,भाग-2 के बीडीसी के प्रतिनिधि विनोद सिंह ,पूर्व वार्ड सदस्य धर्म देव सिंह ,बबली शर्मा ,विक्की कुमार के साथ ही पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

पटना से राजद के एमएलसी उम्मीदवार होंगे कार्तिकेय सिंह

पटना : मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के करीबी माने जाने वाले कार्तिकेय सिंह को राजद ने पटना से बिहार विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार बनाने का निर्णय किया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने शुक्रवार को पटना एमएलसी सीट के लिए कार्तिकेय सिंह के नाम पर अधिकारिक मुहर लगा दी है। कार्तिकेय के नाम की घोषणा के दौरान लालू प्रसाद ने यहां मौजूद पार्टी नेताओं को साफ कह दिया है यह हमारा सबसे करीबी है।

प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये गये प्रधानाध्यापक

नवप्रदेश संवाददाता

सूर्यपुरा : प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ वीणा पाणि ने प्रखंड के वैसे विद्यालयों के शिक्षकों को पंचायत आम चुनाव 2021के विभिन्न बूथों पर चुनाव कर्मियों के लिए बेहतर व्यवस्था करने के साथ ही चुनाव को शांति पूर्ण संपन्न कराने में सहयोग करने वाले प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बीडीओ ने कहा कि पंचायतआम चुनाव 2021 में विद्यालय के मतदान केंद्रों पर प्रखंड के सभी विद्यालयो के प्रधानाध्यापकों ने काफी बेहतर ढंग से व्यवस्था किये थे और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में पूरी कर्मठता एवं लगन शीलता के साथ सभी ने जो योगदान दिया है, वह काफी सराहनीय कार्य है। बीडीओ ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया।

151 वर्ष की ऐतिहासिक धूप घड़ी चोरी

नवप्रदेश प्रतिनिधि

डेहरी : वर्ष 1871 में बिहार के रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन स्थित एनीकट में स्थापित प्राचीन धूप घड़ी को मंगलवार के देर रात्रि में चोरों ने धूप घड़ी के प्लेट को चोरी कर ले उड़े। चोरी की खबर आसपास के लोगों में पता चलते स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी लेकिन जानकारी मिलने के बाद भी प्रशासन इस पर विशेष ध्यान नहीं देते हुए 3 घंटे के बाद पहुंची और जांच पड़ताल जारी की ।

बताते चलें कि यह खरी डेढ़ सौ वर्ष पुरानी थी बिहार राज्य कि यह ऐसी घड़ी है जिससे सूर्य के प्रकाश से समय का पता चलता था। उस समय अंग्रेजों ने सिंचाई विभाग के कार्यरत कामगारों को समय का ज्ञान कराने के लिए इस घड़ी का निर्माण कराया गया और एक चबूतरे पर स्थापित किया गया था। इसी वजह से इसका नाम धूप घड़ी रखा गया था इस घड़ी में रोमन एवं हिंदी के अंक अंकित है 1871 में घड़ी इतनी आम नहीं थी जितनी आज के समय में हो चुकी है यांत्रिक धर्मशाला में काम करने वाले श्रमिकों को समय का ज्ञान कराने के लिए यह घड़ी स्थापित की गई थी ।18 71 की की ऐतिहासिक धरोहर रातों-रात मिट गई इसे बचाने में प्रशासन नाकाम साबित हुई।

शहर का सबसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र एनीकट जहां शाहाबाद डीआईजी , रोहतास एसपी, एसडीपीओ, एसडीएम, पुलिस लाइन, बीएमपी दो महज प्राचीन धूप घड़ी से चंद कदमों की दूरी पर इन आईपीएस अधिकारियों का आवास और ऑफिस है। यहां पर रात और दिन दोनों समय अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है इसके बावजूद भी बेखौफ चोरों ने ऐतिहासिक धरोहर को चोरी कर मिटा दिया यह प्रशासन के लिए एक चुनौती है अब देखना यह है कि चोरी हुई धूप घड़ी के धरोहर के प्लेट को क्या पुलिस बचा पाती है या नहीं? रोहतास जिला पर्यटक स्थल की भूमि रही है लेकिन बिहार सरकार का इस पर ध्यान आकर्षित नहीं है इसके बावजूद भी स्थानीय सामाजिक संगठनों ने इस प्राचीन इतिहास घड़ी को गूगल पर स्थापित करने में कामयाब हुए थे जिसे देखकर विदेशी पर्यटक भी कई बार इस प्राचीन धूप घड़ी कोदेखने और अपने कैमरे में कैद करने एनीकट में आते थे जिसका अस्तित्व मिट चुका है।

शहर के कई सामाजिक संगठनों ने बिहार में मात्र 18 71 ई० के ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए कई बार अधिकारियों और विभाग के लोगों से गुहार लगाई हाल में ही नगर परिषद द्वारा इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए बात कही गई थी लेकिन नप अधिकारियों द्वारा ही सिर्फ बातें कह कर ही इस धरोहर को मिटने के लिए छोड़ दिया गया और ना ही इसे चोरी होने से प्रशासन रोक पाई।

तिलकामांझी विवि के प्रतिकुलपति ने कहा

1857 के विद्रोह में अंग के पहले वीर सपूत थे तिलका

भागलपुर : तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शुक्रवार को तिलकामांझी के 273वें जन्म दिवस के अवसर पर प्रतिकुलपति रमेश कुमार के सहित विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारियों ने तिलकामांझी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलगीत से की गयी।

प्रति कुलपति ने इस मौके पर कहा कि तिलकामांझी 1857 का विद्रोह करने वाला अंग जनपद का पहले वीर सपूत थे। सबसे पहले क्रांतिकारी के रूप में उभरता वीर तिलकामांझी के नाम पर 12 जुलाई 1960 में भागलपुर विश्वविद्यालय का नाम तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय रखा गया। उनसे कई क्रांतिकारियों ने प्रेरणा लेकर ही उनके नक्शे कदम पर चलने की कसम खाती। जिससे हमारा देश आजाद हुआ और हम गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर आजाद भारत वर्ष में रह रहे हैं। तिलकामांझी के जन्म दिवस के अवसर पर हमें वीर शहीदों को जरूर याद करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास पर भी प्रकाश डाला। प्रति कुलपति के अलावा कई पदाधिकारियों ने भी वीर तिलकामांझी के वीरता पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में तिलका मांझी के जन्म दिवस आऐ कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, सीसीडीसी के अलावा सभी पदाधिकारी एवं विश्वविद्यालयकर्मी मौजूद थे।

संक्षिप्त

पंडित दीनदयाल को मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित रहा। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया की कई समस्याओं का समाधान देने में सक्षम है।

`2 मार्च से होगी फिजिकल सुनवाई

नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट और दिल्ली की निचली अदालतों में 14 फरवरी से 50 फीसदी कोर्ट में फिजिकल सुनवाई और 2 मार्च से शत-प्रतिशत कोर्ट में फिजिकल सुनवाई करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार मनोज जैन के हस्ताक्षर से जारी आदेश में इसकी सूचना दी गई है। हाई कोर्ट ने सभी निचली अदालतों के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जजों को निर्देश दिया है कि वे 14 फरवरी से सभी कोर्ट का फिजिकल और वीडियो कांफ्रेंसिंग का रोस्टर तैयार करें।

नौकरियों में आरक्षण पर 14 को सुनवाई

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय लोगों को नौकरी में आरक्षण देने के हरियाणा सरकार के फैसले पर रोक लगाने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर रोक के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी है। इस याचिका पर 14 फरवरी को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वो इस बात पर विचार करेगा कि क्या झारखंड और आंध्र प्रदेश में भी ऐसे कानून पर हाईकोर्ट में लंबित मामले अपने पास ट्रांसफर कर एक साथ सुनवाई करे।

छग में मिले 1008 कोरोना पॉजिटिव

रायपुर : छत्तीसगढ़ में गुरुवार की देर रात तक 1008 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। सबसे अधिक 115 दुर्ग जिले से हैं। वहीं सात मरीजों की उपचार के दौरान मौत हुई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के इन आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार की रात तक किसी भी जिले में 200 से अधिक कोरोना पॉजिटिव नहीं मिले हैं।

कन्नौज में चुनावी जनसभा आज

लखनऊ : प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी शनिवार को कन्नौज जिले के तिर्वा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में आसपास के 10 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक मोदी को सुनने आएंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और चुनावी कार्यक्रम के प्रभारी अनूप गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि शनिवार को तिर्वा स्थित मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के मेला मैदान में होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में आसपास के 10 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और पार्टी के समर्थक भाग लेंगे।

जनरल नरवणे ने ऑनलाइन समारोह में हैकथॉन के विजेताओं को सम्मानित किया, बोले

भारत के सामने मौजूदा चुनौतियों में से साइबर खतरा सबसे महत्वपूर्ण

● **सेना ने साइबर डोमेन में अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के कई कदम उठाए**

एजेंसियां

नई दिल्ली : सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने भारत के सामने मौजूदा चुनौतियों में से साइबर खतरे को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि भारतीय सेना ने साइबर डोमेन में अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने हैकथॉन के दौरान प्रत्येक गतिविधि के प्रति उनकी प्रेरणा, उत्साह और भावना के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा। इस हैकथॉन में देश से और सेना की तरफ से काफी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। जनरल नरवणे राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की ओर से महू (मध्य प्रदेश) स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के सहयोग से आयोजित पहले हैकथॉन के पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग में दक्षता और विशेषज्ञता को बढ़ावा देने और भारतीय सेना के तकनीकी पक्ष को प्रदर्शित करने के लिए मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) ने शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) के समग्र मार्गदर्शन में यह अपनी तरह का पहला हैकथॉन आयोजित किया। इस हैकथॉन में देश से और सेना की तरफ से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

'सैन्य रणक्षेत्रम' कार्यक्रम का आयोजन पिछले साल 01 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। इसमें 15 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम वस्तुतः इंटरनेट पर आयोजित किया गया था और इसमें सुरक्षित कोडिंग, सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो शोषण और साइबर आक्रामक कौशल पर

आधारित कई चुनौतियां शामिल थीं। इस आयोजन में नकली खतरों के खिलाफ साइबर स्पेस में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रतिभागी शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए कई प्रशिक्षण सत्र और विशेषज्ञ वाताएं भी हुईं। इसमें देश भर के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों से साइबर उत्साही लोगों ने भाग लिया। थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने आज आयोजित एक ऑनलाइन समारोह के दौरान हैकथॉन के विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने स्वीकार किया कि साइबर खतरा आज राष्ट्र के सामने सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है।

भारतीय सेना इन खतरे का मुकाबला करने को तैयार है और साइबर डोमेन में अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने हैकथॉन के दौरान प्रत्येक गतिविधि के प्रति उनकी प्रेरणा, उत्साह और भावना के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा। उन्होंने शुभकामनाएं देने के साथ ही कहा कि यह पहला प्रयास युवा दिमाग में नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए समय के साथ विकसित और विकसित होगा। इस अवसर पर थल सेनाध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी।

सैन्य भूमि का पता लगानेवाले सम्मानित

आजादी के बाद पहली बार हुआ देश भर की 17.99 लाख एकड़ सैन्य भूमि का सर्वेक्षण

एजेंसियां

नई दिल्ली : आजादी के बाद पहली बार रक्षा मंत्रालय ने देश भर में फैली कुल 17.99 लाख एकड़ सैन्य भूमि का पता लगाया है। जीपीएस, ड्रोन इमेजरी और सेटेलाइट इमेजरी जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग करके सर्वेक्षण करने में तीन साल लगे हैं। इस कार्य में लगे रक्षा सम्पदा कर्मियों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में सम्मानित किया है। यह पुरस्कार 38 रक्षा सम्पदा कार्यालयों तथा चार सहायक रक्षा सम्पदा कार्यालयों के 11 अधिकारियों और 24 कर्मियों को प्रदान किए गए। रक्षा सम्पदा कार्यालय के अनुसार देशभर में रक्षा मंत्रालय के स्वामित्व वाली कुल

17.99 लाख एकड़ जमीन है, जिसमें से 1.61 लाख एकड़ जमीन देशभर की 62 सैन्य छावनियों के भीतर स्थित है। छावनी के बाहर कई इलाकों में करीब 16.38 लाख एकड़ जमीन फैली हुई है। इस भूमि में से लगभग 18 हजार एकड़ जमीन या तो राज्य सरकारों ने किराये पर ले रखी है या अन्य सरकारी विभागों को हस्तांतरण किये जाने का प्रस्ताव है। आजादी के बाद पहली बार हुए सर्वेक्षण का काम पूरा करने में तीन साल लगे हैं, जो अपने आप में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। इस कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों के राजस्व अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

रक्षामंत्री ने इस तरह के सर्वेक्षण में पहली बार ड्रोन इमेजरी, उपग्रह इमेजरी और 3-डी मॉडलिंग तकनीकों का इस्तेमाल करने के लिये रक्षा सम्पदा महानिदेशालय की सराहना की। पुरस्कृतों को बधाई देते हुये राजनाथ सिंह ने रक्षा सम्पदा कर्मियों की प्रशंसा की कि उन लोगों ने गैर-आबाद और दूर-दराज के क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसमी हालात तथा कोरोना महामारी के खतरे के बावजूद यह काम पूरा किया। उन्होंने ऐतिहासिक सर्वेक्षण पूरा होने के बाद विश्वास व्यक्त किया कि रक्षा जमीनों का स्पष्ट सीमांकन इन इलाकों की सुरक्षा तथा विकास के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के जरिये जमीन की सटीक नपाई होने के बाद विश्वसनीय दस्तावेज तैयार हो सके।

बांदीपोरा में सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड हमला, पांच पुलिसकर्मी घायल

बांदीपोरा, 11 फरवरी (हि.स.)। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के निशात पार्क के पास शुक्रवार को आतंकियों ने नाके पर मौजूद सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड फेंककर हमला कर दिया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए जिन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया है। हमला करके आतंकी मौके से भाग निकले। इस हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी करके तलाशी अभियान चलाया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकियों ने निशात पार्क के पास नाका पार्टी पर ग्रेनेड फेंका। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

गौतम थापर की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने यस बैंक के 466 करोड़ रुपये का फजीवाड़ा करने के आरोप में जेल में बंद अवंता ग्रुप के संस्थापक गौतम थापर की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

कोर्ट ने 30 नवंबर, 2021 को ईडी को नोटिस जारी किया था। गौतम थापर की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने गौतम थापर की जमानत याचिका खारिज कर गलती की है। ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि गौतम थापर को अगर जमानत दी जाती है तो उसके भागने का अंदेशा है। 30 अक्टूबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने थापर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ट्रायल कोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ थापर ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

ईडी ने थापर को 3 अगस्त को गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक 2017 से लेकर 2019 तक थापर, अवंता रियल्टी और ओयेस्टर बिल्डवेल ने यस बैंक के साथ 466.51 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। यस बैंक ने अपनी शिकायत में कहा है कि ओयेस्टर बिल्डवेल की एक सहयोगी कंपनी ने एक पावर प्लांट का ठेका लेने के लिए दिसंबर 2017 में दस सालों के लिए 515 करोड़ रुपये का लोन लिया था लेकिन कंपनी लोन की ईएमआई नहीं दे रही, जिसके बाद उसे 30 अक्टूबर, 2019 को एनपीए करार दिया गया।

सोमालिया में आत्मघाती हमला, छह की मौत

मोगादिशु : पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में आत्मघाती बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गयी है। अल कायदा से जुड़े आतंकी समूह अल शबाब के इस हमले में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

सोमालिया पुलिस के प्रवक्ता अब्दी फतह अदन हसन के मुताबिक एक आत्मघाती हमलावर ने अपनी कमर में विस्फोटक बांधा और जैकेट पहनकर खुद को उड़ा लिया। हमले में छह लोगों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार हमले में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमीन एंबुलेंस निदेशक अब्दिकादिर अब्दिर्रहमान ने बताया कि विस्फोट स्थल पर छह शवों के साथ तेरह घायल भी देखे गए हैं।

क्वाड विदेश मंत्रियों ने लिया स्वास्थ्य सुरक्षा का संकल्प

मेलबर्न : क्वाडीलेटरल सेक्योरिटी डायलाग (क्वाड) विदेश मंत्रियों की मेलबर्न में हुई बैठक में वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा का संकल्प लिया गया है। भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने तय किया कि वे सामाजिक व आर्थिक उन्नयन व परस्पर संबंधों को समृद्ध करने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में क्वाड विदेश मंत्रियों की चौथी बैठक हो रही है। बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने, जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी व अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ मेजबान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मारिसन भी हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि क्वाड के अच्छे कामकाज की बदौलत हमारे द्विपक्षीय संबंध मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महामारी के प्रभाव के दौर में वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा और सामूहिक वैक्सीन वितरण जैसे महत्वपूर्ण काम किये गए हैं।

जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने बताया कि जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा इस वर्ष की पहली छमाही में क्वाड नेताओं की दूसरी व्यक्तिगत बैठक की मेजबानी करना चाहते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंक ने क्वाड को उन देशों का समूह करार दिया, जो किसी के खिलाफ होने के स्थान सरल रूप में स्वतंत्रता के साथ सामने आए हैं।

एक नजर

न्यायमूर्ति पुष्पा गनेडीवाला का इस्तीफा

नागपुर : मुंबई उच्च न्यायालय के नागपुर बेंच की अतिरिक्त न्यायमूर्ति पुष्पा गनेडीवाला ने त्यागपत्र दे दिया है। शुक्रवार 11 फरवरी न्यायमूर्ति गनेडीवाला के कार्यकाल का आखरी दिन है। शनिवार 12 फरवरी को वे रिटायर होनेवाली थीं। कथित विवादित फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस गनेडीवाला के नाम की स्थायी जज के रूप में सिफारिश नहीं करने का फैसला किया था। बहरहाल, इस इस्तीफे के बाद वे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रैक्टिस कर सकेंगी। न्यायमूर्ति गनेडीवाला ने 19 जनवरी 2020 को पारित अपने फैसले में 12 साल की लड़की के साथ यौन अपराध केस में आरोपित को बरी किया था। इस फैसले में न्यायमूर्ति गनेडीवाला ने कहा था कि स्किन-टू-स्किन संपर्क में आए बिना किसी को छूना पोक्सो एक्ट के तहत यौन हमला नहीं माना जाएगा। यही नहीं, 5 साल की बच्ची का हाथ पकड़ने और पेंट खोलने को भी जस्टिस गनेडीवाला ने यौन उत्पीड़न नहीं माना था।

हिजाब की आड़ में राजनीति अनुचित : मायावती

लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हिजाब विवाद पर कहा कि मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं के हिजाब पहनने का मामला अतिगंभीर एवं अतिसंवेदनशील है। इसकी आड़ में राजनीति और हिंसा अनुचित है। उन्होंने ट्विटर के जरिए कहा कि कर्नाटक में इस मुद्दे को तूल देकर साम्प्रदायिक सौहार्द, आपसी भाईचारा एवं सद्भावना को आघात पहुंचाया जा रहा है, जो दुःखद है। उन्नाव जिले में सपा नेता के खेत में दलित युवती के शव बरामदगी के मामले को मायावती ने दुखद बताया है। उन्होंने ट्वीट किया कि परिवार वाले पहले से ही उसके अपहरण एवं हत्या को लेकर सपा नेता पर शक कर रहे थे। राज्य सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए दोषियों के खिलाफ तुरन्त सख्त कानूनी कार्रवाई करे।

महाराष्ट्र को अभी कोरोना से मुक्ति नहीं

मुंबई : उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि महाराष्ट्र को अभी कोरोना से मुक्ति नहीं मिली है, इसलिए अभी भी मास्क लगाना जरूरी है। अजीत पवार ने कहा कि मुंबई समेत राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या घट रही है। यह शुभ संकेत है, लेकिन लोगों को अभी भी सावधान रहना चाहिए। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार शुक्रवार को सुबह पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे के साथ वर्ली में विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि लोग कोरोना के प्रति बेपरवाह हो रहे हैं और कई जगह यह सुनने को मिल रहा है कि कोरोना खत्म हो गया है, ऐसे में मास्क लगाने की अब कोई जरूरी नहीं है। यह असावधानी किसी भी कीमत पर खतरनाक साबित हो सकती है। अजीत पवार ने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक कोरोना नियमावली खत्म नहीं की है। सरकार की ओर से मास्क न लगाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसलिए किसी भी कीमत पर लोगों को मास्क लगाना, कोरोना नियमावली का पालन करना जरूरी है। मास्क लगाने में लापरवाही की गई तो प्रशासन अपना काम करेगा।

महाराष्ट्र के शिक्षा राज्यमंत्री को कठोर कारावास

मुंबई : महाराष्ट्र के शिक्षा राज्यमंत्री बच्चू कडू को चुनाव आयोग के समक्ष संपत्ति छिपाने के आरोप में अमरावती जिले के चांदुर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दो माह की कठोर कारावास की सजा और 25 हजार रुपये का जुमार्ना भरने का आदेश जारी किया है। इस मामले की शिकायत भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता गोपाल तिरमाड़े ने 2017 में स्थानीय पुलिस स्टेशन में की थी। बच्चू कडू ने वर्ष 2011 में मुंबई के अंधेरी इलाके में 42 लाख रुपये का फ्लैट लिया था लेकिन 2014 में विधानसभा का चुनाव लड़ते समय इस फ्लैट की जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी थी। इसी वजह 2017 में भाजपा के स्थानीय नेता गोपाल तिरमाड़े ने मामले की शिकायत चांदुर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई थी। उस समय बच्चू कडू ने कहा था कि उन्होंने यह फ्लैट राजयोग सोसाइटी के माध्यम से लिया था लेकिन इसका कर्ज अदा न पाने की वजह से वे इस फ्लैट को बेच दिए थे। इसी वजह से उन्होंने इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी थी। चांदुर मजिस्ट्रेट कोर्ट का निर्णय आने के बाद बच्चू कडू की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

सोमैया पर हमला मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित

मुंबई : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया पर हुए हमला मामले में पुणे पुलिस आयुक्तालय ने शुक्रवार को दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इस मामले की छानबीन पुलिस आयुक्तालय की ओर से की जा रही है। जानकारी के अनुसार पुणे नगर निगम में कोरोना उपचार केंद्र में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत करने के लिए किरीट सोमैया पुणे नगर निगम कार्यालय में गए थे। उसी समय किरीट सोमैया पर शिवसैनिकों ने हमला करने का प्रयास किया था, जिससे किरीट सोमैया सीढ़ियों पर गिर गए थे। किरीट सोमैया का आरोप है कि उन पर हमला किए जाने की साजिश मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे व शिवसेना प्रवक्ता संजय राऊत ने रची थी। इसी वजह से अमिताभ गुप्ता ने उनकी सुरक्षा को लेकर हीला हवाली की। वे इस मामले में पुणे पुलिस आयुक्त अमिताभ गुप्ता पर कठोर कार्रवाई की मांग करने वाले हैं।एम के स्टालिन ने फिर उठाया नीट से छूट का मुद्दा, संविधान में संशोधन की मांग की।

सड़क हादसे में त्यागी महाराज सहित दो की मौत

जबलपुर : सिहोरा के समीप नेशनल हाइवे पर कोहरा के चलते भीषण सड़क हादसे में महाराष्ट्र के नांदेड़ के संत त्यागी महाराज सहित दो लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ जा संत की स्कॉर्पियो ओवरटेक करते आगे चल रहे एक ट्राले से जा टकराई। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है जबकि ड्राइवर सहित अन्य चार लोगों को खरोंच तक नहीं आई है। बताया गया कि संत त्यागी महाराज और ड्राइवर सहित सात लोग स्कॉर्पियो से छत्तीसगढ़ के आश्रम जा रहे थे। उनकी कार सुबह 5.30 बजे एनएच-30 पर धनगवां के पास पहुंची थी। जबलपुर के सिहोरा के धनगवां के पास घना कोहरा के चलते उनकी कार ओवरटेकर करते समय आगे जा रहे एक ट्राले में पीछे से टकरा गई।

योगी पर जनता के प्यार ने 'परिवारवादियों' की नींद उड़ा दी : मोदी

कासगंज : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाजवादी पार्टी को ह्यपरिवारवादीह्न करार देते हुए शुक्रवार को पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने की ह्यपरिवारवादियोंह्न की कोशिश इस बार नाकाम हो गई है और उन्हें समझ आ गया है कि उनकी हार तय है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि परिवारवादियों ने अपनी तिजोरी तो भरी लेकिन कभी गरीबों की चिंता नहीं की।

कासगंज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गत गुरुवार दोपहर बाद से विपक्ष के नेताओं के जितने भी इंटरव्यू आए हैं, उसमें उनका चेहरा लटका हुआ है। ये बात, जो घोर परिवारवादी लोग हैं, उन्हें भी पता चल गई है। इसलिए उन्होंने अभी से ही ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ पर जनता के उमड़े प्यार और आशीर्वाद ने परिवारवादियों की नींद उड़ा दी है।

उन्होंने कहा कि घोर परिवारवादी देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा संकट हैं। बाबा साहेब अंबेडकर अगर चाहते थे, तो वे भी अपने परिवार की एक पार्टी बना सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने परिवार का नहीं, देश के कोटि-कोटि दलित, पीड़ित, वंचितों को ही अपना परिवार माना था।

उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमले की धार को तेज करते हुए उस पर समाज को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने जनता को जाति, धर्म के आधार पर बंटने की हरसंभव कोशिश की किंतु वे नाकाम हो गए हैं। यही कारण है कि घोर परिवारवादियों ने ऐसे अपराधी चुनाव के मैदान में उतारे हैं, जो आम जनता से खार खाये बैठे हैं। ऐसे में इन आपराधिक तत्वों को हराने के लिए आमजन को एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशियों को मतदान करना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर उन्हें बदला देने का मौका हरगिज न देना।मोदी ने समाजवादी

पार्टी को गरीब विरोधी ठहराते हुए कहा कि सत्ता में रहने के दौरान इस दल ने गरीब का जीवन आसान बने इसके लिए कोई काम नहीं किया और न ही ये कभी करेंगे। ये अफवाहवादी हैं और इनकी पूरी कोशिश थी कि कोरोना का मुफ्त टीका गरीबों को न लग सके। किंतु, केंद्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने परिवारवादियों की कोशिशों पर पानी फेर दिया, क्योंकि आज प्रदेश में गरीबों की सरकार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने योगी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त गिनाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों का जाल बिछा दिया है। जो योगी आदित्यनाथ की सरकार में हो रहा है, वो हिंदुस्तान में कभी नहीं हुआ है। अब दिल्ली से गरीब, दलित, पिछड़ों के लिए निकला राशन का हर दाना उसके हकदार के पास जाता है। उन्होंने जनता से आगाह करते हुए कहा कि परिवारवादी पार्टी के लोग इस समय इतने बौखलाए हुए हैं कि ठान कर बैठे हैं कि मौका मिलते ही सबसे पहले गरीब के लिए चल रही सारी योजनाओं को बंद कराएंगे। इसलिए, ऐसे लोगों को कभी मौका मत देना। उन्होंने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में जिन्हें (सपा) सबक सिखाया, उन्हें अब लगा है कि विकास की बात किए बिना कोई चारा नहीं है। इसलिए उन्हें अब विकास भी याद आने लगा है। ऐसे ही परिवारवादियों के लिए काका हाथरसी ने कहा है- ह्यमन मैला, तन उजला, भाषण लच्छेदार,ऊपर सत्याचार है, भीतर भ्रष्टाचारह्न। प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश में ऐसा मुख्यमंत्री है जिस पर विरोधियों ने भी कभी भ्रष्टाचार का आरोप लगाने की कोशिश नहीं की है। इसके उलट, यहां पहले जो मुख्यमंत्री रहे हैं, उन पर कैसे-कैसे आरोप हैं, ये प्रदेश के लोग अच्छे से जानते हैं ।

भाजपा के साथ है उत्तराखंड का भविष्य

अल्मोड़ा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तराखंड में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों की नीति जनता में फूट डालकर लूट मचाने की रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार इससे उलट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास' के संकल्प के साथ काम कर रही हैं। भाजपा सरकार ही उत्तराखंड को असल में उज्जवल भविष्य की ओर ले जा सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने पहले चरण में उत्तर प्रदेश में हुए मतदान को भाजपा के पक्ष में बताया और कहा कि पार्टी वहां पर पहले से भी अधिक सीटें हासिल करेगी। मुस्लिम यूनिवर्सिटी के मुद्दे पर एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ह्यउत्तराखंडियतह्न को खंड-खंड करने की कोशिश की जा रही है और यूनिवर्सिटी के नाम पर तुष्टीकरण का जहर घोला जा रहा है। इस विभाजनकारी सोच से देव भूमि की पवित्रता नष्ट नहीं होने दी जाएगी। वैक्सीनेशन को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यही लोग कह रहे थे कि गांव तक वैक्सीन पहुंच ही नहीं सकती। वहीं भाजपा सरकार ने उत्तराखंड के लोगों को कोरोना से बचाने के लिए दिन रात मेहनत की। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन कार्यक्रम चलाया गया और उत्तराखंड उन राज्यों में शामिल है जहां शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो गया है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) मुख्य कार्यकारी अधिकारी : पंकज मिश्र, संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)